

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 शिखर धवन का क्रिकेट से संन्यास...

2 साल में 2 लाख युवाओं को नौकरी देगी सरकार, सीएम योगी का बड़ा ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 134 | नई दिल्ली, रविवार, 25 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 91,700 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम मोदी आज महाराष्ट्र व राजस्थान जाएंगे

नई दिल्लीप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव और राजस्थान के जोधपुर का दौरा करेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा शनिवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी। विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे महाराष्ट्र में जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन में भाग लेंगे और शाम करीब 4:30 बजे प्रधानमंत्री जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जयंती समारोह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। महाराष्ट्र में श्री मोदी जलगांव के कार्यक्रम में 11 लाख नई लखपति दीदियों को प्रमाण-पत्र जारी करेंगे और सम्मानित करेंगे। ये महिलायें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान लखपति बनी हैं। विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी देश भर से कार्यक्रम में जुड़ी कुछ लखपति दीदियों से भी बातचीत करेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर 2,500 करोड़ रुपये का रिवॉल्विंग फंड जारी करेंगे, जिससे 4.3 लाख स्वयं सहायता समूहों के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा। वह 5,000 करोड़ रुपये का बैंक ऋण भी वितरित करेंगे, जिससे 2.35 लाख एसएचजी के 25.8 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा।

### आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाना न्याय नहीं बर्बरता: खड़गे-प्रियंका

नईदिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपराध के बदले घर पर बुलडोजर चला कर परिवार को छत विहीन करने को अन्याय और बर्बरता करार देते हुए कहा है कि यह अमानवीयता और इसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि किसी अपराधी को सजा देने के लिए उसके घर पर बुलडोजर चलाने को न्याय नहीं कहा जा सकता है। किसी भी सभ्य समाज में अपराध के बदले आरोपी के परिवार को बुलडोजर से उनकी छत तोड़कर सजा नहीं दी जा सकती। यह न्याय नहीं अन्याय है और कानून की अवधारणा है इसलिए इसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए। श्री खड़गे ने कहा, किसी का घर तोड़ना और उसके परिवार को बेघर करना अमानवीय भी है और अन्यायपूर्ण भी। भाजपा शासित राज्यों में अल्पसंख्यकों को बार-बार निशाना बनाना परेशान करने वाला है। कानून के समाज में ऐसे कार्य स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने इसे अमानवीय कार्रवाई करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कांग्रेस इसे संविधान की घोर अवहेलना तथा नागरिकों में भय पैदा करने की रणनीति मानती है और आरोपी के घर को तोड़ने के लिए बुलडोजर के इस्तेमाल के लिए भाजपा सरकारों की कड़ी निंदा करती है। अराजकता प्राकृतिक न्याय का स्थान नहीं ले सकती-अपराधों का फैसला राज्य प्रायोजित व्यवस्था से नहीं बल्कि अदालतों में होना चाहिए।

### बदलापुर की घटना से देश में महाराष्ट्र की छवि खराब हुई है: शरद पवार

पुणे (महाराष्ट्र)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि बदलापुर के एक स्कूल में केजी में पढ़ने वाली दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न की घटना से देश में महाराष्ट्र की छवि खराब हुई है। पवार ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि वह यह भूल गई है कि महिलाओं की सुरक्षा उसकी जिम्मेदारी है। पुणे में मौन प्रदर्शन में शामिल हुए पवार ने कहा कि यदि सरकार सोचती है कि विपक्ष बदलापुर की घटना पर राजनीति कर रहा है तो वह असंवेदनशील है। राकांपा (एसपी) प्रमुख पवार ने कहा, बदलापुर की घटना से देश में महाराष्ट्र की छवि खराब हुई है।

# शांति के हर प्रयास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है भारत : मोदी

## पोलैंड और यूक्रेन की यात्रा के बाद स्वदेश लौटे पीएम

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पोलैंड और यूक्रेन की अपनी दो देशों की यात्रा पूरी करने के बाद शनिवार को स्वदेश लौट आए। पीएम मोदी 21 और 22 अगस्त को पीएम पोलैंड की यात्रा पर थे, जबकि 23 अगस्त को उन्होंने यूक्रेन का दौरा किया। पीएम मोदी का यह दौरा बेहद अहम रहा। बता दें कि पोलैंड की यात्रा पर 45 साल बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री गया। इससे पहले 1979 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने पोलैंड की यात्रा की थी। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन की यात्रा भी किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 1991 में रूस से यूक्रेन के अलग होने के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यूक्रेन की मेरी यात्रा ऐतिहासिक थी। मैं भारत-यूक्रेन मित्रता को और प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से इस महान देश में आया था। राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ मेरी बातचीत सार्थक रही। भारत का दृढ़ विश्वास है कि शांति हमेशा बनी रहनी चाहिए। मैं यूक्रेन की सरकार और लोगों को उनके आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं। पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के



साथ मरियिंस्की पैलेस में द्विपक्षीय वार्ता की। इसके बाद उन्होंने रूस और यूक्रेन युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों को बिना समय गंवाए बातचीत शुरू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक साथ बैठना चाहिए और इस संकट से बाहर आने के रास्ते तलाशने चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दिनों जब मैं एक बैठक के लिए रूस गया तो मैंने वहां भी साफ-साफ शब्दों में कहा कि किसी भी समस्या का समाधान कभी भी रणभूमि में नहीं होता। समाधान केवल बातचीत, संवाद और कूटनीति के माध्यम से होता है और हमें बिना समय बर्बाद किए उस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। दोनों पक्षों को एक साथ बैठना चाहिए और इस संकट से बाहर आने के रास्ते तलाशने चाहिए। जब आज हम रूबरू मिल रहे हैं, तब मैं यूक्रेन की धरती पर आज बच्चों की शहादत की उस जगह को देखकर आया और मेरा मन भरा हुआ है। मैं आज आप से शांति की ओर आगे बढ़ने के मार्ग पर विशेष रूप से चर्चा करना चाहूंगा। मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि भारत शांति के हर प्रयास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अगर मैं व्यक्तिगत रूप से इसमें योगदान दे सकता हूं, तो मैं ऐसा जरूर करना चाहूंगा। एक मित्र के रूप में, मैं आपको इसका विश्वास दिलाता हूं।

**मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डा से संबंधित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की, दिये निर्देश**

# चूनापुर सैन्य हवाई अड्डा के विकास कार्यों में लाएं तेजी : सीएम नीतीश

## एयरपोर्ट के फंक्शनल हो जाने से दो-तीन प्रमंडल के लोगों को होगी सुविधा



### सीएम ने काझा कोठी के जीर्णोद्धार कार्य का भी किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने काझा गांव स्थित काझा कोठी में स्थापित भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व भोला पासवान शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने काझा कोठी के जीर्णोद्धार कार्य एवं काझा कोठी झील का मुआयना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 19.20 करोड़ रुपए की लागत से पूर्णिया में नवनिर्मित मॉडल थाना भवन रूपौली, मॉडल थाना भवन चंपा नगर एवं क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन तथा 25.93 करोड़ रुपए की लागत से पूर्णिया जिला में निर्मित होनेवाले 4 थाना भवनों का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास भी किया।

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पूर्णिया के चूनापुर सैन्य हवाई हड्डा स्थित सभाकक्ष में हवाई अड्डा से संबंधित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चूनापुर सैन्य हवाई अड्डा के विकास कार्यों में और अधिक तेजी लाकर इसे यथा शीघ्र पूर्ण कराएं। इस एयरपोर्ट के फंक्शनल हो जाने से आस-पास के दो-तीन प्रमंडल के लोगों को काफी सुविधा होगी। हवाई सफर के लिए लोगों को बागडोगरा नहीं जाना पड़ेगा। लोग यहीं से आवागमन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि चूनापुर सैन्य हवाई अड्डा तक यात्रियों के सुचारू आवागमन हेतु बेहतर सड़क-संपर्कता सुनिश्चत होनी चाहिए। यहां लोगों के बैठने एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। हम बराबर यहां आते रहे हैं और यहीं से आस-पास के इलाकों में लोगों से मिलने एवं विकास कार्यों को देखने का काम करते रहे हैं। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक से पूर्व चूनापुर हवाई अड्डे का एरियल सर्वे किया। इससे पहले समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने मुख्यमंत्री को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से चूनापुर सैन्य हवाई अड्डा के प्रस्तावित सिविल एन्क्लेव के निर्माण हेतु अधिग्रहित की गई भूमि, रन-वे की लंबाई, रोड कनेक्टिविटी सहित अन्य विकास कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा बैठक के क्रम में एयर वाइस मार्शल एस के माथुर एवं नागरिक उड्डयन के जीएम, आर्किटेक्चर ने चूनापुर सैन्य हवाई अड्डा के विकास कार्यों के संबंध में अपने-अपने सुझाव भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखे।

**मुख्यमंत्री ने लगाए गए स्टॉल का किया अवलोकन :** मुख्यमंत्री ने काझा कोठी प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, सतत जीविकोपार्जन योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के लाभुकों को चेक एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने काझा कोठी के प्रांगण में पौधा रोपण किया। स्थानीय जन प्रतिनिधिओं एवं नेताओं ने मुख्यमंत्री को मखाना की बड़ी माला एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

**ये रहें मौजूद :** इस अवसर पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, विधायक विजय कुमार खेमका, पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा, पूर्व सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, आयुक्त पूर्णिया प्रमंडल संजय दूबे, पुलिस उप महानिरीक्षक पूर्णिया प्रक्षेत्र विकास कुमार, जिलाधिकारी पूर्णिया कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक पूर्णिया उपेंद्र नाथ वर्मा, एयर वाइस मार्शल एस के माथुर, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारीगण, मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस के प्रतिनिधि सहित अन्य मा राक्ति एवं वरीय अधिकारीगण जास्थित थे।

# सरकारी कर्मचारियों के लिए नई पेशन स्कीम का एलान

## अब एनपीएस की जगह एकीकृत पेंशन योजना

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सरकारी कर्मचारियों में पुरानी पेंशन स्कीम की जोर पकड़ती मांग के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा एलान किया है। बताया गया है कि सरकार ने नई पेंशन स्कीम की जगह अब सरकारी कर्मियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम यानी एकीकृत पेंशन योजना लॉन्च करने का फैसला किया है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इसे लेकर सहमति बनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को एकीकृत पेंशन योजना को मंजूरी दे दी, जिसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को सुनिश्चित पेंशन, पारिवारिक पेंशन और सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन प्रदान करना है। इस बीच, राज्य सरकारों को भी एकीकृत पेंशन योजना चुनने का विकल्प दिया



जाएगा। अगर राज्य सरकारें यूपीएस चुनती हैं, तो लाभार्थियों की संख्या करीब 90 लाख हो जाएगी। सरकार के मुताबिक बकाया राशि (एरियर) पर 800 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। पहले साल में सालाना लागत में करीब 6,250 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी होगी। यह योजना 1 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगी। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन योजना और यूपीएस में से किसी एक को चुनने का विकल्प दिया जाएगा। मौजूदा केंद्र सरकार के एनपीएस ग्राहकों को यूपीएस में स्विच करने का विकल्प भी दिया जाएगा। कैबिनेट के फैसले का एलान करते हुए केद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देशभर में सरकारी कर्मचारियों की तरफ से हमेशा मांग आती रही कि एनपीएस स्कीम में सुधार किया जाए। इस सुधार के लिए अप्रैल 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कमेटी बनाई थी। डॉ सोमनाथन इस कमिटी के चेयरमैन थे। इस कमिटी ने 100 से अधिक सरकारी कर्मचारी संगठनों के साथ बात की। करीब सभी राज्यों के साथ इस कमिटी ने बातचीत की। राज्य सरकारों के कर्मचारियों के संगठनों को भी तरजीह दी गई। पीएम ने इस विषय को गंभीरता से लिया था। कमिटी की सिफारिश के आधार पर सरकार ने एकीकृत पेंशन स्कीम को मंजूरी दी है।

# 2026 तक देश पूरी तरह से नक्सल समस्या से होगा मुक्त : शाह

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई अंतिम चरण में है। हम मार्च 2026 तक देश को पूरी तरह से नक्सल समस्या से मुक्त कर देंगे। अब समय आ गया है कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या पर एक मजबूती के साथ रुथलेस रणनीति के साथ अंतिम प्रहार किया जाए। उग्रवाद हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बड़ा चैलेंज है। ये बातें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर के मेफेयर लेक रिसोर्ट में नक्सल प्रभावित सात राज्यों की अंतरराज्यीय समन्वय समिति की बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि आज की मीटिंग में मेरे साथी नित्यानंद, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,



डिप्टी सीएम, डीजी और डीआईजी उपस्थित रहे। आज की मीटिंग में छत्तीसगढ़ से जुड़े हुए सभी राज्यों के डीजी और चीफ सेक्रेटरी बुलाए गए थे, क्योंकि हम छत्तीसगढ़ की नक्सल समस्या को एड्रेस करते हुए पड़ोसी राज्यों का इको सिस्टम भी मजबूत होना जरूरी है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर की प्रगति और उसकी समस्याओं को दूर करने के संबंध में यह मीटिंग थी। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों में केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का 100 प्रतिशत क्रियान्वयन हो रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर के जो प्रोजेक्ट हैं उनकी प्रगति और प्रगति के रास्ते में जो बाधायें आ रही हैं, उसे दूर करने के लिए यह बैठक थी और कल यानी रविवार को भी होगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों की मृत्यु में 73 प्रतिशत और नागरिकों की मृत्यु में 69 प्रतिशत की कमी आई है। साल 2004 से 2014 तक 16 हजार 463 घटनाएं हुईं। साल 2014 से 2024 तक 7 हजार 744 घटनाएं हुईं। इनमें 53 प्रतिशत घटनाओं में कमी आई है। इसमें नागरिकों और सुरक्षा बलो की मृत्यु में पहले 10 साल में 6 हजार 617 सुरक्षाकर्मियों और नागरिक की मृत्यु हुई थी अब इसमें 70 फीसदी कमी आई है।

# भारत ने किया पहला पुन: प्रयोज्य हाइब्रिड रॉकेट रुमी का सफल प्रक्षेपण

प्रात : किरण

चेन्नई/एजेंसी। तमिलनाडु में मोबाइल लॉन्चपैड से देश का पहला पुनः प्रयोज्य हाइब्रिड रॉकेट रुमी का प्रक्षेपण शनिवार सुबह सफलतापूर्वक हुआ। आज सुबह 07.07 बजे तीन क्यूब सैटेलाइट और 50 पिको सैटेलाइट ले जाने वाले रुमी रॉकेट का प्रक्षेपण ईसीआर पर चेंगलपेट के थिरुविदंधई तटीय गांव में मोबाइल लॉन्च पैड से हुआ जो भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। मिशन के लिए सरकार, नागरिक उड्डयन, आईएएफ तांबरम और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से सभी आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद एक ट्रक पर लगे हाइड्रोलिक लॉन्चर का उपयोग करके प्रक्षेपण किया गया। तमिलनाडु की उभरती हुई एयरो-टेक कंपनी स्पेस जोन इंडिया ने मिशन रुमी 2024 को तैयार किया है जो भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में अपनी तरह का पहला मील का पत्थर साबित हुआ है। इस मिशन के माध्यम से कंपनी ने मोबाइल लॉन्चपैड पर भारत का पहला पुनः प्रयोज्य हाइब्रिड रॉकेट लॉन्च किया, जो दक्षता में सुधार और परिचालन लागत को कम करने के लिए तरल ऑक्सीडाइजर और ठोस ईंधन प्रणोदक प्रणालियों दोनों के लाभों को मिलाकर प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करेगा। स्पेस जोन इंडिया के संस्थापक और सीईओ डॉ. आनंद मेगालिंगम ने कहा, यह मोबाइल लॉन्च सिस्टम हमें किसी भी स्थान से आसानी से विभिन्न लॉन्च परिदृश्यों के सटीक नियंत्रण की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि रुमी 1 रॉकेट तीन क्यूब उपग्रहों को लेकर गया, जिन्हें ब्रह्मांडीय विकिरण तीव्रता, यूवी विकिरण तीव्रता, वायु गुणवत्ता और अधिक सहित वायुमंडलीय स्थितियों पर डेटा की निगरानी और संग्रह करने के लिए डिजाइन किया गया था। उन्होंने बताया कि रॉकेट ने 50 अलग-अलग पिको उपग्रहों को तैनात किया जिनमें से प्रत्येक कंपन, एक्सेलेरोमीटर रीडिंग, ऊंचाई, ओजोन स्तर, विषाक्त सामग्री और फाइबर के प्राकृतिक और सिंथेटिक आणविक बंधन जैसे वायुमंडलीय स्थितियों के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के लिए समर्पित है।

# रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामला : लालू प्रसाद व तेजस्वी को राहत

## कोर्ट ने समन को टाला, 7 सितंबर को अगली सुनवाई

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। रेलवे में नौकरी देने के बदले जमीन मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। शनिवार को सुनवाई के दौरान दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ समन का आदेश टाल दिया है। कोर्ट ने आरोपियों को समन भेजने के मामले पर सुनवाई कर फैसला सुरक्षित रखा था। अब इस मामले पर 7 सितंबर को अगली सुनवाई होगी।

**रेलवे ग्रुप डी की नियुक्तियों से जुड़ा मामला :** ईडी ने अदालत को बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत



हैं। ईडी ने सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर अपने मामले दायर किए। ईडी ने कहा कि यह मामला मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है। दरअसल, राजद लालू प्रसाद जब केंद्र में रेल मंत्री थे, उस वक्त रेलवे के ग्रुप डी में हुई बहाली में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया था। आरोप था कि लालू प्रसाद ने रेल मंत्री रहते हुए लोगों से जमीन और फ्लैट लेकर उसके बदले रेलवे में नौकरी दी। इस मामले की जांच सीबीआई और ईडी दोनों कर रहे हैं। आरोप है कि लालू ने अपने और अपने परिवार के लोगों के नाम पर ये जमीनें रजिस्ट्री कराई हैं। इस मामले में लालू प्रसाद के अलावे उनकी पत्नी राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मीसा भारती, हेमा यादव समेत अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। सीबीआई और ईडी अलग-अलग जांच कर रही हैं। ईडी ने बीते 6 अगस्त को कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी। जिसपर आज कोर्ट में सुनवाई हुई और अदालत ने आरोपियों के खिलाफ समन के आदेश को टाल दिया। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनवाई के लिए 7 सितंबर की तिथि निर्धारित की है।

**सम्मेलन** | गोलमेज सम्मेलन में राजनाथ सिंह ने अमेरिकी एनएसए से रणनीतिक मामलों पर की चर्चा

# अमेरिका ने दी भारत को 52.8 मिलियन डॉलर से विदेशी सैन्य बिक्री की मंजूरी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की यात्रा के दौरान अमेरिका ने भारत को 52.8 मिलियन डॉलर से पनडुब्बी रोधी युद्ध सोनोबॉय और संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दे दी है। इसका ऐलान वाशिंगटन डीसी के पेंटागन में अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद किया गया है। राजनाथ सिंह ने एक गोलमेज सम्मेलन में अग्रणी अमेरिकी रक्षा कंपनियों के साथ सार्थक बातचीत की है। साथ ही अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारजेक सुलिवन से मिलकर आपसी हित के प्रमुख रणनीतिक मामलों पर चर्चा की है। अमेरिकी रक्षा



विभाग की रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने एक बयान में कहा है कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भारत को 52.8 मिलियन डॉलर की अनुमानित लागत पर पनडुब्बी रोधी युद्ध सोनोबॉय और संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दे दी है। भारत सरकार ने अमेरिका से हाई एल्टीट्यूड एंटी-सबमरीन वारफेयर सोनोबॉय और कई अन्य उपकरण खरीदने का अनुरोध किया है। डीएससीए के बयान में कहा गया है कि यह उपकरण भारतीय नौसेना की आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। इसमें कहा गया है कि प्रस्तावित बिक्री अमेरिका-भारत रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के साथ अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों का समर्थन करेगी, जो भारत-प्रशांत और दक्षिण एशिया क्षेत्रों में राजनीतिक स्थिरता, शांति और आर्थिक प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति है। भारत और अमेरिका ने पिछले साल रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप को अपनाया था। इसका उद्देश्य हवाई युद्ध और भूमि गतिशीलता प्रणालियों, खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही, युद्ध सामग्री और समुद्री क्षेत्र सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी सहयोग और सह-उत्पादन को गति देना है। यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम और इंडिया एनर्जी स्टोरेज एलायन्स की साझेदारी में ह्यहाइड्रोजन और भंडारण पर यूएस-भारत साझेदारी पर एक उच्च स्तरीय गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया। इस कार्यक्रम में अमेरिकी ऊर्जा विभाग के उप सचिव डेविड एम. तुर्क, अंतरराष्ट्रीय मामलों के लिए ऊर्जा के सहायक सचिव डॉ. एंड्रयू लाइट और भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के संयुक्त सचिव अजय यादव शामिल हुए। सम्मेलनमें दोनों देशों के लिए स्थायी ऊर्जा समाधान को आगे बढ़ाने में हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियों के महत्व पर जोर दिया गया। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में मेक इन इंडिया के लिए उन्हें भारतीय भागीदारों के साथ काम करने के लिए आमंत्रित किया गया।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस : मुख्य आरोपित और 6 अन्य का पॉलीग्राफ टेस्ट शुरू

प्रात : किरण

कोलकाता/एजेंसी। राज्य संचालित आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में मुख्य आरोपित और छह अन्य व्यक्तियों का पॉलीग्राफ टेस्ट शनिवार से शुरू हो गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।मुख्य आरोपित संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट प्रेसिडेंसी जेल में किया जा रहा है, जहां वह बंद है। जबकि अन्य छह लोगों का टेस्ट एजेंसी के कार्यालय में किया जाएगा। इनमें पूर्व प्राचार्य संदीप घोष, घटना की रात ड्यूटी पर रहे चार डॉक्टर और एक अन्य सिविल वॉलंटियर शामिल हैं। दिल्ली के केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) से पॉलीग्राफ विशेषज्ञों की टीम इन परीक्षणों को करने के लिए कोलकाता पहुंची है।

22 अगस्त को सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि स्थानीय पुलिस ने पोस्ट-ग्रेजुएट डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले को दबाने की कोशिश की थी, क्योंकि जब तक संघीय एजेंसी ने जांच शुरू की, तब तक अपराध स्थल को बदल दिया गया था। इस अस्पताल के सेमिनार हॉल में जूनियर डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या ने व्यापक जनाक्रोश को जन्म दिया है। 9 अगस्त की सुबह अस्पताल के चेस्ट विभाग के सेमिनार हॉल के अंदर गंभीर चोटों के निशान के साथ प्रशिक्षु डाक्टर का शव मिला था, जिसके अगले दिन आरोपित संजय रॉय को गिरफ्तार किया गया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 25 अगस्त, 2024



# उत्तराखंड की धामी सरकार ने विधायकों को दिया बड़ा तोहफा, वेतन-भत्तों में कर दी जबरदस्त बढ़ोतरी

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के विधायकों वेतन-भत्तों और सुविधाओं में वृद्धि करने का सरकार ने अहम कदम उठाया है। इस प्रावधान के बाद विधायकों के कुल वेतन-भत्तों में करीब एक लाख रुपये तक की वृद्धि हो जाएगी। इस संबंध में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का कहना है कि विधायकों की सुविधाओं को व्यावहारिक रूप से ही बढ़ाया जा रहा है। बताया कि इस मुद्दे पर गठित तदर्थ कमेटी ने केवल उन्हीं सिफारिशों को स्वीकार किया गया है, जो राज्य के परिप्रेक्ष्य में उपयुक्त थी। विधानसभा में उत्तराखंड राज्य विधानसभा विविध संशोधन विधेयक-2024 पारित हो गया है।

इस विधेयक के जरिए सरकार विधायकों के वेतन-भत्ते और सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रावधान किया गया है। इसके बाद विधायकों के वेतन-भत्तों में कुल एक लाख रुपए तक की वृद्धि हो जाएगी। वित्त मंत्री का कहना है कि विधायकों द्वारा वेतन भत्तों में संशोधन की पैरवी लंबे समय से की जा रही थी। इसको देखते हुए तदर्थ समिति का गठन किया गया था। समिति ने अपनी



रिपोर्ट में कई बदलाव करने की सिफारिश की थी। जैसे कि ड्राइवर का मानदेय अब तक 12,000 रुपये था। वर्तमान समय में इस राशि में ड्राइवर मिलना भी मुश्किल हो रहा था। अब इस राशि को बढ़ाकर 20 हजार रुपये कर दिया गया है। इसी तरह से फोन, रेलवे कूपन आदि के भत्ते में भी बदलाव किए गए हैं। विधायकों को कर्मचारियों के समान कैशलेस सुविधा भी इसी आधार पर देने की सहमति दी गई है।

अभी तक विधायकों को वेतन-भत्तों सहित 2.90 लाख रुपये मिलते हैं। रेलवे के लिए दिए जाने वाले भत्ते का इस्तेमाल न होने पर उस भत्ते का विधायकों को भुगतान कर दिया जाएगा जो लगभग 70,000 के करीब है। विधायकों के वेतन में भी इजाफा किया गया है। विधेयक के पास होने के बाद अब विधायकों का वेतन-भत्ता करीब चार लाख रुपये हो जाएगा।

दूसरी तरफ विधायकों के वेतन-भत्तों को बढ़ाने का विरोध भी हो रहा है। लोग सोशल मीडिया में भी तरह-तरह के कमेंट कर वेतन-भत्ते बढ़ाने के निर्णय का मजाक उड़ा रहे हैं। कोई वेतन-भत्ते बढ़ाने के समाचार की कटिंग सोशल मीडिया में लगाकर कह रहा है कि अब विधायक अपना इलाज विदेश में करवाएंगे, तो कोई कह रहा है कि महंगाई के मारे इन लोगों को बस इतना ही, हद है। वहीं लोग यह भी लिख रहे हैं कि इतनी सी बढ़ोतरी से इनका भला कैसे होगा।

धामी सरकार का फैसला

उत्तराखंड की धामी 2.0 सरकार ने वर्ष 2023 में दायित्वधारियों के मानदेय में भी वृद्धि की थी। धामी सरकार ने दायित्वधारियों के मानदेय में वृद्धि करते हुए 45,000 रुपये तय किए थे, जबकि किराए की टैक्सी के लिए बढ़ी हुई दर से हर महीने 80,000 रुपये देने का निर्णय लिया गया था। 26 अक्टूबर 2023 को दायित्वधारियों को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर अलग से शासनादेश जारी किया गया था। इसमें मानदेय के बारे में कोई जिक्र नहीं किया गया था, लेकिन दिसंबर महीने में उस आदेश को संशोधित कर दायित्वधारियों के मानदेय को स्पष्ट करते हुए 45,000 रुपए करने का आदेश जारी किया गया था।

## छमनियां में निर्माणाधीन स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रेक बनने से खुशी

**लोहाघाट (चंपावत), एजेंसी।** नगर के पास छमनियां में निर्माणाधीन स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रेक बनाए जाने पर वायुरथ महोत्सव समिति ने खुशी जताई है। समिति ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताने के साथ एक मांगपत्र सौंपा।

महोत्सव समिति के अध्यक्ष श्याम चौबे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सचिन जोशी, ग्राम प्रधान भुवन चौबे, क्षेत्र पंचायत सदस्य गौरव पांडेय, योगेश ओली, ललित मोहन ओली, भोला दत्त चतुर्वेदी आदि ने कहा कि छमनियां में स्टेडियम तैयार होने से स्थानीय युवाओं को खेलों की अनेक सुविधाएं मिलेंगी और राज्य स्तरीय खेल भी यहां पर आयोजित होंगे। बाहरी स्थानों के खिलाड़ियों के यहां आने से क्षेत्र की पर्यटन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ खेलों को रोजगार से जोड़ने का भी माध्यम प्राप्त होगा। महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की स्वीकृति मिलने से बालिकाओं में खेलों के प्रति रुझान बढ़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग बच्चों की मारपीट के बाद पुलिस ने कराई काउंसलिंग

**काशीपुर, एजेंसी।** नाबालिग बच्चों के बीच हुई मारपीट का वीडियो वायरल होने का पुलिस ने संज्ञान लेते हुए उनके माता-पिता के सामने काउंसलिंग कराई। उन्होंने ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न होने की हिदायत दी गई।

बीते मंगलवार को मोहल्ला आवास-विकास में नाबालिग बच्चों के बीच हुई मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था। एसपी अभय सिंह ने इस मामले को संज्ञान लेते हुए टांडा उज्जैन पुलिस चौकी प्रभारी मनोज जोशी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। चौकी प्रभारी ने वायरल वीडियो में दिख रहे तीन बच्चों को चिह्नित किया और माता-पिता के साथ चौकी बुलाया। यहां माता-पिता की मौजूदगी में बच्चों की काउंसलिंग कराई गई।

### शिविर में सौ से अधिक पशुओं का किया उपचार

**खटीमा, एजेंसी।** 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की ओर से बृहस्पतिवार को कालापुल के पास निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. गुरविंदरजीत सिंह ने ग्रामीणों के 100 से अधिक पशुओं का निशुल्क उपचार किया गया। शिविर में ग्रामीणों को पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारियों और पशुधन बीमा योजना की भी जानकारी दी गई। वहां ग्राम प्रधान रीती कोहली आदि थे।

### स्वास्थ्य शिविर में 335 मरीजों का परीक्षण

**गदरपुर, एजेंसी।** सीएचसी में आयोजित आयुष्मान चिकित्सा शिविर में 335 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बृहस्पतिवार को एसटीएच हल्द्वानी से पहुंचे चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. चिराग सैनी ने 95, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जूही चंद्रा ने 90, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिका देऊपा ने 30, फिजिशियन डॉ. रवि सिंह ने 85 और सर्जन डॉ. सुमित भूटानी ने 35 मरीजों का परीक्षण किया। इससे पहले शिविर का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने किया। मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव सरना, डॉ. अंजनी कुमार, डॉ. राजीव चौहान आदि मौजूद थे।

### जाखन नदी में आए उफान से सूर्यधार-सनगांव मार्ग का एक हिस्सा बहा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** डोईवाला और डोईवाला से सटे हुए टिहरी क्षेत्र के पहाड़ों में पिछले कुछ घंटों के दौरान हुई भारी बारिश के कारण जाखन नदी में इस सीजन का सबसे अधिक पानी आया। जिससे सूर्यधार-सनगांव मार्ग का एक हिस्सा पूरी तरह नदी में समा गया। जिससे दर्जनों पहाड़ी गांवों के सैकड़ों लोगों को आवाजाही करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार रात हुई भारी बारिश के बाद बुधवार सुबह जब लोग सूर्यधार-सनगांव से भोगपुर थानो मार्ग मुख्य मार्ग की तरफ जाने लगे तो उन्हे सूर्यधार-सनगांव मार्ग का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त दिखाई दिया। इससे पहले सोमवार को जाखन नदी के तेज बहाव में इसी मार्ग की सुरक्षा दीवार और पुश्ता तेज बहाव में बह गया था। सुरक्षा दीवार और पुश्ता बहने के बाद इसी स्थान से बुधवार को मार्ग का एक हिस्सा भी नदी में समा गया।

### नहर में डूबा युवक, दो बहनों को बचाया

**श्यामपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र में नहर में नहाते समय डूबकर एक युवक लापता हो गया, जबकि दो बहनों को एक राहगीर ने डूबने से बचा लिया। पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर युवक की तलाश की, मगर कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस के अनुसार, घटना बृहस्पतिवार की देर शाम की है। शिवानी (19) पुत्री कैलाश व उसकी बहन डोली (15) निवासी ग्राम मंगोलपुरा थाना श्यामपुर राहुल नाम के युवक के साथ नहर पर आए थे। तीनों नहर में नहाने लगे। अचानक डोली का पैर फिसल गया और वह नहर मे गिर गई। उसे बचाने के लिए शिवानी भी कूद गई। पीछे राहुल ने भी दोनों को बचाने के लिए छलांग लगा दी। यह देख पशु चरा रहे मुमताज पुत्र आमलगीर निवासी मुठालसौंत गाजीवाली ने गमछा पानी में डालकर बचाने का प्रयास किया, लेकिन राहुल डूबकर लापता हो गया। दोनों बहनों ने नहर के किनारे पेड़ की शाखाओं को पकड़ लिया।

## रामगंगा नदी पर बने स्नान घाट की मरम्मत की मांग




**भिकियासैंण (अल्मोड़ा), एजेंसी।** गंगा आरती सेवा समिति ने एसडीएम भिकियासैंण को ज्ञापन देकर रामगंगा नदी पर बने स्नान घाट की मरम्मत की मांग उठाई है।

ज्ञापन में समिति के सदस्यों ने कहा कि स्थानीय लोगों की लंबी मांग के बाद बमुश्किल रामगंगा नदी पर नगर पंचायत ने स्नान घाट का निर्माण किया था। बीते दिनों हुई तेज बारिश के कारण रामगंगा नदी उफान पर आ गई और स्नान घाट को काफी नुकसान पहुंचा। कहा कि स्नान घाट में सल्ट, स्याल्दे, भिकियासैंण और चौखुटिया क्षेत्र के काफी लोग स्नान और गंगा आरती करने पहुंचते हैं। बारिश से हुए नुकसान के कारण अब श्रद्धालुओं को यहां काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सदस्यों ने एसडीएम सीमा विश्वकर्मा से इस मामले का संज्ञान लेकर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग उठाई है। ज्ञापन में कुबेर सिंह कड़ाकोटी, किशन सिंह मेहता, प्रेम सिंह बिष्ट, यूडी सत्यवली, मोहन सिंह नेगी, बालमनाथ, देवगिरी गोस्वामी, लक्ष्मीदत्त नैलवाल आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

## नंदा देवी मेला जारी, कदली वृक्षों का दिया निमंत्रण

**चौखुटिया (अल्मोड़ा), एजेंसी।** चौखुटिया के धनाण में स्थित मां नंदा देवी मंदिर में मेला जारी है। बृहस्पतिवार को यहां विधि विधान से कदली वृक्षों को आमंत्रण दिया गया। इस दौरान देव डंगरियों व मंदिर के सदस्यों ने देव दर्शन किए। कदली वृक्ष आमंत्रण कार्यक्रम में क्षेत्र के न्योनी, पैली, बसरखेत व नौगांव के ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। शुक्रवार को कदली वृक्षों को नंदा देवी मंदिर में ले जाया जाएगा। जहां उनकी पूजा अर्चना कर मां नंदा की मूर्ति बनाई जाएगी। शनिवार को विसर्जन के साथ मेले का समापन होगा।



## जिंदगी की अदालत में तनाव से हार गई रेवा, सुसाइड नोट में मानसिक रूप से परेशान होने का जिक्र

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** हाईकोर्ट की एक महिला अधिवक्ता घर की दूसरी मंजिल के कमरे में संदिग्ध हालात में पंखे से लटकी मिली। लोगों को यकीन नहीं हो रहा है कि 25 साल की रेवा इस तरह दुनिया से रुखसत होगी।

लोगों को यकीन नहीं हो रहा है कि 25 साल की रेवा इस तरह दुनिया से रुखसत होगी। हर किसी के जुबान पर यही सवाल है कि आखिर वे कौन सी परिस्थितियां रही होंगी कि कुछ साल पहले तक हंसती-खेलती युवती को एकाएक जिंदगी जीने से ज्यादा मौत को गले लगाना आसान लगा होगा।

रेवा सिंह ने अपनी मौत के पीछे कई अनसुलझे सवाल छोड़ गई है। करीब डेढ़ पेज के सुसाइड नोट में भी उसने किसी को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया है। बस यह जिक्र किया है कि वह मानसिक रूप से बहुत परेशान थी। स्थानीय लोगों के अनुसार माता-पिता के बीच काफी समय से मनमुटाव चल रहा है। वे अलग-अलग रहते हैं। इसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान रहती थी। यही जिक्र उसने अपने सुसाइड नोट में भी किया है।

लोगों ने बताया कि परिवार के सदस्य मोहल्ले में ज्यादा किसी से मेलजोल नहीं रखते थे। परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। एक बेटी की शादी हो चुकी है। पिता पहले काशीपुर में ही एक फैक्टरी में पार्टनर थे।

## टिहरी के गेंवाली गांव में अतिवृष्टि का कहर, घरों में घुसा मलबा, खेत हुए तबाह

**घनसाली (टिहरी), एजेंसी।** उत्तराखंड में बारिश का कहर जारी है। टिहरी जिले के भिलंगना ब्लॉक क्षेत्र में देर रात से हो रही बारिश से तबाही मची है। बीती रात को बूढ़ाकेदार क्षेत्र के गेंवाली गांव में अतिवृष्टि से काफी नुकसान हुआ है। राहत की बात रही कि लोग सचेत थे। जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

आपदा से कृषि भूमि, सिंचाई नहर, पेयजल योजनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। मालबा घुसने से एक स्कूल का भवन क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं, कई घरों और गौशालाओं को नुकसान हुआ है।

सूचना पर राजस्व विभाग, एसडीआरएफ और पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है। नुकसान का जायजा लिया जा रहा है।

वही, मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत चमोली, नैनीताल और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

बागेश्वर जिले में भारी से भारी बारिश का



ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में भी कई दौर की तेज बारिश होने के आसार हैं।

उधर, मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में कुछ पर्वतीय जिलों में मूसलाधार बारिश होने की आशंका जताई है। जिसके चलते संवेदनशील इलाकों में भूस्खलन होने के साथ नदियों का जलस्तर बढ़ सकता है।

## अल्मोड़ा-कौसानी सड़क के हाल हुए बेहाल

**सोमेश्वर (अल्मोड़ा), एजेंसी।** देखरेख के अभाव में अल्मोड़ा-कौसानी सड़क की दुर्दशा हो गई है। जगह-जगह [illegible] हादसों को दावत दे रहे हैं। स्थानीय लोगों की मांग के बाद भी इस मार्ग के सुधारीकरण का कार्य नहीं हो पा रहा है।

अल्मोड़ा-कौसानी मोटर मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहन आवाजाही करते हैं। इसी मार्ग पर कई स्कूल और डिग्री कालेज भी स्थित हैं लेकिन मार्ग की बदहाली के कारण यहां से गुजरने वाले स्कूली बच्चों, स्थानीय लोगों और सैलानियों का काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में सड़क पर बने गड्ढों में अक्सर पानी भर जाता है और सड़क तलैया में तब्दील हो जाती है। ।

गणेश जोशी, जेई, लोक निर्माण विभाग ने बताया कि



सड़क पर कोसी से सोमेश्वर तक सड़क मार्ग की मरम्मत का कार्य किया जाना है। लेकिन बारिश के चलते अभी कार्य शुरु नहीं हो पा रहा है। 15 सितंबर के बाद इस मार्ग के सुधारीकरण का कार्य शुरू कर लिया जाएगा।

## नहीं थम रहा आपदा का कहर ! बूढ़ाकेदार के गेंवाली में फटा बादल, लोगों ने घरों से निकलकर बचाई जान

**टिहरी, एजेंसी।** उत्तराखंड के टिहरी जिले के भिलंगना ब्लॉक क्षेत्र में दैवीय आपदा रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। इसमें स्थानीय लोगों को तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बीते माह से अतिवृष्टि व बादल फटने का सिलसिला लगातार जारी है। वहीं बीती रात यानि गुरुवार को बूढ़ाकेदार क्षेत्र के गेन्वाली गांव में बादल फटने की सूचना मिली है। गनीमत है कि जनहानि की कोई खबर सामने नहीं आई है।

दरअसल, बूढ़ाकेदार क्षेत्र में दैवीय आपदा ने एक बार फिर दस्तक दे दी। बीती रात गुरुवार को



क्षेत्र के गेन्वाली गांव में बादल फटने से स्थिति प्रतिकूल हो गई है। राहत की बात यह रही कि इस आपदा के दौरान लोग सचेत रहे और घर से निकलकर अपनी जान बचाई, जिस कारण जनहानि नहीं हुई। हालांकि मलबा और भूस्खलन से स्कूल, मकानों और खेतों को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं इस घटना की सूचना मिलने पर राजस्व, एसडीआरएफ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। फिलहाल इन टीमों के द्वारा आपदाग्रस्त क्षेत्र में नुकसान का जायजा लिया जा रहा है।

## तीर्थयात्रियों की संख्या में आई साढ़े चार लाख की गिरावट

**ऋषिकेश, एजेंसी।** चारधाम यात्रा में वर्ष 2023 की तुलना में इस वर्ष तीर्थयात्रियों की संख्या में करीब साढ़े चार लाख की गिरावट आई है। इसका कारण केदारनाथ धाम में हुई मूसलाधार बारिश के कारण हुई तबाही है। केदारनाथ का रास्ता बंद होने से तीर्थयात्रियों की संख्या लगातार कम हो रही है। यात्रा प्रशासन को उम्मीद है कि सितंबर माह से यात्रा गति पकड़ेगी।

यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में 20 अगस्त 2023 तक 37 लाख 28 हजार 571 तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे हैं। 20 अगस्त 2024 तक 32 लाख 72 हजार 968 तीर्थयात्री चारधाम दर्शन को पहुंचे है। जिसमें करीब साढ़े चार लाख (4 लाख 55 हजार 603) की कमी आई है।

चारधाम यात्रा प्रशासन के व्यक्तिक सहायक एके श्रीवास्तव ने बताया कि केदारनाथ धाम में सोनप्रयाग से आगे जाने के लिए मोटर मार्ग बाधित है। अब तीर्थयात्रियों के पास सोनप्रयाग से केवल पैदल मार्ग का ही विकल्प है। सोनप्रयाग से घोड़ा, खच्चर, डंडी कंडी आदि की भी कोई व्यवस्था नहीं है।

लंबा ट्रैक होने के कारण तीर्थयात्री केदारनाथ धाम जाने के लिए चारधाम यात्रा बस ट्रांजिट कैंप में पंजीकरण नहीं कर रहे हैं। बीते 20 अगस्त की बात करें तो केदारनाथ धाम जाने के लिए पंजीकरण काउंटर पर केवल चार तीर्थयात्रियों का पंजीकरण हुआ है। इसके अलावा यमुनोत्री धाम जाने के लिए 232, गंगोत्री धाम के लिए 425 और बदरीनाथ धाम जाने के लिए 782 तीर्थयात्रियों ने अपना पंजीकरण कराया है।

चारधाम यात्रा प्रशासन के व्यक्तिक सहायक एके श्रीवास्तव ने बताया कि केदारनाथ धाम जाने के लिए मार्ग क्षतिग्रस्त है। केदारनाथ धाम जाने के लिए हेली सेवा ही उपयुक्त है। केदारनाथ के लिए फाटा, सिरसी और गुप्तकाशी में हेलीपैड है, जहां करीब नौ हेली कंपनियां सेवा दे रही है। प्रदेश सरकार की ओर से तीर्थयात्रियों को 25 प्रतिशत छूट देने के आदेश है। तीर्थयात्री हेली सेवा से भी केदारनाथ धाम के दर्शन कर सकते हैं।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 25 अगस्त, 2024

## सीबीआई के षड्यंत्र का हुआ पर्दाफाश; अरविंद केजरीवाल को जेल में रखने के लिए सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट से बोला झूठ

### केजरीवाल जी को जेल में रखने के लिए भाजपा के एजेंडे पर सीबीआई कठपुतली बनकर नाच रही है-मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



सीएम अरविंद केजरीवाल को लंबे समय तक जेल में रखने के भाजपा की सीबीआई के षड्यंत्र का पूरे देश के सामने पर्दाफाश हो गया है। अरविंद केजरीवाल को जेल में रखने के लिए कल सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में झूठ बोला। इस विषय में ट्वीट करते हुए वरिष्ठ आप नेता व दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी को जेल में रखने के लिए भाजपा के एजेंडे पर सीबीआई कठपुतली बनकर नाच रही है। उन्होंने साझा किया कि, जिस दिन अदालत में जाकर सीबीआई कहती है कि जमानत याचिका पर हमारा जवाब तैयार नहीं है इसलिए जमानत की सुनवाई 14 दिन आगे बढ़ा दी जाए, उसी दिन सीबीआई का जवाब मीडिया में दे दिया जाता है ताकि सीबीआई का जवाब अगले दिन अखबारों की एकतरफा हैडलाइन बन सके।

उन्होंने कहा कि, हेडलाइन मैनेजमेंट के लिए कितनी भी साज़िशें रच लो, जीत तो एक दिन सच्चाई और ईमानदारी की ही होगी। एजेंसियों भले ही राजनीतिक इशारे पर नाचती हों लेकिन संविधान और न्याय हमेशा सच के साथ है। इस बारे में प्रेस-कॉन्फ्रेंस के जरिए साझा करते हुए वरिष्ठ आप नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने भी कहा कि, कोर्ट में कल सीबीआई ने जिस एफि डेविट को जमा करने के लिए 1 सप्ताह का समय माँगा आज वो एफि डेविट देश के हर अखबार में छपा है। सीबीआई का एफि डेविट तैयार था लेकिन सिर्फ. और सिर्फ.अरविंद केजरीवाल जी को कुछ और दिन तक जेल में रखने के लिए सीबीआई ने कल सुप्रीम कोर्ट में झूठ बोला। उन्होंने कहा कि, सीबीआई अखबारों और मीडिया में एफिडेविट देती है लेकिन सुप्रीम कोर्ट में नहीं देती क्योंकि उन्हें साज़िशन अरविंद केजरीवाल जी को जेल में रखना है लेकिन भाजपा कितने भी षड्यंत्र कर ले, जीत आखिकार सच्चाई की ही होगी; अरविंद केजरीवाल जी जल्द दिल्लीवालों के बीच आयेंगे और उइक-एऊ के माध्यम से रचा जा रहा भाजपा का हर षड्यंत्र फेल होगा।

आप नेता आतिशी ने कहा कि, सीबीआई अरविंद केजरीवाल जी के खिलाफ, आम आदमी पार्टी के खिलाफ षड्यंत्र रच रही है। ये षड्यंत्र पिछले 2 साल से चल रहा है लेकिन इस षड्यंत्र का प्रमाण आज पूरे देश के सामने आ गया है।

उन्होंने कहा कि, कल सुप्रीम कोर्ट में अरविंद केजरीवाल जी के बेल की सुनवाई में भाजपा की सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के सामने खड़े होकर बोला कि, उन्हें इस मामले में एफि डेविट फाइल करने के लिए 1 हफ़्ते का समय चाहिए इसलिए सुनवाई न की जाए। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने भी सीबीआई को समय दिया और सुनवाई की तारीख 2 हफ़्ते बाद की रख दी।

लेकिन सीबीआई ने कोर्ट से जिस एफि डेविट को फाइल करने के लिए एक सप्ताह का समय माँगा आज वो एफि डेविट दिल्ली और देश के हर अखबार में छपा हुआ है। सवाल उठता है कि, जिस एफि डेविट को फाइल करने के लिए कल सीबीआई को एक सप्ताह का समय चाहिए था वो आज सभी अखबारों में कैसे छप गया? आतिशी ने कहा कि, इसका सीधा मतलब है कि एफि डेविट तैयार था। सीबीआई द्वारा सुप्रीम कोर्ट को झूठ बोला गया कि एफि डेविट तैयार नहीं है। यानी सीबीआई सिर्फ.अरविंद केजरीवाल जी को कुछ और दिन तक जेल में रखने के लिए ये साज़िश कर रही है। उन्होंने कहा कि, ये नई बात नहीं है, पिछले 2 साल से लगातार आम आदमी पार्टी के सभी नेताओं के खिलाफ षड्यंत्र किया जा रहा है। आप नेताओं के घरों में रेड हुई, बार-बार पूछताछ के लिए बुलाया गया, आप नेताओं के खिलाफ गवाही देने के लिए गवाहों को धमकाया गया। तमाम रेड के बावजूद जब भ्रष्टाचार का एक रुपया भी नहीं मिला तो भी एक एक करके आप नेताओं को गिरफ़्तार कर जेल में भेजा गया।

सतेंद्र जैन जी को, मनीष सिसोदिया जी को, संजय सिंह जी को गिरफ़्तार किया गया। लेकिन फिर भी जब आम आदमी पार्टी की रफ़्तार नहीं रुकी तो लोकसभा चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल जी को भी झूठे मुकदमे में गिरफ़्तार कर लिया। आतिशी ने कहा कि, 20 जून को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को ट्रायल कोर्ट से पीएमएलए/ईडी के मामले में बेल मिलती है। उस ऑर्डर के अपलोड होने से पहले ही 21 जून की सुबह ईडी हाई-कोर्ट पहुँच जाती है और ऑर्डर आए बिना ट्रायल कोर्ट के ऑर्डर को स्टे करवा देती है। उन्होंने कहा कि, 22 जून को अरविंद केजरीवाल जी के वकील हाई कोर्ट के इस ऑर्डर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाते है। और भाजपा को पता है कि सुप्रीम कोर्ट से हर व्यक्ति को न्याय मिलता है और ईडी के केस में बेल मिल गई है इसलिए भाजपा 26 जून को अरविंद केजरीवाल जी को सीबीआई से गिरफ़्तार करवा देती है

## पांचवीं पुण्यतिथि पर भारतीय अर्थ नीति के चाणक्य पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय श्री अरुण जेटली को श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् डॉ दयानंद वत्स भारतीय ने आज पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय श्री अरुण जेटली को उनकी पांचवीं पुण्यतिथि पर उनके करोड़ों प्रशंसकों की ओर से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि अरुण जेटली भारतीय अर्थ नीति के चाणक्य थे। वे केंद्रीय वित्त, रक्षा एवं कारपोरेट मामलों के मंत्री रहे। स्वभाव से अत्यंत विनम्र ओर सौम्य अरुण जेटली भारतीय राजनीति का चमकता सितारा थे। वे राज्यसभा में प्रतिपक्ष के नेता भी रहे। केंद्रीय मंत्रिमंडल में रहते हुए उन्हे जो भी मंत्रालय मिला उसमें उन्होंने ने

कीर्तिमान स्थापित किए। उनका क्रिकेट से गहरा लगाव था। वे डीडीसीए के अध्यक्ष भी रहे। मरणोपरांत उनकी स्मृति में फिरोज शाह कोटला स्टेडियम का नाम अरुण जेटली स्टेडियम रखा गया है। उनके चेहरे पर हर समय मुस्कान तैरती रहती थी। खेल ओर राजनीति दोनों ही क्षेत्रों में उन्होंने अपनी पहचान बनाई।

## सात मंजिला मंदिर में जन्माष्टमी की तैयारी हुई पूरी

- सुगंधित फूलों से सजेगा भगवान श्री कृष्ण का दरबार
- 50 सालों से मनाया जा रहा है यहां जन्माष्टमी


नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



2 दिन के बाद जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मंदिरों में मनाया जाने वाला है। पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर स्थित सात मंजिला मंदिर में भी इस बार भव्य तैयारी की जा रही है। ओरिजिनल सुगंधित फूलों के द्वारा मंदिर को सजाया जा रहा है। यहां लगभग 50 साल से जन्माष्टमी उत्सव मनाया जाता है। मंदिर के चेयरमैन सुरेश मलिक ने बताया कि दो से ढाई लाख श्रद्धालु मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर आते हैं। इसके लिए सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किया जाता है। महिला सुरक्षा कर्मियों की तैनाती अलग से की जाती है। 70 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में पूरा मंदिर परिसर रहता है। इसके अलावा डेढ़ सौ के आसपास पुलिस कर्मियों की तैनाती अलग से होती है। मंदिर के बाहर काफी लंबी लाइन लगती है। जिसे कंट्रोल करने के लिए मंदिर कमेटी के द्वारा वालंटियर की भी तैनाती अलग से की जाती है। शाम 7:00 बजे से दर्शन चालू हो जाता है, जो रात 12:00 बजे तक चलता है। चेयरमैन ने बताया कि यह देश का पहला सात मंजिल दरबार वाला मंदिर है। जिसका संकल्प स्वर्गीय देवकी नंदन शास्त्री ने किया था। जब उन्होंने पानीपत में ऐसा एक मंदिर देखा था, जो कई स्टोरी का बना हुआ था। उसके बाद यहां पर मंदिर को सात मंजिला दरबार में तब्दील किया गया। पूरी तरह से वातानुकूलित मंदिर में लिफ्ट से लोग सात मंजिल के दरबार में भगवान का दर्शन करते हैं। इस मंदिर की खासियत यह भी है कि यहां 551 किलो का पारे का शिवलिंग भी स्थापित है। जन्माष्टमी के अवसर पर फ्रूट और धनिया का प्रसाद वितरण किया जाता है। रात में 12:00 बजे जब भगवान श्री कृष्ण का जन्म हो जाता है तो मक्खन मिश्री का प्रसाद अलग से दिया जाता है। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथि मंदिर में पहुंच रहे हैं। जिसमें स्थानीय सांसद कमलजीत सेहरावत सहित और भी लोग शामिल हैं।

## तिलक नगर सिंगला स्वीट्स पर चली कई राउंड गोलियां

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के सबसे बड़े मार्केट में से एक तिलक नगर में बीती रात प्रसिद्ध सिंगला स्वीट्स पर कई राउंड गोली चलाकर बदमाशों ने सनसनी फैला दी। किस्मत अच्छी रही की गोली किसी को लगी नहीं। लेकिन स्वीट्स के बाहर लगे शीशे पर गोलियों के निशान यहां के दुकानदारों को और लोगों को डराने के लिए काफी है। इससे कुछ समय पहले ही तिलक नगर के एक कार शोरूम पर भी इसी तरीके से फायरिंग हुई थी। जिसमें एक बड़ी रंगदारी मांगी गई थी। उस मामले में बाद में दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कई लोगों को गिरफ्तार भी किया था।

**सीसीटीवी फुटेज से की जा रही है मामले की जांच**

इस फायरिंग के मामले की पुष्टि करते हुए डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि रात 11:15 के आसपास पुलिस को सूचना मिली थी। सिंगला स्वीट्स पर फायरिंग हुई है। स्वीट्स का जो आगे का शीशे का ग्लास है, वह क्षतिग्रस्त हो गया है। मौके पर क्राइम टीम को बुलाया गया और इस मामले को सुलझाने के लिए आपरेशन सेल की टीम को भी लगाया गया है। सीसीटीवी फुटेज को चेक किया जा रहा है।

**पुलिस के चार खाली खोखे मौके से पुलिस को मिले**

इस मामले में तिलक नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है और छानबीन की जा रही है। पुलिस को शुरूआती जांच में पता चला कि दो लोग बाइक पर आए थे और उन्होंने कई राउंड गोली चलाई और मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान चार खाली खोखे गोली के पुलिस को मिले हैं। पुलिस को किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है।

**मांगी गई पीड़ित से बड़ी रकम रंगदारी की**

पुलिस बदमाशों के उस रूट को चेक कर रही है, जिधर से वह आए थे और वारदात को अंजाम देने के बाद जिस तरफ वह भाग गए हैं। क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल की टीम।भी इसकी जांच में जुट गई है। इस मामले में बड़ी रंगदारी मांगी गई थी, जिसकी शिकायत द्वारका थाने पहले से दर्ज थी। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि अभी तक नहीं की है।

**फेडरेशन के चेयरमैन बोले, डर का माहौल ना हो व्याप्त**

तिलक नगर मार्केट फेडरेशन के चेयरमैन सुरेश मलिक ने चिंता जाहिर करते हुए कहा, की पुलिस को अविलंब इसपर कारवाई करके बदमाशों को पकड़ना चाहिए। जिससे दुकानदारों में भय का माहौल व्याप्त नहीं हो। क्योंकि इस तरीके से फायरिंग होगी तो दुकानदार डर कर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि रेहड़ी पटरी का भी जमावड़ा हो गया जिसकी वजह से कोई भी असामाजिक तत्व आकर कोई भी वारदात कर जाता है। तिलक नगर को इससे भी मुक्त कराया जाय।

## डीडीए की जमीन पर माफियाओं का कब्जा, कहीं चल रहा है सट्टा तो कहीं बन गई अवैध पार्किंग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




राष्ट्रीय राजधानी में अधिकतर जमीन डीडीए के पास है। यमुनापार में डीडीए की जमीनों पर माफिया कब्जा कर राज कर रहे हैं। डीडीए की किसी जमीन पर दिल्ली पुलिस की नाक के नीचे खुलेआम सट्टा चल रहा है तो कहीं पर लोग झुग्गी बसाकर रह रहे हैं। अवैध पार्किंग, ई-रिक्शा चार्जिंग, दूध की डेरियां चल रही हैं।

कई वरिष्ठ अधिकारियों ने साधी चुप्पी आरोप है कि कब्जा व अतिक्रमण करवाने में डीडीए के अधिकारी खुद शामिल है, अतिक्रमण की एवेज में मोटी रकम वसूल रहे हैं। कई वरिष्ठ अधिकारियों से इसपर जवाब मांगा गया तो उन्होंने चुप्पी साध ली और नाम छापने से मना किया।

यह कहा कि दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने ड्रोन सर्वे में लापरवाही के आरोप में भूमि प्रबंधन आयुक्त विक्रम सिंह को हटाकर उनके मूल कैडर भेज दिया है। ऐसे में उनका डीडीए के किसी मामले पर बोलना ठीक नहीं है। इतना कहा कि डीडीए समय-समय पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करता है। सरकारी जमीन पर खेला जाता है सट्टा मंडावली में सद्भावना अपार्टमेंट के सामने डीडीए की जमीन है। यहां के स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सरकारी जमीन पर झुग्गी है। यहां धड़ल्ले से सट्टा खेला जाता है। मोहल्ले के अधिकतर लोगों को यह बात मालूम है। सवाल उठाया कि क्या जिस विभाग की जमीन है उसको ही नहीं पता होगा कि उसकी जमीन पर क्या हो रहा है।

मंडावली थाने की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए कि पुलिस को भी सबकुछ पता है, लेकिन कार्रवाई नहीं होती है। यह मामला एसडीएम के नेतृत्व में बनी एसटीएफ की बैठक में भी कभी नहीं उठा, क्या विभाग तभी कार्रवाई करेंगे जब लोग शिकायतें लेकर उनके कार्यालयों के चक्कर काटेंगे। कड़कड़डूमा गांव में भी दबंगों ने डीडीए की घेरी जमीन रिहायशी क्षेत्रों में डेरी चलाने पर प्रतिबंध है। लेकिन दल्लूपुरा गांव, न्यू उस्मानपुर, खिचड़ीपुर समेत अन्य क्षेत्र में डीडीए की भूमि पर ही डेरियां चल रही हैं। मंडावली और गाजीपुर में कबाड़ियों ने कब्जा किया हुआ है। कड़कड़ी मोड स्थित कैलाश अस्पताल के पीछे भवन निर्माण सामग्री का कारोबार करने वाले ने कब्जा किया हुआ है। कड़कड़डूमा गांव में भी दबंगों ने डीडीए की जमीन घेरी हुई है। यहां लोग रहने के साथ ई-रिक्शा चार्जिंग, पार्किंग चला रहे हैं। गौतमपुरी, हर्ष विहार में भी डीडीए की जमीन को लोगों ने घेर रखा है।

## डिलीवरी ब्वॉय की संदिग्ध हालात में मौत, मामला दर्ज



नई दिल्ली। नेबसराय इलाके में शुक्रवार रात एक डिलीवरी ब्वॉय की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक की पहचान संगम विहार निवासी 20 वर्षीय कौशल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने कौशल के साथ रह रहे दोस्तों के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नेबसराय थाने में शुक्रवार रात पीसीआर कॉल के माध्यम से एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली थी। कॉलर ने बताया कि उसके दोस्त ने गुरुवार रात उसके साथ बैठकर शराब पी थी, लेकिन सुबह वह उठा नहीं है। ऐसा लग रहा है कि वह मर गया है। पूछताछ में इसके दोस्तों ने पुलिस को बताया कि कौशल के साथ वे किराए के कमरे में रहते थे। गुरुवार रात को उन्होंने साथ में शराब पी थी। इसके बाद रात करीब 10 बजे ये लोग सोने चले गए। अगले दिन सुबह करीब 10 बजे तक जब कौशल नहीं उठा तो दोस्तों ने उसे जगाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं जगा। इसके बाद उसे अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## युवा भारत का भविष्य है देश की उन्नति का आधार -रामदास अठावले (भारत सरकार सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री)

### राजस्थान से युवा डॉ नयन प्रकाश गाँधी को मिला प्रतिष्ठित राष्ट्रिय सम्मान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




हाल ही में एक छोटे से गांव बकानी झालावाड़ मूल के कोटा निवासी युवा नयन प्रकाश गांधी सुपुत्र रामदयाल गाँधी को उनके युवा मानव अधिकारों,शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए युवा केटेगरी में पुरे राष्ट्रिय भारत न्याय पुरस्कार से शील्ड मोमेंटो गोल्ड प्लेटेड मैडल से सम्मानित किया गया और गाँधी ने की नोट प्रेजेंटेशन दिया . गाँधी को यह सम्मान अंतराष्ट्रीय एलटीजी,सभागार नई दिल्ली में आमंत्रित मुख्य अतिथि के रूप मे आमंत्रित भारत सरकार सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री रामदास अठावले और विशिष्ट अतिथि डॉ मोक्षा कल्यणराम एवं बीजपी के राष्ट्रिय उप प्रभारी विनय चौधरी ,मोहित नारायण आदि के कर कमलो एवं गरिमामयी उपस्थिति में मिला . माननीय मंत्री रामदास अठावले ने सम्बोधन में कहा की युवा देश का भविष्य है आज युवा हर क्षेत्र में परचम स्थापित कर रहे है ,कई विशिष्ट योग्यता होने के बावजूद आज युवा सामाजिक मानवाधिकारजागरूकता ,समाज कलयाण के क्षेत्र में सक्रीय है और अपने क्षेत्र राज्य और राष्ट्र को गौरवान्वित कर रहे है .आज माननीय प्रधानमंत्री का विकसित भारत का स्वपन हम सभी को मिलकर पूरा करना है अब आपको और तीव्र गति से नए जोश से सतत विकास,जन कलयाणकारी योजनाओ को अंतिम वर्ग तक पहुंच कर आम जरूरतमंद को लाभान्वित करना है .सम्मुनत राष्ट्र देश हितार्थ आज युवाओ को एकजुट होकर अपने रुचिकर क्षेत्र में कार्य करना है .कार्यक्रम संचालक ने बताया की राजस्थान कोटा शिक्षा नगरी से एकमात्र गाँधी का चयन युवा केटेगरी में किया गया यह सम्मान उनके द्वारा उच्च स्तरीय जनसंख्या विज्ञानं संस्थान मुंबई विश्विद्यालय से एलुमनाई होने के साथ उनके द्वारा एक दशक से अधिक समय से मानवाधिकार क्षेत्र में जन जागरूकता उत्कृष्ट क्षमता संवर्धन कार्यशाला ,राज्य केंद्र सरकार अनुनादित कल्याणकारी योजना को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन द्वारा आम जन तक पहुंच को सुगम बनाना ,सोशल जस्टिस युथ एम्पावरमेंट के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करना असंख्य युवाओ हेतु राष्ट्रिय स्तर पर एक गौरव का विषय है। साथ ही गाँधी अपनी कलम के माध्यम से कोटा शिक्षा नगरी हेतु विशेष कोचिंग स्टूडेंट्स के मध्यस्थ आत्महत्या रोकथाम जागरूकता कार्यक्रम , रिसर्च राइटिंग सोशल लेखन में भी सक्रिय है ,गाँधी के अभी तक अनेको कॉलम ,इंटरव्यूज ,पेपर ,विभिन्नमिडियाज,जर्नल ,मैगजीन ,सोशल वर्ल्ड वाइड प्रकाशित हो चुके है। गाँधी को पूर्व में यूथ केटेगरी में विभिन्न राष्ट्रिय अंतराष्ट्रीय प्रतिष्ठित कांफ्रेसेज में विशिष्ट सम्मानों से नवाजा जा चूका है और विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी सामाजिक प्रोजेक्ट्स में वे सलाहकार प्रोजेक्ट ऑफिसर के रूप में रह चुके है और उनके कार्यो टीम नेतृत्व को उत्कृष्ट सफलता कार्य की प्रशंसा मिली है,यह गाँधी की उच्च योग्यता एवं मानवाधिकार सामाजिक सेवा में अतुलनीय विशिष्ट कार्यो को परिलक्षित करता है । गाँधी वर्तमान में ग्लोबल एक्सीलेंसी फोरम नई दिल्ली के यूथ अफेयर्स के नेशनल वाईस प्रेसिडेंट है और वर्ल्ड युथ आगेर्नाइजेशन इंडिया के एशियाई संयुक्त निदेशक भी है। गाँधी ने सम्मान के लिए कार्यक्रम स्पॉन्सर्ड भारती युवा वेलफेयर एसोसिएशन एवं भारत न्याय पुरुस्कार टीम ,ज्यूरी टीम सपोर्टेड मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस के उच्चाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं अपनी सफलता का श्रेय राजस्थान राज्य के उनके प्रेरणा स्रोत कमिश्नर इन्क्वारी डिपार्टमेंट आईएएस डॉ औम प्रकाश बैरवा , पूर्व ग्रामीण विकास सचिव आईएएस राजीव सिंह ठाकुर,आईएएस डॉ जितेंद्र सोनी ,वरिष्ठ आरएएस अधिकारी जुगल किशोर मीणा ,आईएएस हरिमोहन मीणा एवं आईआईपीएस मुंबई विश्वविधयालय

के सभी ऐकडेमिक मेंटर एवं परिवारजनों को दिया.

## दोस्तों के साथ मलिकर मालकि की हत्याप करने वाला मास्ट रमाइंड को सूरत से धरा गया




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलसि की क्राइम ब्रांच की दरयिागंज टीम ने एक नृशंस हत्यां मामले में पैरोल पर फरार चल रहे भगोड़े अपराधी को धरदबोचने में कामयाबी हासलि की है। आरोपी की पहचान अजय कुमार महतो (30), सीतामढ़ी, बहिार के रूप में की गई है। उसने अपने 5 अन्या साथयिों के साथ मलिकर दल्लिीं के नहिाल वहिार इलाके में साल 2013 में अपने अपने मालकि की मर्डर कर दयिा था। इतना ही नहीं मृतक की पहचान नहीं हो सके, इसके लएि उसके चेहरे को पत्थरों से बुरी तरह से कुचल कर वकिासपुरी के गंदे नाले में फेंक दयिा था। आरोपी की गरिफ्तारी वरेली (सूरत, गुजरात) से की गई है। क्राइम ब्रांच (साइबर सेल) के डीसीपी राकेश पावरयिा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दल्लिीा के नहिाल वहिार इलाके में साल 2013 में अजय कुमार महतो और उसके साथयिों ने एक शख्सब की नर्मिम तरीके से हत्याक कर दी थी। नहिाल वहिार थाने में आईपीसी की अलग-अलग धाराओं में 302/120-बी/34 के तहत मामला दर्ज कयिा गया था। इस मामले के मुख्य आरोपी अजय कुमार महतो को सभी सह आरोपयिों के साथ गरिफ्तार कर लयिा गया था। कोरोना महामारी के दौरान कोर्ट के आदेश पर आरोपी महतो को पैरोल दी गई थी लेकनि पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद उसने सरेंडर नहीं किया। इसके बाद उसको कोर्ट ने भगोड़ा घोषति कर दयिा था। इसके चलते क्राइम ब्रांच आरोपी की तलाश में जुटी थी। एसीपी पवन कुमार के समग्र पर्यवेक्षण और इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह की देखरेख में एक टीम का गठन कयिा गया। टीम को खुफयिा इनपुट मिला कि निहाल विहार मर्डर मामले में शामिल एक फरार अपराधी अजय कुमार महतो गुजरात के सूरत में कहीं छिपा हुआ है और उसके खिलाफ छापेमारी की गई तो उसको पकड़ लिया जाएगा। इसके बाद टीम सूरत, गुजरात के लिए रवाना हुई और वहां पहुंचकर जमीनी स्त र पर कड़ी निगरानी की गई और टेक्नीसकल सर्विजलांस की मदद से आरोपी अजय कुमार महतो के ठिकाने का पता चला जोकि वल्लभ नगर, वरेली (सूरत, गुजरात) पाया गया।

इसके बाद आरोपी को पकड़ने के लिए साइबर सेल टीम महादेव मंदिर, वरेली के पास पहुंची और वहां पूरा जाल बिछाया गया। आरोपी दोपहर बाद वहां पहुंचा तो उसको टीम ने धरदबोच लयिा। उस पर जसि वक्तप कड़ी नगिरानी रखी जा रही थी उस समय लगातार बारशि हो रही थी। बाजवूद इसके पुलसि टीम ने बारशि की परवाह कएि बनिा अपना नशिाना साधे रखा और उसकी गरिफ्तार करने में सफलता हासलि की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका जन्म बहिार के सीतामढ़ी जलि के पैतृक गांव मटियार में हुआ और 8वीं कक्षा तक की पढ़ाई की है। टेलरगिं के काम से पूरी नहीं हो रही थी जरूरतें: इसके बाद साल 2011 में दिल्ली आ गया था जहां कपड़े सिलने का काम करने लगा। उसका मालिक उसकी जरूरतों समय पर मजदूरी नहीं देता था। इस काम से होने वाली कमाई से वह अपनी जरूरतें भी पूरी नहीं कर पा रहा था। फरि उसने अपने साथी के साथ मिलकर एक खौफनाक साजिश रची और अपने मालिक की पत्थरों से मारकर हत्या कर दी। इस निर्मम हत्याश के मामले में पुलसि ने सभी आरोपयिों को गरिफ्तार कर लिया था

## शेयरों में निवेश पर भारी रिटर्न का लालच देकर ठगी करने वाले गैंग का पदार्फाश



- एक बार जब ठगी की गई राशि बैंक खातों में प्राप्त हो जाती थी, तो आरोपी प्रमोद कुमार बैंक से पूरी राशि नकद में निकाल लेता था।

प्रात: किरण संवाददाता

कंपनी के शेयरों/आईपीओ में निवेश के बदले भारी रिटर्न का लालच देकर ठगी करने वाले कंबोडिया से संचालित गैंग का दिल्ली पुलिस ने भंडाफोड़ करते किया है। उत्तर पूर्वी जिला की साइबर पुलिस ने इस गैंग में शामिल तीन ठगों को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंशु झाझरिया, प्रमोद कुमारऔर अंकित कुमार के तौर पर हुई है। तीनों राजस्थान के झुंझुनू के रहने वाले हैं। डीसीपी ने बताया कि देवेंद्र कुमार नाम के युवक ने जून 2024 को साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि कंपनी के शेयरों/आईपीओ में निवेश के बदले भारी रिटर्न का लालच देकर उसके साथ 12 लाख 50 हजार की ठगी की गई। इंस्टाग्राम पर बने एक दोस्त ने उसे चूना लगाया है। शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जिन अकाउंट में पैसा ट्रांसफर किया गया था। उनका डिटेल निकाला गया। जिसके आधार पर चीटिंग में शामिल तीन आरोपियों को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से चीटिंग में इस्तेमाल तीन मोबाइल और पासपोर्ट बरामद हुआ है।

आरोपियों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया और सिंडिकेट द्वारा धोखाधड़ी में अपनी संलिप्तता के बारे में खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वे अपनी कंपनी के शेयरों/आईपीओ में निवेश के बदले भारी रिटर्न का लालच देकर लोगों को ठगते थे। एक बार जब ठगी की गई राशि बैंक खातों में प्राप्त हो जाती थी, तो आरोपी प्रमोद कुमार बैंक से पूरी राशि नकद में निकाल लेता था।

हवाला रैकेट के माध्यम से, दुबई में स्थित एक हैंडलर के माध्यम से नकद राशि को क्रिप्टो करेंसी यूएसडीटी में परिवर्तित किया जा रहा था। क्रिप्टो करेंसी को आगे कंबोडिया में सिंडिकेट के मास्टरमाइंड को भेजा जा रहा था। जांच में पाया गया कि आरोपी अंशु कंप्यूटर साइंस में स्नातक है, वह कंबोडिया में रहने वाले मास्टरमाइंड को जानता है। अंशु ने कुछ महीनों की अवधि के लिए प्रशिक्षण के दौरान धोखाधड़ी में विशेषज्ञता हासिल की थी। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है कि उन्होंने अब तक कितने लोगों का अपना शिकार बनाया है।

## स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 13 सितंबर तक बढ़ी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोपित बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 13 सितंबर तक बढ़ा दी है। जुडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास गौरव गोयल ने ये आदेश दिया।

कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया कि वो बिभव कुमार के खिलाफ दाखिल चार्जशीट के पेजों की नंबरिंग कर दे। दरअसल, बिभव की ओर से कहा गया था कि चार्जशीट पन्नों पर पेज नंबर नहीं दिया गया है। ऐसे में उन्हें सभी दस्तावेज पूरे हैं या नहीं, ये पता नहीं चल पा रहा है। उसके बाद कोर्ट ने पेजों पर नंबरिंग करने का आदेश दिया। आज बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। बिभव ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर कर रखी है, जो अभी लंबित है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 12 जुलाई को बिभव की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उसके पहले तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि इस मामले की जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और पीड़िता के दिलो-दिमाग में अपनी सुरक्षा को लेकर खतरा है। स्वाति मालीवाल आम आदमी पार्टी की सांसद हैं और वो अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने गई थीं। कोर्ट ने कहा था कि इस बात की भी आशंका है कि अगर बिभव को जमानत दी जाती है तो वो गवाहों को प्रभावित कर सकता है।

दिल्ली पुलिस ने 18 मई को बिभव को गिरफ्तार किया था। इस मामले में स्वाति मालीवाल ने 17 मई को कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया था। घटना 13 मई की है। दिल्ली पुलिस ने 16 मई को स्वाति मालीवाल का बयान दर्ज कर एफआईआर दर्ज की थी।

## जेल में रहकर केजरीवाल ने बुजुर्गों को पेंशन दिलाई: दुर्गेश पाठक



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने बुजुर्गों की रुकी हुई पेंशन दिलाने के लिए केजरीवाल सरकार को धन्यवाद दिया है। आप विधायक दुर्गेश पाठक ने शनिवार को कहा कि जेल में रहते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुजुर्गों की पेंशन देने के लिए केंद्र सरकार को मजबूर कर दिया। इसी का नतीजा है कि पांच महीने बाद एक लाख से अधिक बुजुर्गों को पेंशन मिली है। दुर्गेश पाठक ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कराने के पीछे भाजपा का एकमात्र मकसद दिल्ली का काम रोककर लोगों को परेशान करना है। केजरीवाल को जेल भेजने के बाद भाजपा ने सबसे पहले बुजुर्गों की पेंशन रोक दी थी।

## संक्षिप्त खबरें

### एक व्यक्ति के साथ मौसेरा साला और चार- पांच युवकों ने कि मारपीट

जमुई [ झाझा ] समधी के घर से लौट रहे एक व्यक्ति के साथ चार- पांच लोगों ने मारपीट करते हुए घायल कर दिया। घटना थानाक्षेत्र के तुंबापहाड़ गांव के पास हुई है। मारपीट में घायल हुए व्यक्ति ने घटना की जानकारी डायल 112 की पुलिस को दिया जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घायल को उठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उसका इलाज हुआ। घायल व्यक्ति की पहचान राजकुमार दास साकिन करहरा गांव के रूप में हुई है। घायल व्यक्ति ने बताया कि मेरा ससुराल परासी है और ससुराल में एक मात्र नेत्रहिन सास होने के कारण मै वहां भी रहता हूं। घायल आगे ने बताया कि मै अपने समधी घर चांय गांव से बाईक से लौट रहा था कि तभी तुंबापहाड़ के पास पहाड़ी की दिशा से कुछ युवक आया और अचानक मेरे उपर ईंट से प्रहार कर दिया जिसके बाद मै किसी तरह एक दुकान पर रुका तो मौसेरा साला कन्हैया और उसके साथ अज्ञात चार- पांच लोग लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल ने बताया कि मेरा साला नही होने के कारण मौसेरा साला संपत्ति पर कब्जा करना चाहता है।

### दो बाइक की टक्कर में दोनों बाइक चालक हुआ घायल

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के बरमसिया गांव के पास दो बाइक की टक्कर में दोनो बाइक का चालक घायल हो गया। घायल दोनो युवकों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया जहां डॉक्टर ने दोनो घायलों का इलाज किया गया। घायल में एक बरमसिया गांव के रहने वाले मो. सुफियान आलम तथा दूसरा घायल गिद्धोर के रहने वाले दीपक कुमार के रूप में हुई है। डॉक्टर ने दोनो घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। सुफियान के भाई ने बताया कि मेरा भाई फल गोदाम में काम करता है और वह घर से एक दुकानदार से रुपये लाने के लिए घर से निकल रहा था कि तभी महापुर दिशा से आ रहे युवक ने अपना बाइक से मेरे भाई के बाइक में टक्कर मार दिया जिससे मेरा भाई घायल हो गया तो उसे उठाकर इलाज के लिए अस्पताल लाया।

# उच्च न्यायालय ने 34540 कोटि के शिक्षकों को कलमबद्ध प्रोन्नति का लाभ देने हेतु जिलाधिकारी को दिया निर्देश

## विपिन कुमार एवं अन्य साथियों ने प्रोन्नति का लाभ हेतु उच्च न्यायालय में लगाई न्याय की गुहार

प्रात : किरण संवाददाता





जमुई : कहते हैं कि जब पदाधिकारी, विभाग और व्यवस्था न्याय नहीं करे तो लोगों कि विश्वास भरी आँखें न्याय के लिए न्यायालय की ओर निहारने लग जातीं हैं। ऐसा ही कुछ हुआ जमुई जिले के मध्य विद्यालय माधोपुर के शिक्षक विपिन कुमार और उनके साथियों के साथ । विपिन कुमार एवं उनके साथियों की नियुक्ति 34540 कोटि में सरकरर ने की। आशाओं और उम्मीदों के साथ कुमार एवं उनके साथियों ने नौकरी शुरू की और विद्यालयों में अथक परिश्रम कर चार चाँद लगा दिया। शिक्षा विभाग में बारह वर्षों की अथक सेवा के पश्चात कालबद्ध प्रोन्नति के अंतर्गत सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना का लाभ जब विपिन कुमार एवं उनके साथियों को नहीं मिला तो उनके मन में निराशा घर करने लगी। तत्कालीन विभागीय पदाधिकारी इनकी वाजिब मांगों को सुनने के लिए भी तैयार नहीं थे। एक ओर जब 94,99 और अन्य पुराने बैच में नियुक्त शिक्षकों को सुनिश्चित वृति योजना का लाभ मिल रहा था तो दूसरी ओर इनलोगों के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा था। अपनी वाजिब मांगों के लिए पदाधिकारियों की अनावश्यक डांट और फटकार से हताश और निराश होकर प्रभावित शिक्षकों ने विपिन कुमार के नेतृत्व में माननीय उच्च न्यायालय की राह ली। माननीय उच्च न्यायालय में पूरी संवेदनशीलता के साथ इनके पक्ष को सुना गया। शिक्षकों की न्यायोचित मांगो को दृष्टिगत रखते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने जिलाधिकारी जमुई को शिक्षकों की समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी- सह जिला दंडाधिकारी राकेश कुमार द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश का त्वरित संज्ञान लेते हुए शिक्षा विभाग के पदाधिकाररियों के साथ 27 अगस्त 2024 को एक बैठक आहूत किया गया तथा इस संबंध में सम्पूर्ण साक्ष्यों के साथ पदाधिकारियों को बैठक में भाग लेने की ताकीद की गयी। विपिन कुमार एवं उनके शिक्षक साथियों की कतार निगाहें न्याय हेतु जिलाधिकारी राकेश कुमार की ओर लगी हुई है। श्री कुमार का कहना है कि वर्तमान जिलाधिकारी राकेश कुमार ने उनकी चिर प्रतिक्षित मांग पर जिस तीव्र गति के साथ ध्यान देकर न्याय करने का कार्य किया है यह अभिननंदनीय एवं अन्य पदाधिकारियों के लिए अनुकरणीय है। इस पूरे प्रकरण पर बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, जमुई एवं इसके ऊजार्वान जिला अध्यक्ष धर्मचंदन रजक का पुरजोर सहयोग एवं समर्थन पीड़ित शिक्षकों के साथ रहा। उन्होने विपिन कुमार और उनके शिक्षक साथियों के संघर्ष को सलाम करते हुए उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया तथा जिलाधिकारी राकेश कुमार की सराहना करते हुए कहा कि अगर सभी जिले में ऐसे न्यायी और संवेदनशील जिलाधिकारी हों तो कर्मचारियों को अनावश्यक रूप से शोषित और प्रताड़ित नहीं होगा, न ही अपनी वाजिब मांगों के लिए माननीय न्यायालय का मुंह देखना पड़ेगा।

# उत्सव-द्वापर काल जैसे अद्भुत संयोग बन रहे, 26 अगस्त को जन्माष्टमी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। कृष्ण भक्ति पर आधारित सर्वोत्तम त्योहार जन्माष्टमी आगामी 26 अगस्त को मनाई जाएगी। इस बार जन्माष्टमी पर बेहद महत्वपूर्ण योग बन रहे हैं।भगवान कृष्ण का जन्म जन्माष्टमी की अर्धरात्रि में रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। इस बार भी जब जन्माष्टमी को अर्धरात्रि होगी तो रोहिणी नक्षत्र बीत रहा होगा। इस तरह इस बार द्वापर कल जैसे दुर्लभ संयोग बन रहे हैं।जन्माष्टमी के दिन सवोर्थ सिद्धि योग साहित कई महत्वपूर्ण स्थितियां रहेगी लिहाजा इस बार की जन्माष्टमी काफी महत्वपूर्ण है। हालांकि जन्माष्टमी की तिथि को लेकर हर साल ब्रह्म की स्थिति बनती है। इस बार भी लोग 26 और 27 अगस्त की तिथि को लेकर भ्रम में है हालांकि पंडितों ने 26 को ही जन्माष्टमी मनाने की अपील की है।पंडित सच्चिदानंद मिश्रा ने बताया कि अष्टमी तिथि का प्रवेश 26 अगस्त की सुबह 8:00 बजे के बाद हो रहा है और अष्टमी की तिथि समाप्ति 27 अगस्त की सुबह 6:00 बजे के बाद होगी। 26 अगस्त को कृतिका नक्षत्र रात्रि 9:10 पर बीत जाएगी और इसके बाद रोहिणी नक्षत्र का प्रवेश होगा। रोहिणी नक्षत्र में ही रात्रि 12:00 बजे भगवान श्री कृष्ण जन्म लेंगे। इस आधार पर 25 अगस्त को जन्माष्टमी तिथि का नहाए-खाए होगा जबकि 26 अगस्त को जन्माष्टमी व्रत का उपवास होगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का महत्व हर साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को पूरे देश में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का त्योहार मनाया जाता है। इस साल 26 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी है। इस दिन जयंती योग,सवार्थे सिद्धि योग और कृतिका नक्षत्र का महासंयोग बनेगा। ऐसे में पूजा पाठ से जुड़े कार्य करने पर सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। कृष्णा जी का जन्म भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र के संयोग में हुआ था। इस दिन कृष्ण जी के बाल रूप की पूजा की जाती है। वही इस दौरान कुछ लोग लड्डू गोपाल को घर लाते हैं और उनकी विधिनुसार पूजा अर्चना करते हैं।

# कुशवाहा समाज के प्रदेश सचिव बनाये गये सुजीत

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/ई० अलीगंज :कुशवाहा समाज के प्रदेश सचिव मनोनित हुए सुजीत कुमार मेहता, लोगों ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं। इनके कर्मठता, कर्तव्यनिष्ठा, लगन एवं समाजिक, राजनीतिक कार्यों में बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए दरखा गांव निवासी मुखिया प्रतिनिधि सुजीत कुमार मेहता को अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत) के बिहार प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत किए गए। बिहार प्रदेश अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने पत्र जारी कर बिहार प्रदेश सचिव पद पर मनोनित किया है। वहीं सुजीत कुमार मेहता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा एवं प्रदेश अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा को इसके लिए धन्यवाद आभार प्रकट करते हुए कहा है की मेरे नेतृत्व में अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत) जो जिम्मेवारी सौंपी है मैं उस जिम्मेवारी को पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से राजनीतिक, समाजिक, आर्थिक, शिक्षा, रोजगार, और स्वावलंबन की दिशा में मजबूत करने का काम करेंगे। अखिल भारतीय कुशवाहा समाज के शीर्ष नेताओं के आदेशानुसार समाज के प्रति, कड़ी मेहनत कर समाज को मजबूत करेंगे। वहीं प्रदेश सचिव बनने पर क्षेत्र के लोगों ने बधाई व शुभकामना दिए। जिसमें प्रदेश महासचिव नीतीश कुशवाहा, डब्लू कुशवाहा , शैलेन्द्र महतो, गौरव कुमार, रामशीष कुशवाहा, शीतल मेहता, भागीरथ महतो, अमित कुशवाहा, रोहित कुमार, समेत कई गणमान्य लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### मुख्य ग्रामीण सड़क पर ट्रैक्टर पलटने से बीच सड़क पर फंसा रहा ट्रैक्टर

जमुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र के हथिया पंचायत अंतर्गत सुंदरीटांड गांव के ग्रामीण मुख्य सड़क पर एक ट्रैक्टर अचानक सड़क पर बने गडडे में फंस गया जिससे ट्रैक्टर पलटने से बच गया और गांव की मुख्य सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। इस दौरान पास में ही बने सुंदरीटांड हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित ग्रामीणों को काफी परेशानी हुई। लगभग एक घंटे तक ट्रैक्टर ग्रामीण मुख्य सड़क पर फंसा रहा जिसके बाद लोगों के अथक प्रयास से सड़क पर फंसे ट्रैक्टर को हटाया गया। अभाविप छात्र नेता हरिनंदन प्रजापति ने कहा कि गांव की मुख्य सड़क काफी जर्जर हो चुकी है और बीच बीच में काफी गडडा भी उभर आया है जिसके कारण सड़क पर आवागमन में काफी परेशानी लोगों को होती है। विद्यालय के समीप दलित बस्ती भी है। सड़क निर्माण नही होने से छात्र-छात्राओं के अलावे ग्रामीणों को इस बारिश के मौसम में आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।इसलिए स्थानीय पदाधिकारी से मांग है कि गांव के मुख्य सड़क का निर्माण करवाया जाए।

# किसानों में खुशी-रोपनी का कार्य अंतिम चरण में, लोगों को उमस भरी गर्मी से मिली राहत

- झमाझम वर्षा से धान की फसलों में छाई हरियाली

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- प्रखंड क्षेत्र में इस वर्ष समय पर मानसून आने के साथ-साथ नदी और नहर में पानी रहने के कारण लगभग समय पर धान रोपनी संपन्न हो गई है। वहीं पिछले कुछ दिनों में झमाझम वर्षा एवं नागी-नकटी नहर में आई लाल पानी ने इलाके के किसानों के खेतों में धान की फसल में उर्वरक का काम किया है। जिससे खेतों में लगी धान लह लहा रही है। बता दें कि प्रखंड के पूर्वी हिस्से में पड़ने वाले कुछ गांव जैसे कुंदूर ,केवाल,ढोलकटवा क्षेत्र कुडिला ,सेवा, थर्डघटिया आदि गांव में नहर का पानी खेतों तक नहीं पहुंच पाती है। फलतः किसानों को पंपिंग सेट या फिर वर्षा के भरोसे धान की रोपनी करनी होती है। पिछले दिनों हुई लगातार वर्षा से किसानों को धान रोपनी करने में काफी सहायता मिली है।जिस कारण इस बार प्रखंड के किसान कृषि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के करीब धान की रोपनी कर चुकी है। जिसमें 97 फीसदी खेतों में धान की फसल का अच्छादन किया जा चुका है। जबकि बची खुची खेतों में रोकने का कार्य अंतिम चरण में है। इस बार बरसात के शुरूआती में वर्षा कमजोर रही।

लेकिन अब पर्याप्त वर्षा और कुछ दिनों तक लगातार वर्षा होने से किसानों के खेतों में धान की फसल को काफी फायदा है। बिना उर्वरक डाले फसल लहलहाने लगी है। सरकार के कृषि कार्यालय ने शुरूआती बरसात के खराब होने की स्थिति में मोटे अनाजों की खेती करने के लिए किसानों को अनुदानित बीज आदि दिया गया है। लेकिन अच्छी वर्षा देख किसानों ने संबंधित खेतों में भी धान के फसल की रोपनी किया है। आंकड़ों के अनुसार मोटे अनाज के रूप में ज्वार 53.6 हेक्टेयर, बाजरा 35.6 हेक्टेयर,मडुआ 1.12 हेक्टेयर तथा चीना 6.12 हेक्टेयर खेतों में आच्छादित किया गया है। जो सिर्फ कागजी है। उर्वरक की कोई कमी नहीं इस बार क्षेत्र में यूरिया एवं डीएपी उर्वरक की उपलब्धता सामान्य है। किसानों द्वारा अपनी आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक खरीद की जा रही है। फलतः उर्वरक की कीमत सामान्य ही है। अब जब धान की रोशनी समाप्त हो गई है तब सभी किसानों को यूरिया की आवश्यकता होगी। ऐसे में बाजार में यूरिया की कमी होती है तब अचानक भाव आसमान छूने लगता है। और कालाबाजारियों को मौका मिल जाता है। हालांकि ऐसी स्थिति इस मौसम अभी नहीं हुई है।

# पुलिस ने तस्करी के लिए ले जा रहे मवेशी को किया बरामद

## पिकअप और बाइक के साथ 7 तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] झाझा पुलिस ने तस्करी के लिए ले जा रहे भारी मात्रा में गुप्त सूचना के आधार पर मवेशी बरामद किया। इस संदर्भ में 7 मवेशी तस्कर को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी अनुसार झाझा पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि जमुई दिशा से दो वाहन में कुछ मवेशी तस्कर मवेशी लेकर झारखंड की दिशा में जा रहा है जिसके बाद एसआई नंदन कुमार दलबल के साथ धपरी मोड़ के पास पहुंचा तो गिद्धौर दिशा से आ रही दो पिकअप वाहन को रोका गया और वाहन की तलाशी ली गई तो 10 गाय, 2 भैंस और 8 बछड़ा बरामद हुआ। वही पिकअप और उसके साथ बाइक पर बैठे तस्कर सहित कुल 7 तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार मवेशी तस्कर की पहचान गिद्धौर थानाक्षेत्र के सेवा गांव के रहने वाले उदय कुमार, खैरा बड़ीबाग के रंजीत यादव, लखीसराय के दीपक कुमार, सिकन्दरा के पप्पू यादव, बक्सर का श्रीराम यादव, मुन्ना यादव और हल्दी बलिया का रहने वाला अजय कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है मवेशी तस्कर मवेशी को झारखंड के देवघर लेकर जा रहा था। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए सभी मवेशी तस्कर पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार सभी तस्कर का रेफरल अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायिक हिरासत में जमुई भेज दिया।

# लापरवाही : नल जल टंकी से नहीं हो रहा जलापूर्ति, ग्रामीण परेशान

## बरसात के मौसम में भी पानी की किल्लत झेल रहे हैं वार्ड के लोग

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई /बरहट। महत्वाकांक्षी हर घर नल जल योजना का लाभ बरहट प्रखंड के गुगुलडीह पंचायत के वार्ड संख्या 01 पार्ट 2 और वार्ड संख्या - 05 के ग्रामीणों के बीच जलापूर्ति बाधित है। लोगों को सरकार के द्वारा लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग दो सप्ताह से पानी की आपूर्ति हम लोगों का बंद है। बताया कि दो सप्ताह पहले मोटर से जिस पाइप से होकर पानी टंकी में जाता है उसे सांड़ ने तोड़ दिया। जिसकी सूचना वार्ड सदस्य द्वारा पीएचडी विभाग के ठेकेदार को दूरभाष के द्वारा दिया गया। लेकिन आज तक इसकी मरम्मती नहीं हो पाई है। जब नल जल योजना का लाभ नहीं मिलेगा तो इसकी उपयोगिता ही क्या है। पाइप दो सप्ताह से अधिक दिनों से टूटा हुआ है इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है हमलोगों को शुद्ध पानी नहीं मिल रहा। विपिन मालाकार, ग्रामीण बरसात के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी होती है शुद्ध पानी नहीं मिलने से डायरिया का खतरा बना रहता है। सत्येन्द्र सिंह, ग्रामीण ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत जब स्थानीय अधिकारी से की जाती है तो वह एचडी के अधिकारी से बात करने को बोलकर अपनी पल्ला झाड़ लेते हैं। ग्रामीण जल्द से जल्द पानी टंकी से सप्लाई करने की गुहार लगाई।

### पतसंडा गांव में देर रात्रि चोरों ने मचाया उत्पात घर में घुसकर जेवर नकदी सहित लाखों रुपये की कर ली चोरी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर थाना क्षेत्र के पतसंडा गांव में देर रात्रि चोरों द्वारा जेवर नकदी मोबाइल सहित कई बेशकीमती सामानों की चोरी कर लिए जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। जानकारी अनुसार पतसंडा निवासी मुकंद रावत के घर देर रात्रि चोरों ने घर में घुसकर कर नकदी आभूषण, मोबाइल सहित लाखों रुपये के बेशकीमती सामानों की चोरी कर ली। चोरी की घटना से पीड़ित मकुंद रावत की पत्नी मंजू देवी पुत्र विक्की कुमार ने बताया कि हर रोज की तरह सभी खाना खाकर सोने चले गए, देर रात्रि कब चोरों द्वार घर में घुसकर चोरी कर ली किसी को कुछ पता नही चल सका। इधर घटना से पीड़ित मकुंद रावत के पुत्र विक्की कुमार ने बताया कि इस चोरी की घटना में सोने से बने आभूषण,चार आना की अंगूठी, मंगलसूत्र, एक सोने का छःभर का चैन नकदी चालीस हजार रुपये नकद एवं मोबाइल की चोरी कर ली गयी।घटना को ले पीड़ित मकुंद रावत के पुत्र विक्की कुमार द्वारा गिद्धौर पुलिस में आवेदन दे मामले में प्रसासन से कार्रवाई की मांग की है।

# 47वीं वाहिनी के 14वें स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। 47वीं वाहिनी ने 14वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुरेश सुब्रमण्यम, उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ। मुख्य अतिथि महोदय ने इस अवसर पर वाहिनी के समस्त अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं समस्त बलकर्मियों के अच्छे कार्यों की सराहना करते हुए स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने सभी को इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वाहिनी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें संदीक्षा परिवारों के बच्चों के लिए खेलकूद की गतिविधियाँ जैसे चॉकलेट रेस, जलेबी रेस, मार्वल रेस आदि शामिल थीं। संदीक्षा परिवारों की महिलाओं ने भी म्यूजिकल चेयर खेल का आनंद उठाया। संध्या के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें वाहिनी के सदस्यों ने भाग लिया। खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विजयी रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए।समारोह के अंत में वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट श्री दीपक कृष्ण ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया और सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। 14वें स्थापना दिवस समारोह का समापन बड़े खाने के साथ किया गया, जिसमें सभी ने मिलकर इस महत्वपूर्ण अवसर का आनंद लिया। इस अवसर पर नेपाल के एपीएफ एसपी, एलपीआई प्रबंधक एवं रक्सौल एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार सहित विभिन्न संस्थाओं से आए अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब ऑफ रक्सौल ने निःशुल्क दाँत चिकित्सा एवं जाँच शिविर आयोजित किया




प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। लायंस क्लब ने ब्लॉक रोड के वार्ड नं॰16 के होली मदर रेसिडेंशियल स्कूल में निःशुल्क दाँत जाँच शिविर का आयोजन किया, जहाँ करीब दो सौ लड़के-लड़कियों की जाँच क्लब के लायन सदस्य डॉक्टर प्रदीप कुमार के द्वारा की गई, जिसमें से अस्सी बच्चों को अपने दाँतों की समुचित देख-भाल करने एवं आगे भविष्य में सुरक्षित रखने के लिए चिकित्सीय परामर्श दिया गया। बच्चों को खान-पान के तरीकों पर विशेष ध्यान देने पे जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन साइमन रेक्स ने किया। क्लब के सचिव लायन बिमल सर्राफ के साथ लायन हरीश खत्री, लायन राजन कुमार की सक्रिय भूमिका रही। लायंस क्लब अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए समय-समय पर शिविर का आयोजन करती है। स्कूल के निदेशक एनथोनी लुईस, शिक्षक दीपक एनथोनी, संदीप एनथोनी ने पुरे समय साथ रहते हुए जाँच में सहयोग किया। स्कूल प्रबन्धन ने सभी लायन सदस्यगण के साथ लायन डॉ. प्रदीप का तहेदिल से आयोजन के लिए धन्यवाद किया। जिसकी जानकरी लायंस क्लब सचिव सह मीडिया प्रभारी लायन बिमल सर्राफ ने दी।

# भारत वर्षिय अखिल भारतीय कुशवाहा समाज के प्रदेश उपा. बने अयोध्या मंडल

प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई : समाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में किया गया बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए श्यामपैरा गांव निवासी मुखिया प्रतिनिधि सह समाज सेवी अयोध्या मंडल को भारत वर्षिय अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री हरिओम कुशवाहा के द्वारा बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनित किया गया है । इस पद की प्राप्ति पर अयोध्या मंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा एवं प्रदेश अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा को इसके लिए धन्यवाद ओर आभार प्रकट करते हुआ कहा है की अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज ने मुझ पर जो विश्वास ओर भरोसा किया है उसे मे कभी टुटने नहीं दुंगा । उन्होंने आगे कहा कि राजनीतिक , समाजिक , आर्थिक , शिक्षा , रोजगार और स्वावलंबन की दिशा में मजबूती से काम करने का प्रयास करेंगे । इधर अयोध्या मंडल को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर प्रदेश चिकित्सा सलाहकार डॉ0 अवधेश निराला एवं उपाध्यक्ष संजय मंडल , पेरा मटिहाना पंचायत के पुर्व मुखिया केदार मंडल , पेरा मटिहाना पैक्स अध्यक्ष सहित कई गणमान्य लोगों ने बधाई ओर शुभकामनाएं दी है ।

# पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर गया में दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का समापन

प्रात : किरण संवाददाता

गया।सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो सीबीसी गया क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा गया के मानव भारती नेशनल स्कूल परिसर में शनिवार 24 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस विषय पर दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का समापन किया गया है। इस समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व में विज्ञान ने इतनी अधिक तरक्की कर ली है जिसके कारण अंतरिक्ष विज्ञान का महत्व बढ़ गया है। चाहे सामरिक दृष्टिकोण से हो,सूचना के दृष्टिकोण से हो,मौसम विज्ञान की दृष्टिकोण से हो,आपदा के दृष्टिकोण से हो या फिर आर्थिक दृष्टिकोण से हो जिन देशों ने अंतरिक्ष विज्ञान में बड़ी उपलब्धि हासिल की है वह आज विश्व में मजबूत देश के रूप में स्थापित है। उन्होंने देश के युवाओं तथा विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अंतरिक्ष विज्ञान में अपनी अभिरुचि बढ़ाएं और हमारी राष्ट्रीय संस्था इसरो में योगदान देकर अपनी कृति से कृतिमान स्थापित करें।इस अवसर पर मंत्री डॉ प्रेम कुमार द्वारा ह्लएक पेड़ मां के नामह्व अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया है।मगध मेडिकल कॉलेज गया के अधीक्षक डॉ विनोद सिंह, गया कॉलेज गया के वनस्पति शास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अमित कुमार सिंह, डॉ एकता वर्मा तथा भौतिकी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रेणु रानी ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे। दूसरे दिन भी चित्र प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा इसरो द्वारा निर्मित यान एवं अंतरिक्ष शोध सामग्री के मॉडल का प्रदर्शन भी किया गया है। उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुति के लिए साहिल, संस्कार, प्रांजल व शक्ति की टीम को प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के बीच आयोजित चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया है। निबंध में प्रथम पुरस्कार सुकृति कुमारी, द्वितीय पुरस्कार नंदिनी शर्मा व तृतीय पुरस्कार प्रियांशी को प्राप्त हुआ है।चित्रकला में प्रथम पुरस्कार रुचि कुमारी, द्वितीय पुरस्कार हर्ष राज, तृतीय पुरस्कार शानवी दीप को मिला है।

# उप मुख्यमंत्री ने तेजस्वी, राहुल, केजरीवाल पर निशाना साधा

प्रात : किरण संवाददाता

गया। बिहार के उप मुख्यमंत्री पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिंह शनिवार की सुबह गया के दौर में पहुंचे सबसे पहले उन्होंने भगवान विष्णु पद मंदिर के श्री हरि विष्णु के चरण पर तुलसी से विधिवत पूजा अर्चना किया और बिहार की खुशिहाली के लिए भगवान विष्णु से प्रार्थना किया इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए प्रतिपक्ष के नेता पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की ओर से दिए गए बयान की सरकार किस अनुच्छेद चढ़ावे बैठकर ट्रांसफर पोस्टिंग करवा रहे हैं इस पर विजय सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी इसका प्रमाण दें बिना बगैर प्रमाण के आरोप लगाना जाना संवैधानिक पद पर गरिमा के रूप नहीं है प्रतिपक्ष के नेता कभी सिंगापुर कभी और से ट्वीट कर रहे हैं नेता प्रतिपक्ष कि यह भूमिका संवैधानिक की नहीं है उन्हें सजक होकर अपनी भूमिका को निर्वहन करना चाहिए। लेकिन ऐसा करने से वह दूर भाग रहे हैं ।हम बिना बात के बेबुनियाद बातों को ट्वीट करने लगे रहते हैं हमारी सरकार हर काम की समीक्षा कर रही है। इस पर शीघ्र ही कार्रवाई के साथ परिवर्तन देखने को मिलेगा। आगे उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव द्वारा वक्फ बोर्ड संशोधन को धार्मिक उन्माद फैलाए जाने के मसले पर तेजस्वी यादव राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल पर बहुत बड़ा कटाक्ष किया है और कहां की यह सभी लोग तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं जहां बांग्लादेश में हिंदुओं की चिल्लाकर उन्हें सुनाई नहीं दे रही है। ऐसे लोगों को भारत की धरती पर जन्म लेने का धिक्कार के समान है ।इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने मां मंगला गौरी के चरण में भी जाकर उपमुख्यमंत्री विजय सिंह ने बिहार की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की इसके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल स्वामी, अनंत धीश अमन एवं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 25 अगस्त, 2024

सम्पादकीय

## यूक्रेन का दौरा व भारत-रूस संबंध

संजय गोस्वामी

हमारे धर्म-ग्रन्थों में कहा गया है कि इस दुनिया में सबसे दुलर्भ आदमी का शरीर है। सारे प्राणियों में आदमी को ऊँचा माना गया है और वह इसलिए कि आदमी के पास बुद्धि है, विवेक है। संसार में जितनी ईजादें हुई हैं, सब बुद्धि के बल पर हुई है। आप सवेरे दिल्ली में नाश्ता करके चलते है और दोपहर का खाना मास्कों में खा लेते है। हजारों मील की यात्रा घंटों में हो जाती है। यह सब आदमी की बुद्धि से ही सम्भव हुआ है।

जिसके पास इतनी बड़ी चीज हो, वह धन के या दुनियादारी की चीजों के पीछे भटके, यह उचित नहीं है। बुद्धि का उपयोग उसे बराबर आगे बढ़ने के लिए करना चाहिए। जिन्होंने ऐसा किया है, उन्होंने मानवता की बड़ी सेवा की है। उनका नाम अमर हो गया है। भारत और रूस के संबंध काफी पुराने हैं। अक्बतूर 2000 में भारत–रूस सामरिक साझेदारी घोषणा पर हस्ताक्षर करने के बाद से, भारत–रूस संबंधों ने राजनीतिक, सुरक्षा, रक्षा, व्यापार और अर्थव्यवस्था, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, तथा संस्कृति सहित द्विपक्षीय संबंधों के लगभग सभी क्षेत्रों में सहयोग के बढ़े हुए स्तरों के साथ एक गुणात्मक रूप से नया स्वरूप देखा गया है। शीत युद्ध के दौरान, भारत और सोवियत संघ के बीच एक मजबूत रणनीतिक, सैन्य, आर्थिक और राजनयिक संबंध थे। सोवियत संघ के विघटन के बाद, रूस को भारत के साथ अपने घनिष्ठ संबंध विरासत में मिले, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों ने एक विशेष सामरिक संबंध साझा किया।

हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में खासकर पोस्ट–कोविड परिदृश्य में संबंधों में भारी गिरावट आई है। इसका सबसे बड़ा कारण रूस के चीन और पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ संबंध थे, जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में भारत के लिए कई भू–राजनीतिक मुद्दों का कारण बना दिया है। इस स्थिति में दिनांक 23 सितम्बर 24 को प्रधान मंत्री का यूक्रेन का दौरा अच्छा नहीं है, जब रूस और यूक्रेन के बीच कड़ी लड़ाई और युद्ध चल रहा है। भारत–रूस सैन्य–तकनीकी सहयोग एक क्रेता–विक्रेता ढांचे से विकसित हुआ है जिसमें उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों और प्रणालियों के संयुक्त अनुसंधान, विकास और उत्पादन शामिल हैं। रूस भारत के लिए रूस के साथ घनिष्ठ संबंध हैं प्रधान मंत्री का यूक्रेन का दौरा से सम्बन्ध खराब हो सकते हैं पैसे की होड़ में व्यापार संधि अच्छी नहीं है

यह जानते हुए भी कि धन–दौलत की आदमी को देखते कोई कीमत नहीं है, आज सभी समाजों में, सभी देखों में, पैसे का बोलबाला है। अमरीका के पास बहुत धन है, पर वह और धन चाहता हैं। रूस के पास उतना पैसा नहीं है; लेकिन वह चाहता है कि उसके देशवासी खूब खुशहाल हों। यही हाल दूसरे बहुत–से देशों का है। व सब दिन–रात पैसे की होड़ में दौड़ रहे हैं। जानते हैं, इसका नतीजा क्या है? इसका नतीजा यह है कि अमरीका के बहुत–से लोग रोज रात को नींद की दवा लेकर सोते हैं। उनके जीवन में सहजता नहीं है और जिसके जीवन में उतावली या उलझन है, उसे नींद कहाँ से आयेगी!

दुनिया आज हैरान इसीलिए बनी हुई है कि उसका मुँह दौलत की ओर है। यहाँ दौलत से मतलब सिर्फ रुपए–पैसे से ही नहीं है, सुख–सुविधा की बाहरी चीजों से भी है। ऐसी चीजों के पीछे पड़ने से आदमी को लगता है कि उसे कुछ मिल रहा है, पर उसकी हालत वैसी ही होती है, जैसी की रेगिस्तान में भ्रम से दीख पड़ने वाले पानी को देखकर हिरन की होती है। वह उसकी ओर दौड़ता है, पर पानी हो तो मिले! बेचारा भटक–भटककर प्यासा होता है।

## जाति जनगणना की जरूरत क्यों?

भाजपा के गठबंधन साथी नीतीश कुमार बिहार में पहले ही जाति जनगणना करवा चुके हैं, हालांकि इस मुद्दे को अभी उन्होंने ठंडे बस्ते में रख छोड़ा है। राहुल गांधी ने केन्द्रीय बजट पर चर्चा के दौरान लोकसभा में प्रभावी ढंग से जाति जनगणना की मांग उठाई थी। उन्होंने ह्लहलवाह्ल का मुद्दा उठाते हुए कहा था कि बजट तैयार करने वाले मुख्यतः ऊंची जातियों के हैं और बजट के लाभार्थी केवल चंद उच्च वर्ग के लोग हैं। जाति जनगणना आवश्यक है। कारण यह कि आरक्षण के प्रतिशत का निर्धारण दशकों पहले किया गया था और तब से लेकर अब तक विभिन्न जातियों की कुल आबादी की हिस्सेदारी में काफी परिवर्तन आ चुका है। मौजूदा सत्ता जिस विचारधारा की है, वह सकारात्मक भेदभाव की नीति अपनाकर हाशियाकृत समुदायों को अन्य समुदायों के समकक्ष लाने के प्रयासों के खिलाफ है। यद्यपि आर्थिक दृष्टि से सक्षम हो जाने मात्र से दलितों की सामाजिक समस्याएं समाप्त नहीं हो जाएंगी, मगर इसमें कोई संदेह नहीं कि बेहतर आर्थिक स्थिति से सामाजिक स्थिति में भी बेहतरी आती है। भारतीय समाज जाति व्यवस्था के चंगुल में बुरी तरह फंसा हुआ है। इसके चलते जाति प्रथा के पीड़ितों को सामाजिक न्याय, सम्मान और गरिमा मिले, यह सुनिश्चित करवा पाना आसान नहीं है। दलितों को सम्मान और समानता दिलवाने का संघर्ष बहुत लम्बा और कठिन रहा है। इस दिशा में पहला प्रयास ज्योतिबा फुले ने किया था। उन्हें अहसास था कि जाति प्रथा हिन्दू समाज की सबसे बड़ी कमजोरी है। चूंकि दलितों को पढ -लिखने नहीं दिया जाता था, इसलिए फुले ने दलितों के लिए स्कूल खोले। जातिगत पदक्रम को बनाए रखने में लैंगिक असमानता की भी अहम भूमिका है, अतः सावित्रीबाई फुले ने लड़कियों के लिए स्कूल खोले।



राम पुनियानी

हाल के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जाति जनगणना के मुद्दे को अपने चुनाव अभियान में महत्वपूर्ण स्थान दिया था। अन्य कारकों के अलावा इस मुद्दे ने भी इंडिया गठबंधन के चुनाव में बेहतर प्रदर्शन में अपना योगदान दिया था। भाजपा के गठबंधन साथी नीतीश कुमार बिहार में पहले ही जाति जनगणना करवा चुके हैं, हालांकि इस मुद्दे को अभी उन्होंने ठंडे बस्ते में रख छोड़ा है। राहुल गांधी ने केन्द्रीय बजट पर चर्चा के दौरान लोकसभा में प्रभावी ढंग से जाति जनगणना की मांग उठाई थी। उन्होंने ह्लहलवाह्ल का मुद्दा उठाते हुए कहा था कि बजट तैयार करने वाले मुख्यतः ऊंची जातियों के हैं और बजट के लाभार्थी केवल चंद उच्च वर्ग के लोग हैं। जाति जनगणना आवश्यक है। कारण यह कि आरक्षण के प्रतिशत का निर्धारण दशकों पहले किया गया था और तब से लेकर अब तक विभिन्न जातियों की कुल आबादी की हिस्सेदारी में काफी परिवर्तन आ चुका है। मौजूदा सत्ता जिस विचारधारा की है, वह सकारात्मक भेदभाव की नीति अपनाकर हाशियाकृत समुदायों को अन्य समुदायों के समकक्ष लाने के प्रयासों के खिलाफ है। यद्यपि आर्थिक दृष्टि से सक्षम हो जाने मात्र से दलितों की सामाजिक समस्याएं समाप्त नहीं हो जाएंगी, मगर इसमें कोई संदेह नहीं कि बेहतर आर्थिक स्थिति से सामाजिक स्थिति में भी बेहतरी आती है। भारतीय समाज जाति व्यवस्था के चंगुल में बुरी तरह फंसा हुआ है।

इसके चलते जाति प्रथा के पीड़ितों को सामाजिक न्याय, सम्मान और गरिमा मिले, यह सुनिश्चित करवा पाना आसान नहीं है। दलितों को सम्मान और समानता दिलवाने का संघर्ष बहुत लम्बा और कठिन रहा है। इस दिशा में पहला प्रयास ज्योतिबा फुले ने किया था। उन्हें अहसास था कि जाति प्रथा हिन्दू समाज की सबसे बड़ी कमजोरी है। चूंकि दलितों को पढ -लिखने नहीं दिया जाता था, इसलिए फुले ने दलितों के लिए स्कूल खोले। जातिगत पदक्रम को बनाए रखने में लैंगिक असमानता की भी अहम भूमिका है, अतः सावित्रीबाई फुले ने लड़कियों के लिए स्कूल खोले। जातिगत व लैंगिक समानता की स्थापना के ये प्रयास करीब एक सदी पहले किए गए थे। अम्बेडकर ने इन वर्गो को और जागरूक किया। दलितों को समझ में आया कि जमींदार और पुरोहित की जोड़ी, जिसे महाराष्ट्र में शेठजी–भट्टजी कहा जाता है, उनकी सबसे बड़ी पीडक है।

इसी के चलते ब्राह्मण विरोधी आन्दोलन शुरू हुआ। ब्राह्मणों के प्रभुत्व को चुनौती देने वाले इस आन्दोलन की राह आसान नहीं रही। उच्च जातियों के लोग हिन्दू–मुस्लिम एकता स्थापित करने के गांधीजी के प्रयासों से पहले ही परेशान थे। दलितों की समान अधिकारों की मांग ने उच्च जातियों को और विचलित कर दिया। उच्च जातियों के श्रेष्ठी वर्ग ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना की, जिसका लक्ष्य था हिन्दू राष्ट्र की स्थापना, जो मनुस्मृति पर आधारित है। आरएसएस ने भारत के संविधान का इस आधार पर विरोध किया था कि उसमें भारत के स्वर्णिम अतीत के मूल्यों को जगह नहीं दी गई है। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण का असर धीरे–धीरे समाज पर पड लगा। इसके साथ ही अफवाहें फैलाने का क्रम भी शुरू हो गया। आरक्षण से लाभान्वित होने वालों को सरकारी दामाद कहा जाने लगा और यह तर्क दिया गया कि वे जिन पदों पर काबिज हैं, वे उनके योग्य नहीं हैं। यह भी कहा गया कि आरक्षण की व्यवस्था योग्य युवाओं की राह में रोड़ा है। ऊंची जातियों के लोगों का गुस्सा सबसे पहले गुजरात के अहमदाबाद में सामने आया। माधवसिंह सोलंकी के केएचएएम या खाम (क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी और मुस्लिम) गठबंधन पर तीव्र प्रतिक्रिया हुई और सन 1981 में गुजरात में दलित विरोधी हिंसा भडक गयी।

अध्येता अच्युत याग्निक लिखते हैं, ह्शिक्षित मध्यम वर्ग, जिसमें ब्राह्मण, बनिया और पाटीदार शामिल हैं, ने 1981 में आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया। सन 1985 में पदोन्नति में आरक्षण के खिलाफ एक बार फिर गुजरात में दलित विरोधी हिंसा हुई। इसी समय, विश्व हिन्दू परिषद ने राममंदिर आन्दोलन को बढ़ावा देना शुरू किया और लालकृष्ण आडवाणी ने सोमनाथ से अयोध्या तक रथयात्रा शुरू की। वीपी सिंह, जिनकी सरकार एक ओर भाजपा तो दूसरी ओर वामपंथी दलों के समर्थन से चल रही थी, ने अपनी गद्दी बचाने की खातिर मंडल आयोग की रपट को लागू कर दिया और अन्य पिछड़ा वर्गो (ओबीसी), जो आबादी का 55 प्रतिशत हैं, को 27 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। ऊंची जातियां मंडल आयोग के खिलाफ थीं, मगर चुनावी कारणों से भाजपा मंडल का सीधे विरोध नहीं कर सकती थी। उसने रथयात्रा को सफल बनाने में पूरा जोर लगा दिया। इस यात्रा को मंडल विरोधी उच्च जातियों का जबरदस्त समर्थन प्राप्त हुआ।

मंडल का विरोध करने के लिए यूथ फॉर इक्वालिटी जैसी संस्थाएं उभर आईं। मंडल राजनीति से शरद यादव, लालू यादव और रामविलास पासवान जैसे नेता उभरे। भाजपा के शीर्ष नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा, ह्वे मंडल लाए तो हम बदले में कमंडल लाए। भाजपा सामाजिक न्याय की विरोधी रही है और अपने इस विरोध को उसने मुस्लिम विरोध का जामा पहनाया है। भाजपा का उद्देश्य है जातिगत ऊंच–नीच को बनाए रखते हुए हिंदुओं को एक करना। मंडल पार्टियां कई मामलों में सफल रहीं, मगर उनमें से कुछ ने अपने संकीर्ण हितों की खातिर मनु की राजनीति से समझौता कर लिया। इंडिया गठबंधन में शामिल कुछ दल मंडल के विरोधी रहे हैं, मगर अपनी दो भारत जोड़ो यात्राओं के दौरान आम लोगों की स्थिति देखने के बाद राहुल गांधी जाति जनगणना के प्रबल समर्थक बन गए हैं।

विभिन्न जातियों की आबादी, आरक्षण के प्रतिशत का निर्धारण करने का सबसे बेहतर आधार है। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट का आरक्षण कोटे के उप–विभाजन के सम्बन्ध में निर्णय स्वागतयोग्य है। जो जातियां आरक्षण का लाभ नहीं उठा पाई हैं, उन्हें इसका लाभ दिलवाना सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए आवश्यक है। जहां इंडिया गठबंधन जाति जनगणना की मांग का खुलकर समर्थन कर रहा है, वहीं एनडीए का मुख्य घटक दल भाजपा इस मांग की पूर्ति की राह में हरसंभव रोड़ा अटकाएगा। इस मांग के समर्थन में प्रदर्शन, सभाएं आदि कर इस मांग की पूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है। दलित जातियों को न्याय दिलाने के लिए जाति जनगणना करना जरूरी है और उसी हिसाब से कोटा तय हो।

(स्वतंत्र लेखक)

## दलित वोटों की लड़ाई में सपा-बसपा आमने-सामने

अजय कुमार

मोदी सरकार ने उच्च पदों पर नौकरियों में सीधी भर्ती (लेटरल एंट्री) का अपना एक फैसला क्या वापस लिया, विपक्ष ने इसे मोदी को घेरने का हथियार बना लिया। पूरा विपक्ष अपनी पीठ ठोंक रहा है। पीठ ठोंकने वालों में यूपी के नेता मायावती और अखिलेश यादव सबसे आगे नजर आ रहे हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव को तो लगता है कि इससे यूपी की राजनीति की धुरी ही बदल जायेगी। बसपा प्रमुख मायावती की प्रतिक्रिया आई थी कि उनके तीव्र विरोध के बाद सरकार ने सीधी भर्ती वाला निर्णय वापस लिया है। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव दावा कर रहे हैं कि पिछले दरवाजे से आरक्षण को नकारते हुए नियुक्तियों की साजिश आखिरकार पीडीए की एकता के आगे झुक गई। मतलब यह है कि फैसला केंद्र ने वापस लिया लेकिन अखिलेश और मायावती खुद इसका क्रेडिट ले रहे हैं। वैसे सियासत इसी को कहा जाता है।

वैसे यह पहली बार नहीं हुआ है कि परस्पर विरोधी बसपा और सपा नेताओं के सुर एक जैसे सुनाई पड़ रहे हों, इसी तरह के सुर आरक्षण में वर्गीकरण के मुद्दे पर भी देखने को मिले थे, जब बसपा ने बंद का समर्थन किया तो अखिलेश ने भी तुरंत इसके समर्थन में पोस्ट लिख कर अपना पक्ष रख दियस। बात यहीं तक सीमित नहीं है, आरक्षण से जुड़े हर मुद्दे पर मायावती और अखिलेश लगातार आक्रामक दिख रहे हैं। आखिर क्या वजह है कि आरक्षण के मुद्दे पर दोनों के सुर एक हैं? या दोनों के बीच एक रेस लगी हुई है कि दलितों और पिछड़ों का ज्यादा हितैषी कौन है? आखिर इस मुद्दे के जरिए मायावती और अखिलेश कौन–सी राजनीति साध रहे हैं?

इस तमाम सवालों का जवाब समझने के लिए पिछले लोकसभा चुनाव से पहले की स्थितियों और नतीजों पर गौर करना जरूरी है। यूं तो संविधान और आरक्षण बसपा का कोर मुद्दा रहे हैं लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव से पहले सपा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करके पीडीए (पिछड़ा–दलित–अल्पसंख्यक) का जो नारा और इंडिया गठबंधन में शामिल होकर संविधान की रक्षा का मुद्दा भी जोर–शोर से उठाया था, उसका फायदा जब इंडिया गठबंधन को मिला तो बसपा सुप्रीमों को अपना राजनैतिक भविष्य अंधकार में नजर आने लगा। इससे पहले मायावती को भी यह उम्मीद नहीं थी कि सपा का यह दांव इतना अधिक कारगर होगा। नतीजे आए तो सपा ने यूपी में अकेले 37 सीटें जीत लीं। साथ में कांग्रेस को भी छह सीटों पर जीत हासिल हुई और बसपा का सफाया हो गया। वोट प्रतिशत भी खिसक कर मात्र करीब साढ़े नौ प्रतिशत पर आ गया। इससे साफ हो गया कि सपा के द्वारा बसपा के दलित वोट बैंक में बड़ी सेंधमारी कर ली गई है। तब से मायावती की एक ही कोशिश है कि किसी तरह अपना दलित वोटबैंक वापस लाया जाए। इसके लिए मायावती लगातार दलित हितों से जुड़े मुद्दे उठा रही हैं। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने एससी–एसटी आरक्षण में वर्गीकरण पर अपना मत दिया, तो मायावती की उम्मीद को पंख लग गये। मायावती ने तुरंत इस मुद्दे को लपक लिए। सबसे पहले उनकी प्रतिक्रिया आई। इसे पूरी तरह गलत ठहराते हुए उन्होंने भाजपा के साथ ही सपा–कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों को भी घेरना शुरू कर दिया। वह संसद में संविधान संशोधन लाने की मांग पर अड़ गईं। इस मुद्दे पर उन्होंने दो बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की और सोशल मीडिया के जरिए कई बयान दिए।

शुरूआत में कांग्रेस ने इस पर सधी प्रतिक्रिया दी, लेकिन मायावती के आक्रामक रुख को देखते हुए सपा ने भी खुलकर मोर्चा खोल लिया। इसी बीच 69, 000 शिक्षक भर्ती का मामला भी उठा, जिस पर सपा और बसपा दोनों ही आक्रामक दिखे। अखिलेश यादव को लगा कि अब यदि चुप रहे तो पिछले लोकसभा चुनाव में जो दलित वर्ग उनके साथ जुड़ा है, कहीं वापस बसपा में न चला जाए। उन्होंने सीधी भर्ती के मामले में 2 अक्टूबर को आंदोलन का ऐलान भी कर दिया। मायावती भी अपने बयानों के जरिए इस मुद्दे पर आक्रामक रूख बनाये हुए हैं।

लब्बोलुआब यह है कि सपा और बसपा नेता लगातार यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि दलितों के असली हितैषी वही हैं। बसपा ने लोकसभा चुनाव के बाद कमिटियों का नए सिरे से गठन किया है। उनमें भी साफ झलक देखने को मिली कि दलितों को ज्यादा तवज्जो दी जा रही है। वहीं, अखिलेश यादव भी लोकसभा चुनाव के बाद फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद को आगे बढ़ा रहे हैं। संसद से लेकर सार्वजनिक मंचों तक वह अवधेश प्रसाद के साथ नजर आते हैं। संसद में भी अवधेश प्रसाद को लोकसभा में अधिष्ठाता मंडल का सदस्य बनवाया गया। मायावती की तरह मंचों से आंबेडकर और कांशीराम का नाम अक्सर लेते हैं। दरअसल, अभी यूपी में विधान सभा उपचुनाव होने हैं।

## पड़ोसियों के बीच अकेला पड़ा भारत

सनत कुमार जैन

भारत अपने पड़ोसी देशों के बीच में अकेला खड़ा नजर आ रहा है। पड़ोस के देशों के साथ हमारे संबंधों में एक शून्यता पैदा हो गई है। किसी भी देश के लिए उसके पड़ोसियों से अच्छे संबंध होना बहुत महत्वपूर्ण होता है। हर सुख– दुख में सबसे पहले पड़ोसी ही खड़ा होता है। कहा जाता है, पड़ोसी भाग्य से मिलते हैं। मित्र तो बनाए जा सकते हैं, लेकिन पड़ोसी को नहीं बनाया जा सकता है। भारत हमेशा गुटनिरपेक्ष देशों का समर्थक रहा है। भारत ने हमेशा अपने पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंध बनाने की कोशिश की है। विभाजन में पाकिस्तान एक अलग देश बना था। उसके साथ हमारे संबंध हमेशा तनाव पूर्ण रहे। स्वतंत्रता के समय और उसके पश्चात 1965–1971 इत्यादि में हमें पाकिस्तान से बड़े युद्ध भी लड़ना पड़े हैं। 1962 में चीन के साथ भारत का युद्ध हुआ। जबकि इसके पहले भारत और चीनी भाई–भाई के नारे लगे थे। तमाम विसंगतियों के बाद भी भारत ने हमेशा अपने पड़ोसी देशों से बेहतर रिस्ते बनाने की कोशिश की। जिसके कारण भारत अन्य देशों की तुलना में लगातार विकास करता रहा। लोकतांत्रिक, सामाजिक और आर्थिक व्यवस्थाओं में भारत का प्रदर्शन हमेशा विकासशील रीष्ट्रों मे सर्वश्रेष्ठ रहा है। 1971 के युद्ध के बाद बांग्लादेश का निर्माण हुआ। भारत ने उसे पर अधिकार जमाने के स्थान पर मुजीबुर्र रहमान को वहां का शासक बनाया। बांग्लादेश को अपना एक अच्छा पड़ोसी बनाया। हमने अपनी सीमाओं को पाकिस्तान और चीन से सुरक्षित करने में कई सीमावर्ती राज्यों के साथ समझौते कर, उन्हें अपने साथ मिलाया। नेपाल, भूटान श्रीलंका, वर्मा इत्यादि देशों के साथ हमेशा हमारे सामाजिक आर्थिक और व्यापारिक रिश्ते बेहतर रहे।

पिछले कुछ वर्षो में हमारे पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते तनाव पूर्ण होते चले गए। पड़ोसी देश चीन द्वारा अपनी विस्तारवादी नीतियों के तहत भारत के पड़ोसी देशों पर अपना प्रभुत्व बढ़ाया। भारत की विदेश नीति खड़े–खड़े तमाशा देखने की रही। जिसके कारण हमारे पड़ोसी देशों के साथ वर्तमान में बहुत अच्छे संबंध नहीं है। भारत की तुलना में पड़ोसी देशों की चीन के साथ ज्यादा निकटता है। पड़ोसी देशों के साथ मिलकर चीन ने भारत की सीमाओं पर नई चुनौती खड़ी कर दी है। 2009 के बाद से बांग्लादेश और भारत के संबंध बहुत अच्छे थे। शेख हसीना की पढ़ाई लिखाई भारत में हुई थी। उन्होंने अपना कठिन समय भारत में काटा था। लेकिन यह बात भी उतनी ही सही है, 2014 के बाद से बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हमले बढ़े। भारत के अलावा चीन के साथ भी बांग्लादेश के संबंध अच्छे रहे। पश्चिम बंगाल का रेडीमेड उद्योग सारे देश की सस्ते रेडीमेड कपड़ों की जरूरत को पूरा करता रहा है। उस ओर भारत सरकार और पश्चिम बंगाल की सरकार ने ध्यान नहीं दिया। बांग्लादेश ने रेडीमेड कपड़ों के निर्यात में विशेष रूप से ध्यान दिया। चीन के बाद बांग्लादेश सबसे बड़ा रेडीमेड वस्त्रों का निर्यातक बन गया। लगातार सत्ता में बने रहने के कारण बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अहंकार और भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई। बांग्लादेश के 15 से 24 वर्ष के 30 फीसदी युवा बेरोजगार हो गए। सामाजिक विघटन बांग्लादेश में तेज हुआ। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के स्थान पर तानाशाही, शासन और प्रशासन में आ गई। भ्रष्टाचार बढ़ गया। अदानी समूह द्वारा बिजली सप्लाई का जो अनुबंध बांग्लादेश के साथ किया गया। उससे पूरे बांग्लादेश में यह संदेश गया, कि बिजली सौदे में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। जिसके कारण भारत के खिलाफ भी बांग्लादेश में वातावरण बनने लगा था। 2024 के आम चुनाव के पहले शेख हसीना ने विपक्षी दलों को जेल भेज दिया। विपक्षी दलों ने भारत सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग की थी। भारत ने बांग्लादेश का आंतरिक मामला कहकर पल्ला झाड़ लिया था। जिस तरह से शेख हसीना ने चुनाव कराए। भारी बहुमत से शेख हसीना चुनाव भी जीत गई। प्रधानमंत्री बनने के बाद भी, वह अपना सिंहासन ज्यादा दिनों कायम नहीं रख पाई। उन्हें अपना देश छोड़कर भागना पड़ा। वर्तमान में भारत के पड़ोसी देशों से बहुत अच्छे संबंध नहीं होना, सीमाओं पर लगातार कानून व्यवस्था की चुनौती, पड़ोसी देशों के साथ चीन के बेहतर संबंध, भारत के लिए चिंता बढ़ाने वाले हैं। जब सारी दुनिया की महाशक्तियां, आर्थिक मंदी और तीसरे विश्व युद्ध की कगार पर खड़ी हैं। ऐसे समय पर भारत की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पोलैंड और यूक्रेन की यात्रा पर गए हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति से उनकी मुलाकात हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ शांति का प्रस्ताव रखा है। 4 समझौते भी उन्होंने यूक्रेन के साथ किए हैं।

## ज्ज्ज्मुख्यमंत्री मोहन दिलाएंगे मनमोहन मुरली वाले से मध्य प्रदेश को नई पहचान

पवन वर्मा

भगवान मनमोहन श्रीकृष्ण के कारण देश में अब तक मथुरा, वृंदावन, द्वारका, बेटद्वारका, नाथद्वारा, और महाभारत की युद्ध भूमि कुरुक्षेत्र खासे चर्चित और धार्मिक स्थल के रूप में विख्यात और विकसित हुए हैं। भगवान श्रीकृष्ण और मध्यप्रदेश की पावन भूमि का रिश्ता भी अटूट और अनंत हैं। जिसका उल्लेख विभिन्न धार्मिक ग्रंथों एवं पुराणों में भी विस्तार से मिलता है। भगवान मुरलीधर नंदकिशोर ने मध्यप्रदेश में लंबा समय बिताया, उनकी शिक्षा दीक्षा भी यहीं पर हुई लेकिन मध्यप्रदेश भगवान कृष्ण के उस अलौकिक समय को लगभग भूल ही गया था। अब समय बदल रहा है और यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि भगवान भूतभावन महाकाल(उज्जैन), ओंकार– मांधाता(ओंकारेश्वर), भगवान राम(ओरछा), देवी शारदा(मैहर), माता बगुलामुखी(नलखेड़ा, आगर मालवा) और मां पीताम्बरा (दतिया)के साथ ही अब भगवान श्रीकृष्ण मनमोहन मुरली वाले से भी मध्यप्रदेश को नई पहचान मिलने जा रही है। अब श्रीकृष्ण से भी मध्यप्रदेश जाना और पहचाना जाए इसका बीड़ा उठाया है मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने।

मध्यप्रदेश और योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का बड़ा ही अद्भुत रिश्ता रहा है। इसके कई जीवंत उदाहरण भी हैं। इस रिश्ते को और व्यापक प्रचार प्रसार देने के लिए प्रदेश में अब श्रीकृष्ण पाथेय प्रोजेक्ट की शुरूआत होने वाली है। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के स्थलों को मध्य प्रदेश सरकार तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय ले चुकी है। इस प्रोजेक्ट के जरिए श्रीकृष्ण के तीन हजार से ज्यादा मंदिरों का रख रखाव किया जाएगा। सांदीपनि गुरूकुल की पुनर्स्थापना भी की जाएगी। यह वह जगह है जहां पर भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा प्राप्त की थी। इस गुरूकुल में 64 प्रकार की कलाओं की शिक्षा दी जाने की योजना प्रदेश सरकार की है। शिक्षा के अलावा संस्कृति पर भी यहां पर ध्यान दिया जाएगा। गुरुकुल में खेती से संबंधित कार्य होंगे, गोवंश का पालन पोषण भी यहां पर किया जाएगा। पौराणिक कथाओं और जानकारों के अनुसार सांदीपनि आश्रम के साथ ही इंदौर के जानापाव में भी भगवान श्रीकृष्ण आए थे। भगवान परशुराम की जन्मभूमि जानापाव में ही भगवान श्रीकृष्ण ने विनम्र भाव से भगवान परशुराम से सुदर्शन चक्र लिया था। मध्यप्रदेश में श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता हुई थी, इसके अलावा मध्यप्रदेश की महिदपुर तहसील के ग्राम नारायणा को कृष्ण–सुदामा मैत्री स्थल के रुप में जाना जाता है। यहीं के ग्राम चिरमिया में स्वर्ण गिरि पर्वत पर भी कृष्ण और सुदामा के चरण चिन्ह हैं। धार जिले के अमझेरा में रुक्मिणी हरण स्थल है। कहा जाता है कि यहां के अंबिकालय(अमका–झमका माता मंदिर) से भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी हरण किया था। यानि मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण के कई बार चरण पडे.। स्कन्दपुराण में भी भगवान श्रीकृष्ण और उनके भाई बलराम का उल्लेख उज्जैन को लेकर मिलता है। स्कन्दपुराण के आवन्त्यखण्ड–आवन्तीक्षेत्र–माहात्म्य के अंक पाद तीर्थ महिमा में इसका पूरा उल्लेख है। जिसमें बताया गया है कि अवन्ति जो अब उज्जैन है, में अंकपाद तीर्थ में भगवान श्रीकृष्ण और श्रीबलराम दोनों के दर्शन करने से मनुष्य को यमलोक नहीं देखना पड़ता। वह बैकुण्ठधाम में निवास करता है।

## आंध्र प्रदेश हादसा :भीषण अग्निकांड का जिम्मेवार कौन?

–नरेन्द्र भारती–

देश में हर वर्ष मजदूर दबकर व जलकर मारे जा रहे हैं। ताजा दर्दनाक अग्निकांड 21अगस्त 2024 को आंध्र प्रदेश के आनाकापल्ले जिले की एक फार्मा कम्पनी में 21अगस्त बुधवार को करीब 2 बजे आग लग गई जिसमें 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और 36 लोग घायल हो गए यहाँ 381 कर्मचारी काम करते हैं जब आग की घटना हुई तब ज्यादातर कर्मचारी लंच करने गए थे अन्यथा मरने वालों की संख्या बहुत होती' केपिस्टर रियेक्टर में ब्लास्ट होने से यह हादसा हुआ है' 23 मई को भी महाराष्ट्र के ठाणे में केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर फटने से नौ लोगों की मौत हो गई थी और साठ लोग घायल हो गए थे' 2 फरवरी 2024 को बद्दी की परफ्यूम फैक्ट्री में घटित हुआ था जहाँ 35 लोग झूलस गए थे और एक महिला की मौत हो गई थी' फैक्ट्री के प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया था आगजनी के समय करीब 50 कामगार मौजूद थे 30 कामगारों ने ऊपरी मंजिल से कूद कर अपनी जान बचा ली थी इनमे तीन की रीढ़ की हड्डी टूट गई मलिक पर लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कर लिया है इससे पहले भी बद्दी में काफी अग्निकांड हो चुके हैं लेकिन सबक नहीं सीख रहे हैं सरकारों को इस हादसे से संज्ञान लेना चाहिए' वर्ष 2019 में राजघानी दिल्ली में रानी झांसी रोड़ पर अनाज मंडी में रविवार सुबह चार बजे आग लगने से 43 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा कई लोग घायल हो गए थे। एडीआरएफ की टीम ने 56 लोगों की जान बचा ली थी। यह भीषण आग सुबह साढे चार बजे के करीब लगी थी। आग लगने का कारण शार्टसर्किट था। भारतीय दंड सहिंता की धारा 304 के अंर्तगत मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। यह मजदूर बिहार के समस्तीपुर के एक ही गांव के है। पलक झपकते ही अनाज मंडी शमशानघाट बन गई थी। लाशों के ढेर लग गए थे। चीखो पुकार मच गई थी। मजदूर खाक ह गए थे। कैसी विडंबना है कि कभी सुरगों व उद्योगों में बेमौत मारे जा रहे हैं। मगर केन्द्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है। 2024 में भी उद्योगों में आग के काफी मामले घटित हुए है। देश में मजदूरों के साथ होने वाले हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। कारखानों में जल कर मजदूर मर रहे हैं। गत वर्ष भी एक ही दिन में दो हादसों में 19 मजदूर मारें गए थे जब राजधानी दिल्ली के बाहरी जिले में स्थित बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक पटाखें की फैक्टरी के गोदाम में भीषण आग लगनें के कारण 17 लोगों की मौत हो गई थी और तीस लोग बुरी तरह झुलस गए थे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमीः अपने 'कृष्ण भाव' को प्रकट कीजिए

अवधेश झा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव वास्तव में विशुद्ध आत्मा का ही उत्सव है। श्रीकृष्ण परब्रह्म स्वरूप परमात्मा आदि नारायण के अवतार हैं और सत्य रूपी धर्म की रक्षा के लिए पृथ्वी पर प्रकट हुए और धर्म की स्थापना किए।

जस्टिस राजेंद्र प्रसाद (पूर्व न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय, पटना) से जब मैंने पूछा कि आप गीता का अध्ययन निरंतर करते रहते हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के संदर्भ में कुछ विचार दीजिए; तो उन्होंने कहा ह्लश्रीकृष्ण का स्वरूप तो सभी आत्म स्वरुप में विद्यमान है, उसे प्रकट करने की जरूरत है, अपने कृष्ण को अपने स्वरूप में प्रकट कीजिए तथा उनके कहे आत्म विचारों को अपने में धारण कीजिए। जिस कृष्ण को आप बाहर ढूंढ रहे हैं, वह चेतन स्वरूप कृष्ण आपके भीतर ही विराजमान है। उनका दर्शन कीजिए। आगे उन्होंने कहा कि ह्लश्रीकृष्ण ने गीताह्ल में कहा है किः

या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः।।

अथार्तः सम्पूर्ण प्राणियों की जो रात (परमात्मासे विमुखता) है, उसमें संयमी मनुष्य जागता है, और जिसमें सब प्राणी जागते हैं (भोग और संग्रहमें लगे रहते हैं), वह तत्त्वको जाननेवाले मुनिकी दृष्टिमें रात है। इस श्लोक को सुक्ष्म भाव से दर्शन करेंगे तो ज्ञात होगा कि; श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि, आत्मा की चार अवस्था है। प्रथम अवस्था, जिसमें आत्मा प्रकृति भाव में रहता है, दूसरी अवस्था जिसमें आत्मा स्वप्नभाव में रहता है, तीसरी अवस्था जोकि आत्मा की स्वयं की अवस्था है, (जिसे सुषुप्ति की अवस्था कहते हैं); में जागती रहती है और चौथी अवस्था तुरीय अवस्था है जोकि आत्मा की चिर अवस्था है। वास्तव में, आदिनारायण के अवतार श्रीकृष्ण आत्मा की सुषुप्ति अवस्था में ही प्रकट हुए थे। उस समय प्रकृति की समस्त जड़ भाव शांत था और समस्त चेतन भाव जागृत था और उसी अवस्था में श्रीकृष्ण रूपी मुनि प्रकट हुए। श्रीमद्भागवत गीता का अठारह अध्याय श्रीकृष्ण ने आत्मा के सुषुप्ति अवस्था के अठारह योग खंड ही है। इसका संबंध योग पथ से आत्मा की



यात्रा ही है। प्रथम अध्याय विषाद योग यहां भगवान का उदय ही आत्मा के शोक भाव को मुक्त करना था। प्रथम शोक, जो उनके आत्मस्वरुप माता – पिता, पृथ्वी, विप्र और गौ आदि को उबारे। दूसरा शोक अर्जुन को, जो धर्मयुद्ध करने से पूर्व धर्मसंकट में फंस गया था। श्रीकृष्ण के प्रकट होते ही कई युद्ध सामने खड़ा था और वह जन्म से ही श्रेष्ठ योद्धा की तरह लड़ते चले गए। वास्तव में, उनके सम्मुख जो आत्मा जिस भाव की प्रवृत्ति में (जैसे काम, क्रोध, लोभ, मोह और अंहकार) और स्मृति में (जन्म जन्मांतर का आसुरी वृति को आगे बढ़ाना) आदि से ग्रसित था; श्रीकृष्ण उन सबको उस भाव से मुक्त किए। उन्होंने अपने विराट रूप में दिखा दिया कि प्रकृति की व्यष्टि और समष्टि दोनों रूप एक ब्रह्मसूत्र की तरह उनमें पिरोया है। समस्त क्रिया उस परमसत्य के अधीन हो रहा है तथा जो जिस भाव या स्वरूप में है उसकी वैसी ही गति हो रही है। इस समस्त गति में भाव का ही रूपांतरण हो रहा है तथा आत्मा तो स्थिर, नित्य, सत्य और अविनाशी है। श्रीकृष्ण महाभारत युद्ध में एक बुद्धि रूपी सारथी की भूमिका का उत्तम और स्पष्ट उदाहरण दिए। अगर जीवन के संग्राम में आत्मा महारथी है, तो बुद्धि ही सारथी है, मन उसका लगाम है और इंद्रिय घोड़ा है। जिसके बुद्धि में भगवान का निवास हो, उसकी आत्मा संसार के समस्त धर्मयुद्ध का विजेता ही होगा। माधव ने गाय, पृथ्वी और ब्राह्मण से अपना जो लगाव दिखाया। वास्तव में, यह तीनों उन्हीं का निवास स्थल है तथा उन्हीं के आग्रह पर वह प्रकट हुए थे। अब इन तीनों को सूक्ष्मता से देखेंते तो पाएंगे कि गायह्ल पूर्ण ब्रह्म स्वरूप हैं, जिसमें परम तत्व के समस्त भाव का चेतन स्वरूप विद्यमान है। अर्थात उसमें सम्पूर्ण ब्रह्मांड का चेतन भाव स्थित है। इसलिए, आदि काल से ही गौ सेवा, गौ दान बहुत बड़ा धर्म है; इसलिए, उस धर्म स्वरूप में भगवान निवास करते हैं तथा समस्त ब्रह्मकर्म, अग्निकर्म, उपासना कर्म आदि गौ से ही सम्पन्न होता है। एक और रहस्य है कि गोविंद का गायों से संवाद अपने मुरली बजा कर करते थे। नंदबाबा के यहां नौ लाख गाय थी और एक बाल गोपाल सबको, बांसुरी के माध्यम से ही संवाद करते थे। ब्राह्मण, ब्रह्म विचारों ने स्थिर रहकर, ब्रह्म कर्म करता है। श्रीहरि तो परब्रह्म है तो वह तो ब्रह्म विचारों में ही स्थित रहेंगे तथा जैसे मुरली की ध्वनि से निःशब्द ही संवाद स्थापित करते थे, तो संवाद स्वरूप में उनका ब्रह्म संवाद ही था तथा जब – जब सत्य रूपी धर्म का नाश होता है अर्थात ब्रह्म विचारों का नाश होने लगता है। तब तब सत्य स्वरूप परमात्मा अवतार लेकर अपने ब्रह्म ज्ञान, आत्म ज्ञान का विस्तार करते हैं। उस ब्रह्म विचारों का चित तो ब्राह्मण ही है। अब पृथ्वी की बात करें तो यह समस्त क्रिया प्रकृति के पृथ्वी भाव में ही हो रहा है। पृथ्वी, तत्व, भाव और चेतन में विद्यमान है। पृथ्वी ही समस्त स्थूल शरीर और स्थूल जगत का आधार है। पृथ्वी ही समस्त कर्मकांड का भी आधार है और ईश्वर पृथ्वी के स्वरूप में ही ह्लअपने चेतन भावह्ल में भी स्थित हैं, पूजित होते हैं और दर्शन देते है। लेकिन, पृथ्वी में तमोगुण की प्रधानता के कारण इन्हें हमेशा सतोगुण की उपासना करते रहना पड़ता है। इसलिए, सत्य स्वरूप ईश्वर पृथ्वी पर प्रकट होकर बार बार असत्य का नाश करते हैं।

बाल गोपाल अपने बाल्य स्वरूप में दिखा दिया की सम्पूर्ण ब्रह्मांड उनके मुख में है। अर्थात वह आत्मा थे और प्रकृति का समष्टि भाव ह्लयह ब्रह्मांडह्ल उनके आत्म स्वरूप मुख में है। क्योंकि, समस्त ब्रह्मांडीय क्रिया आत्मा में ही विद्यमान है। दूसरा उन्होंने अर्जुन को विराट रूप में दिखाया कि उनका स्वरूप ही ब्रह्मांड है। जिसका क्षेत्र स्थूल पृथ्वी से सत्य आकाश तक है अर्थात यहां भी वह सत्य रूपी आकाश जो ब्रह्म में स्थित है; पृथ्वी का आधार है तथा वह आधार लंब श्रीकृष्ण ही हैं। इसलिए, जैसे ही आपमें श्रीकृष्ण का भाव प्रकट होगा, आप अपने चेतन स्वरूप की समष्टि भाव में स्थित हो जायेंगे और अपने श्रीकृष्ण स्वरूप आत्मा के प्राकट्य उत्सव मनाएंगे। जय श्रीकृष्ण

## संक्षिप्त खबरें

### राधे-कृष्ण रूप की कलाकृति कर प्रज्ञा पुंज स्कूल के बच्चों ने मनमोहा



बिक्रमगंज (रोहतास) प्रज्ञा पुंज पब्लिक स्कूल आरा रोड बिक्रमगंज में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के पावन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। नन्हें-मुन्हें बच्चों ने ह्यश्रीकृष्ण और राधाह्न की आकर्षक वेषभूषा में नृत्य, गायन प्रस्तुत किया। बच्चों के परिधान और उनके मनमोहक स्वरूप लोगों में आकर्षण का केन्द्र रहा। नन्हें-मुन्हें बच्चों का कृष्ण और राधा के स्वरूप में किया गया अभिनय बेहतरीन रहा। कल्पना से परे उनकी भाव भंगिमाए और अभिनय की जोरदार सराहना हुई। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापिका डॉ. संगीता शर्मा, निदेशक अभिजीत आनंद, शिक्षक मनोज पाठक, अरविंद तिवारी समेत सभी शिक्षक, शिक्षिका एवं छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

### आर्म्स एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

बिक्रमगंज (रोहतास) नगर थाना कांड भिलाई संख्या 255/24 के आलोक में आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के काली स्थान तेंदुनी चौक निवासी उमेश सिंह के 23 वर्षीय पुत्र रूपेश सिंह को बिक्रमगंज की पुलिस ने छत्तीसगढ़ पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष ललन कुमार ने दी।

### शराब कांड का फरार माफिया गिरफ्तार,10 कांडों में था संलिप्त

तिलौथू (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने तिलौथू थाना क्षेत्र के एक बड़े शराब माफिया को सासाराम से गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि तिलौथू का बहुत बड़ा शराब माफिया जो देसी एवं इंग्लिश शराब बड़े पैमाने पर कर रहा था, उसे सासाराम से गिरफ्तार कर लिया गया। शराब के मामले में तिलौथू थाना में 10 कांडों का अभियुक्त है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि तिलौथू के उत्तरपट्टी निवासी पिंटू बहुत दिनों से फरार चल रहा था। बहुत लंबे दिनों से पुलिस पिंटू की तलाश कर रही थी। जिसे पुलिस ने सासाराम से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार वह शराब का कारोबार काफी बड़े पैमाने पर करता था। इस पर शराब के 10 मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार शराब माफिया को पुलिस ने न्यायालय को सुपुर्द कर दी।

### पांच दिवसीय आयस्टर मशरूम की खेती का प्रशिक्षण सम्पन्न

आरा। कृषि विज्ञान केंद्र मांझी में आयोजित पांच दिवसीय आयस्टर मशरूम की खेती का प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया। इस दौरान डॉ सौरभ शंकर पटेल ने किसानों को मशरूम के प्रसंस्करण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक डॉ रातुल मोनी राम ने ऑयस्टर मशरूम का बैग बनाने और रखरखाव के बारे में किसानों को बताया। साथ हीं उद्यान विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र चंदोला ने प्राकृतिक खेती के महत्व एवं लाभ के बारे में सभी प्रशिक्षुओं को जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन समारोह में डॉ अभय कुमार सिंह ने प्रशिक्षुओ से प्रशिक्षण का फीडबैक लिया। वहीं सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### नगरा पुलिस ने मवेशी चोरी के आरोपित को किया गिरफ्तार

नगरा। नगरा पुलिस ने मवेशी चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान भीम नट के रूप में हुई है जो की बहुआरा पट्टी गांव का निवासी बताया जा रहा है। वहीं इस संबंध में नगरा थानाध्यक्ष विजय कुमार रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि भीम नट मवेशी चोरी के मामले में फरार चल रहा था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर घर से आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### 10 नवनियोजित महिला पर्यवेक्षिका को मंगलवार को दिया जायेगा नियोजन पत्र

छपरा कार्यालय। समाज कल्याण विभाग के तहत समेकित बाल विकास परियोजना अंतर्गत सारण जिला में उपलब्ध रिक्तियों के विरुद्ध 37 महिला पर्यवेक्षिकाओं का नियोजन किया गया है। इनमें से 27 महिला पर्यवेक्षिकाओं को उनके दस्तावेजों के सत्यापन के उपरांत पहले ही नियोजन पत्र दिया गया है। इन सब महिला पर्यवेक्षिकाओं ने योगदान भी दे दिया है। 10 अन्य नियोजित महिला पर्यवेक्षिकाओं के दस्तावेज सत्यापन का कार्य पूरा हो चुका है। इन सभी- किशोर प्रसाद सुमन, बबीता कुमारी, कुमारी श्वेता सिंह, अर्चना देवी, कुसुम शर्मा, विजया रानी, रितु कुमारी, कुमारी अंजली, कुमारी मुदिता रानी एवं ज्योति नवीन को मंगलवार को नियोजन पत्र वितरित किया जायेगा।

# भारत की सभ्यता, संस्कृति और एकता के लिए देश मे भाजपा को होना आवश्यक है : सतीशचंद्र दूबे

## भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिला सदस्यता कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मे शनिवार को जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे जिला सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन महामंत्री नरेन्द्र तिवारी और उपाध्यक्ष वंदना राजवंशी ने किया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश दूबे शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्जवलन और वंदेमातरम के साथ हुआ। मंचासीन केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष शंभु सिद्धार्थ, आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह, बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व सांसद मीना सिंह, जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, पूर्व विधायक संजय सिंह टाईगर, मुन्नी देवी, पूर्व प्रत्याशी कौशल विद्यार्थी, जिला प्रभारी संजय कुशवाहा को अंगवस्त्र और फूलमाला के साथ स्वागत किया गया। केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री सतीशचंद्र दूबे ने कार्यक्म को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व मे देश विकसित के कटेगरी मे शामिल होने की राह पर है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र देश और भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। जब केन्द्र मे पहली बार भाजपा का सरकार अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व मे बना तो देश के सभी गाँव-गाँव सड़को का जाल बिछ गया ।उनके काल मे देश का विकास होने लगा और आज जब देश मे नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री है तो सभी क्षेत्रो मे सबका विकास हो रहा है ।मोदी जी का विरोध इसलिए होता है क्योकि वे अच्छे काम करते है, सबका विकास करते है ।आज जम्मू काश्मीर से 370 हटा तो देश का एकीकरण का बल मिला ।आज भारत के अन्दर ऐसी शक्तियां सक्रिय है, जो विदेशी इशारो और पैसे के बल पर सता




पाना चाहती है और देश का बँटवारा करना चाहती है ।भारत की सभ्यता, संस्कृति, धरोहरो का रक्षा और एकता बनाए रखने के लिए देश मे भाजपा की आवश्यकता है। उन्होनें कहा कि भाजपा की सरकार मे नारी सशक्तिकरण को बल मिला है। संसद मे महिलाओं के लिए 33% आरक्षण, तीन तलाक को समाप्त कर महिलाओं को सम्मान दिया ।आज महिलाएं सभी क्षेत्रो मे आगे बढ रही है। सबसे ज्यादा जन-धन योजना मे खाता महिलाओं का खुला ।युवाओं के लिए स्टार्ट अप योजना रोजगार का मार्ग प्रशस्त किया ।इसकू अलावा आज देश के युवा विश्व मे अलग पहचान बना रहे है। केन्द्र की मोदी सरकार ने किसानो, दलितों के लिए सारी योजनाएं लायी, जिसका लाभ आज सभी को प्राप्त हो रहा है और देश के विकास मे साधक बन रहे है ।आज देश की छोटी-छोटी पार्टियां देश को बर्बाद और समाज को बाटने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पं. बंगाल मे स्थिति देखिए, जहाँ महिला मुख्यमंत्री के रहते महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। उन्होने राजद पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राजद केवल माँ, बाप, भाई, बहन का पार्टी बन कर रह जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ही देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है जहाँ बूथ और पंचायत के कार्यकर्ता भी मंत्री और सर्वोच्च पदो पर बैठते है। यहाँ कार्यकताओं का मान-सम्मान रखा जाता है। भाजपा मे ही लोकतंत्र है। आज वफ्फ वोर्ड मे संशोधन करना जरूरी है, ताकि संपत्ति पर किसी एक का अधिकार न रहे। आज बंगलादेश के एक करोड़ तीस लाख हिंदुओं के घरो की संपतियां लुटी जा रही है, लेकिन कम्युनिस्ट, कांग्रेस सहित तुष्टिकरण की राजनीति करनेवाली पाटीर्यो के मुँह पर ताला बंद है। बिहार मे 1990 से 2005 तक जंगलराज था, उसके बाद सुशील मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व मे बिहार का कानून राज स्थापित किया गया। यदि देश मे रामराज्य और कानूनराज रहे तो भाजपा का अधिक से अधिक सदस्यता हो। बिहार को विशेष पैकज से बहुमुखी विकास होगा, जिससे देश को विकसित बनने मे राह प्रशस्त होगा। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष और शाहाबाद क्लस्टर प्रभारी सिद्धार्थ शंभु ने सदस्यता अभिमान को लेकर विस्तार से चर्चा की ।उन्होने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान 01 सितम्बर से 25 सितम्बर तक देश भर मे चलेगा ।इसकी शुरूआत राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा देश के प्रधानमंत्री को सदस्यता दिलाने के साथ होगा ।सभी को भाजपा की सदस्यता लेना है ।इसके लिए जिला से चार और मंडलो मे तीन सदस्यता टीम बनायी गई है। 31 अगस्त को देश के सभी बूथो पर बैठक होगी। 25 से 27 अगस्त तक मंडलो मे कार्यशाला होगा। भाजपा की सदस्यता चार प्रकार से किया जाएगा। मोबाइल, नमोएप्प, क्यूआर कोड और फाँर्म भरकर किया जाएगा ।सभी बूथो पर कम से कम 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया ।जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने सभी कार्यकताओं को सदस्यता अभियान को मजबुती से चलाने पर जोर दिया ।उन्होने कहा कि भोजपुर जिला सदस्यता मे पूरे बिहार मे अव्वल आएगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिला सदस्यता अभियान टीम मे उदय प्रताप सिंह, वंदना राजवंशी, राजकुमार कुशवाहा, संतोष चंद्रवंशी चार सदस्यीय टीम बनाया गया है।

आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सहि ने कहा भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जो लोकतंत्र रूप से चलती है। एक सितम्बर से चलने वाली सदस्यता अभियान के तहत सभी नए, पुराने को सदस्य बनना है ।बूथ स्तर तक भाजपा की कमीटी है, इसलिए इसके सदस्य भी सबसे अधिक बनेंगे ।हमे निश्चित रूप से टारगेट पूरा करने का संकल्प लेना होगा। हमे समाज के सभी वर्ग वोट देते है और सभी वर्गो का सदस्यता भाजपा मे होगी। वहीं बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि शाहाबाद मे भाजपा को और मजबुत करने के लिए सदस्यता अभियान को मजबुती से चला कर सभी को पार्टी का सदस्य बनाना है। तरारी विधानसभा के उप चुनाव पार्टी मजबुती से लड़ेगी और निश्चित रुप से हम जीतेंगे। पूर्व सांसद मीना सिंह ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को लगना होगा ।सभी कार्यकताओं को मान-सम्मान मिले ।सभी कार्यकर्ता अपने जिम्मेवारी को समझे और पार्टी को मजबुत करे। कार्यशाला को जिला प्रभारी सौजय कुशवाहा, पूर्व विधायक संजय सिंह टाईगर, मुन्नी देवी, पूर्व प्रत्याशी कौशल विद्यार्थी आदि ने संबोधित करते हुए सदस्यता अभियान को मजबुती से सभी वर्गो के बीच चलाने पर बल दिया।

## केंद्रीय खनन एवं कोयला मंत्री सतीश चंद्र दुबे का किया गया भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

आराःभारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विशुद्ध बिभु जैन के नेतृत्व में केंद्रीय खनन एवं कोयला मंत्री सतीश चंद्र दुबे का स्वागत किया गया कोइलवर में किसान नेता और युवाओं के धड़कन राम दिनेश यादव के साथ सैकड़ो की संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकताओं के द्वारा उनका स्वागत किया गया जिसमे युवा मोर्चा के जिला महामंत्री राहुल सिंह, अंकित सिंह चंद्रवंशी जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह, अंकित तिवारी, जिला मंत्री कुणाल सिंह, मनोरंजन तिवारी, जिला प्रवक्ता राजीव सिंह, राहुल सिंह, नीतेश दुबे अरविंद यादव, सौरभ सिंह, ऋतिक




सिन्हा, अंकित कुमार, अभिषेक कुमार, सोशल मीडिया आईटी सेल प्रतीक चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र जी, लव पंडित, राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा इशू प्रकाश, प्रशांत मिश्रा, राहुल सिंह, राजन अटल, बिभु सिंह, नीरज सिंह, सन्तोष यादव, उपेंद्र यादव, कल्लू यादव, और भी बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित थे जिसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अरिहंत विजय जी।

## भ्रष्टाचार के भेट चढ़ा महज कुछ महीने पहले बना नाला निर्माण

प्रात : किरण संवाददाता

रामपुर (कैमूर) प्रखंड क्षेत्र के बेलॉव में भभुआ और चेनारी प्रखंड को जोड़ने वाले मुख्य सड़क राहगीरों के लिए बन गया है मुसीबत। यह सड़क तालाब के रूप में तब्दील हो चुकी है। हालात ऐसे हैं कि तेज बारिश होने से सड़क के किनारे दोनों तरफ बने घरों में पानी घुस जा रहा है। जहां किसानों, दुकानदारों, व्यवसाईयों से लेकर विद्यार्थियों तक के सामने गांव से निकलने में बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। मुख्य सड़क में घुटने भर से अधिक पानी जमा हो गया है। नाली निर्माण करीब 6 महीना पूर्व ही हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि नाली में अच्छे



क्वालिटी का मसाला ना देने की वजह से उसकी दीवार गिर चुका है। प्रखंड से लेकर जिले तक के अधिकारी इसी रास्ते से आते हैं लेकिन इस पर किसी भी अधिकारी की ध्यान नहीं है कुछ ग्रामीणों का कहना था कि यह कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार का नाली भेंट चढ़ने की वजह से ही यह समस्या हो रहा है। बेलॉव पंचायत के पंचायत सचिव कि दुवार्सा नंबर से जानकारी लेने के प्रयास किया गया तो उनके द्वारा मीटिंग में है कह कर के फोन रख दिया गया।

## रोहतास में भाजपा द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम में पहुंचे बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह

रोहतास (बिहार)। रोहतास जिले के डेहरी के एक निजी मैरिज हॉल में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह भी उपस्थित हुए। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा निरंतर नए सदस्यों को जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाता रहता है। इसी के तहत इन दिनों भाजपा द्वारा सदस्य अभियान चलाया जा रहा है। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी सदस्य वाली पार्टी बन गई है। वही मंत्री संतोष कुमार सिंह ने तेजस्वी यादव द्वारा बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर किए गए ट्वीट के जवाब में कहा कि तेजस्वी यादव पहले अपने माता-पिता



के कार्यकाल के क्राइम रिपोर्ट को बिहार की जनता के समक्ष रखें उनके माता-पिता के कार्यकाल में बिहार में हत्या, लूट बलात्कार, डकैती, नरसंहार और अपहरण उद्योग चलते थे। जिसके कारण उसे समय बिहार के बड़े-बड़े उद्योगपति और बिजनेसमैन बिहार से पलायन कर चुके थे। आज भी लालू राबड़ी के शासनकाल को याद कर बिहार की जनता सहम सी जाती है। लेकिन आज बिहार में डबल इंजन की एनडीए सरकार है। और एनडीए सरकार में जो भी अपराध करता है वह या तो सीधे ऊपर नहीं तो जेल की सलाखों के भीतर नजर आता है। कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष सुशील सिंह, पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण सिंह यादव, अजय यादव, बबल कश्यप, बलिराम मिश्र, संजीव गुप्ता, राजू गुप्ता, डॉ. नवीन नटराज सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संभावना स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर के शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित "शांति स्मृति" संभावना आवासीय उच्च विद्यालय परिसर में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रुप सज्जा एवं फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंच संचालन वरीय शिक्षक अरविंद ओझा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत "मैया यशोदा........" गाने से शुरू हुई। इसके बाद "छोटो सो मेरे नंद गोपाल......" गीत की प्रस्तुति नन्हे-मुन्ने बच्चों ने की। तत्पश्चात फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण, सुदामा, यशोदा का रुप धारण कर अपनी कला का जौहर दिखाया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि फैंसी प्रतियोगिता में छोटे-




छोटे बच्चों ने अपनी कला का जौहर दिखाया। इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों में अपने संस्कृति के प्रति लगाव के साथ-साथ अपनी कला के प्रदर्शन का मंच प्राप्त होता है। निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र एवं प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से सर्टिफिकेट प्रदान कर किया। रुप सज्जा प्रतियोगिता में राधा एवं कृष्ण बनने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसमें बिंदा कुमारी को प्रथम पुरस्कार (राधा), अनन्या कुमारी को द्वितीय पुरस्कार (राधा), अनसीका कुमारी को तृतीय पुरस्कार (कृष्णा), सक्षम को चतुर्थ पुरस्कार (कृष्णा) एवं सैजल को पांचवां पुरस्कार (कृष्णा) दिया गया। प्रतियोगिता के दौरान निशांत चौबे को (बलराम), भूमिका कुमारी को (यशोदा) एवं विवान को (सुदामा) की भूमिका के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वर्ग 7 से 8 की छात्राओं ने सोहर गीत से हुई। जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुक्त हो गये। सोहर गीत प्रस्तुत करने वालों बच्चों में वेदिका, रितिका, प्रियांशी, सारिका सिंह, तपस्या भारद्वाज, अर्पिता केसरी, अनन्या केसरी, सौम्या थी। कार्यक्रम के दौरान मंच परिकल्पना कला शिक्षक विष्णु शंकर एवं साज-सज्जा कला शिक्षक संजीव सिन्हा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षिका कामिनी सिंह, निशा सिंह, रानी सिंह, शशि मिश्रा, रेणू कुमारी समेत अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

## आज सिपाही भर्ती के पांचवें चरण की होगी परीक्षा, केंद्रों पर तैयारीयां पूरी

प्रात : किरण संवाददाता

भभुआ (कैमूर) केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा का पांचवां चरण आज जिले के आठ परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया जा रहा है। पिछले चार चरणों की तरह प्रशासन पांचवें चरण की परीक्षा भी कदाचार मुक्त एवं शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रशासनिक स्तर पर किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जा रही है और सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत परीक्षा केंद्र के 200 गज के परिधि में सुबह 8:00 बजे से परीक्षा समाप्ति तक निषेधाज्ञा लागू किया गया है। इसके तहत परीक्षा केंद्र के आसपास पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों को एक साथ चलना या इकट्ठा होना, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करना, कोई भी घातक हथियार या आग्नेय अस्त्र लेकर चलना या बेवजह घूमना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।



**परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन की होगी सख्ती :** प्रत्येक केंद्र पर इंस्पेक्टर स्तर के पदाधिकारी को पुलिस पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति कर दी गई है तथा डीएसपी साइबर क्राइम को पुलिस पदाधिकारी के लिए नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। सोशल मीडिया सहित संचार के अन्य माध्यमों पर भी पुलिस की गंभीरता से नजर रख रही है। जो केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती के आदेश के आलोक में अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र में प्रवेश समय भी 10:30 तक ही निर्धारित है। सभी परीक्षा केन्द्रों की साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल एवं पर्याप्त मात्रा में रौशनी के लिए जनरेटर की पूर्व व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया है। इस परीक्षा में रिपोर्टिंग समय 9:30 बजे है तथा 10:30 बजे के बाद किसी की परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पूर्व ही परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया जाएगा तथा परीक्षा समाप्त होने के पूर्व किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को टॉयलेट शौचालय जाने की अनुमति नहीं होगी।

परीक्षा में सभी परीक्षार्थियों को ई-प्रवेश पत्र तथा फोटो पहचान पत्र यथा आधार कार्ड के साथ ही प्रवेश की अनुमति होगी।

सभी परीक्षार्थियों हेतु जगह पूर्व में निर्धारित है, जिस पर परीक्षार्थियों का रोल नंबर तथा फोटो स्टिकर निश्चित रूप से चिपकाए जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा जनरेटर लगे हुए रहेंगे। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के बायोमेट्रिक, फोटो, वीडियो आदि लिए जाएंगे जिससे गड़बड़ी करने वालों की आसानी से पहचान हो सकेगी तथा सीसीटीवी तथा जैमर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। परीक्षा के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र तथा आधार कार्ड के अतिरिक्त कोई भी लेखन सामग्री लेकर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। लेखन सामग्री परीक्षा के दौरान ही केंद्र अधीक्षक द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। परीक्षा के दौरान कोई भी लिखित सामग्री, प्रवेश पत्र पर पर कोई लेख, सादा कागज, क्लिप बोर्ड, स्लाइड रूल, कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ उपकरण, डिजिटल डायरी, पैमटॉप या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाना वर्जित है ।परीक्षा कार्य में लगे कोई भी कर्मी के भी मोबाइल के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया गया है। परीक्षा आरंभ होने से 10 मिनट पूर्व शिक्षकों द्वारा परीक्षार्थियों के सामने ही प्रश्न पत्रों का पैकेट खोला जाएगा। किसी भी परिस्थिति में यूज्ड या अनयूज्ड ओएमआर शीट अथवा क्वेश्चन बुकलेट केंद्र के बाहर ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

### भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन

सासाराम (रोहतास) शनिवार को डेहरी ऑन सोन मिलन बैंकट हॉल में भारतीय जनता पार्टी रोहतास इकाई द्वारा सदस्यता अभियान हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत पंडित दीनदयाल एवं सीमा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन के पश्चात राष्ट्रीय गीत से प्रारंभ हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षताः करते हुए जिला के अध्यक्ष सुशील कुमार ने अपने अध्यक्ष के भाषण में आए हुए सभी अतिथियों का सम्मान करते हुए सदस्यता अभियान पर अपने विचार रखें। सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु जिला टीम एवं मंडल टीम भी बनाई गई है। मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद सदस्य अनिल शर्मा ने विधिवत सदस्यता अभियान चलाने की सभी प्रक्रियाओं को बारीकी से अपने कार्यकताओं के समक्ष आदान प्रदान किया। क्षेत्रीय प्रभारी शाहाबाद अशोक भट्ट ने सदस्यता अभियान हेतु 880000204 मिस कॉल कर आगे की प्रक्रिया शुरू करनी है।

## अवैध रूप से बिजली चोरी में दो लोगों पर जुर्माना सहित प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास) विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कनीय विद्युत अभियंता दावथ अर्जुन कुमार के नेतृत्व मे एक जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर दो पर प्राथमिकी दर्ज की है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच ग्राम-बहुआरा टोला के उपभोक्ता का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर धरिक्षनी देवी पर 43367 रुपए दंडित राशि लगायी गयी है। आगे बताते चलें की बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर ग्राम-मलियाबाग के संजय सिंह पर 15690 रुपये दंडित राशि लगाई गयी है। श्री सिंह से विद्युत सम्बंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं की गयी तथा परिसर मे मीटर भी नहीं लगे थें। कनीय विद्युत अभियंता, दावथ अर्जुन कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वह अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है।

## फर्जी फेसबुक आईडी से परेशान युवती ने दर्ज कराई प्राथमिकी

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव के एक युवती की सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर आईडी बनाकर परेशान करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार युवती काराकाट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सुजीत सिंह की पुत्री बताई जा रही है। जिसका नाम और प्रोफाइल फोटो इस्तेमाल कर एक फेसबुक आईडी बनाकर बदनाम करने की नियत से तरह तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे है। युवती के पिता ने बताया कि दो दिन पहले उनके पड़ोस में रहने वाले एक चाचा ने उनके भाई से बताया कि तुम्हारे बहन के नाम से एक फेसबुक आईडी बनाया गया है और मुझे मैसेज कर गंदे और भद्दे कमेंट व गालियां दिया जा रहा है, ये कौन हैं। फिर मेरे पुत्र ने आईडी देखा और मुझें बताया। युवती ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि लास्ट सावन की सोमवारी को जो मैने अपने वॉट्सएप पर स्टेटस लगाई थी उसे ही यूज किया गया है, मतलब कोई तो है जो करीबी है लेकिन मुझें बदनाम करने की भरपूर कोशिश कर रहा हैं। मुझें अलग अलग नंबर से दिन रात सैकड़ों कॉल कर गाली गलौज करते हुए धमकी दिया जा रहा है कि तुम्हे बदनाम करेंगे। जिसके बाद समाज में बदनामी से भयभीत होकर काराकाट थाने में अज्ञात के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराया है। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष रवि भूषण कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बहुत जल्द पुलिस की हाथ उस सातीर व्यक्ति तक पहुंचेगी जो इस युवती को परेशान व ब्लैकमेल कर रहा है।


### सरकार रोहतास जिला के निष्क्रिय पुलिस अधिकारियों को हटाए : आशुतोष सिंह

सासाराम। आशुतोष सिंह मुख्य प्रवक्ता बिहार प्रदेश सह प्रदेश उपाध्यक्ष बिहार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने बयान जारी कर कहा कि बडी थाना जिला रोहतास में थाना गेट के बाहर कुछ दुरी पर ही लूट व्यासाई की लुट के दरमेयान गोली मारकर हत्या कर दी जाती है, पुलिस ना मुठभेड़ में अपराधी को मारने कि कोशिश करती है और ना हि वह अपराधियों को गिरफ्तार करती हैं बल्कि आम जनता जब घटना के बाद आकरोर्षित होती हैं तो आम आदमी पर हि लाठी चार्ज कर फिर एफआईआर कर गिरफ्तार करती हुई है, यह बहुत ही निंदनीय घटना है, पुलिस अभी तक कई दिन बित चुके स्वर्ण व्यासाई के हत्यारे अभी तक गिरफ्तार नहीं हो सके हैं, यह बहुत ही निंदनीय है, बद्दी थाना अध्यक्ष को सस्पेंड के साथ-साथ बर्खास्त करें।


## एथनॉल कंपनी में 1 करोड़ एथेनॉल का लक्ष्य पूरा होने पर मनी खुशी

प्रात : किरण संवाददाता

नावानगर (बक्सर) प्रखंड के स्थानीय गांव स्थित भारत प्लस एथनॉल प्राइवेट लिमिटेड नावानगर बक्सर बिहार ने 1 करोड़ लीटर एथनॉल बनाने का लक्ष्य पूरा किए जाने को लेकर एथेनॉल कंपनी खुशियों से झूम उठा और एथेनॉल प्लांट में खुशियों का जशन मनाते पांच पौंड का एक केक काटा और एक दूसरे को बधाई देते जमकर खुशियां मनाई गई। ज्ञात हो कि लक्ष्य से पहले एक करोड़ लीटर एथनॉल बनाने का लक्ष्य पूरा कर इसे केरल, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, उड़ीसा भेजा गया। इससे बिहार का नाम रौशन तो हुआ इससे स्वालंबी बिहार बनाने की चाह एक अंश तक पूरी हुई जहां बिहारियों का बिहारी होने का गर्व भी प्राप्त हुआ ।इस आशय की



जानकारी देते व पुष्टि करते एथेनॉल प्लांट के उद्योगपति सह सीएमडी अजय कुमार सिंह ने बताया कि नवानगर बक्सर स्थित भारत प्लस एथनॉल प्लांट ने अपना पहला टारगेट समय से पहले पूरा कर लिया है और 1 करोड़ लीटर एथनॉल बनाने का उत्पादन कर लिया है ।आगे उन्होंने बताया कि एथेनॉल बनाने का मुख्य सामग्री व कच्चा माल, मक्का, की खपत की मांग बढ़ी ।आज प्लांट में केक काट कर और मक्का उत्पादन करने वाले किसानों की खेती में भी दिल लगा और उनकी आमदनी बढ़ी ।पूर्व में मक्का की कीमत किसानों के 12 से 15 रुपए प्रति किलो मिलता था आज मक्का के कीमत में भी बढ़ोतरी हुआ। जिस मक्का को किसानों से सीधे 22 से 24 रुपए प्रति किलो खरीदा गया और एथेनॉल का निर्माण किया गया ।यही नहिआगे उन्होंने कहा कि इस एथेनॉल प्लांट के लगने से 1 हजार से ज्यादा लोगों को अभी तक रोजगार मिला है और आसपास के मार्केट की आय भी बढ़ी है ।मक्का उत्पादन के किसान नीरज सिंह भोजपुर के बारे में बताते हैं कि 20 एकड़ की खेती करने का प्लान था लेकिन उस किसान को 5 एकड़ के मक्का की खेती में ही 20 एकड़ का लाभ प्राप्त हो गया ।इस तरह किसानों की आय भी बढ़ी है ।एक करोड़ लीटर एथेनॉल बनाने में 23 हजार टन मक्का की खपत हुआ ।जिसका सीधा फायदा किसान को हुआ ।आगे सीएमडी ने कहा कि सेलिब्रेशन किया गया 31 मार्च 2025 तक यह भारत प्लस एथेनॉल लिमिटेड का टारगेट 2 करोड़ लीटर एथेनॉल बनाने का है ।जिसके लिए 50 हजार टन मक्का किसानों से खरीदने का प्लान है ।कंपनी में उत्पादन को लेकर खुशियों का जशन मनाते कम्पनी के वीसी जितेंद्र सिंह, जीएम अजीत शाही के साथ कम्पनी के अधिकारियों ने एक साथ मिलकर केक काटा और एक दूसरे को केक खिलाते खुशियां का इजहार किया ।नावानगर में भारत प्लस एथेनॉल लिमिटेड के आने से नावानगर का किस्मत बदल सा गया है ।एथेनॉल प्लांट बनाने के बाद पेप्सी कोका कोला जैसी ड्रिंक बनाने वाली कंपनी भी अपनी बॉटलिंग प्लांट लगा रही है।



## करीना कपूर पर भड़के अक्षय कुमार, यह तुम्हारे साथ मेरी आखिरी फिल्म है



अक्षय कुमार ने करीना कपूर के साथ कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। आखिरी बार ये जोड़ी फिल्म 'गुड न्यूज' में नजर आई थी। हाल ही में इस फिल्म का सीक्वल बैड न्यूज प्रदर्शित हुआ था, जिसमें विक्की कौशल, एमी विर्क और तृप्ति डिमरी दिखाई दिए थे। गुड न्यूज के प्रमोशन के दौरान अक्षय कुमार करीना कपूर पर भड़क गए थे। उन्होंने करीना से यहाँ तक कह डाला था कि यह तुम्हारे साथ मेरी आखिरी फिल्म है। यह उस वक्त की बात है जब अक्षय कुमार, करीना कपूर, दिलजीत दोसांझ और कियारा आडवाणी कपिल शर्मा के शो पर अपनी फिल्म गुड न्यूज का प्रमोशन करने पहुँचे थे। शो के दौरान करीना कपूर खान ने एक ऐसा कदम उठाया था, जिसे देखते हुए अक्षय कुमार उन पर भड़क गए थे।

दरअसल शो में करीना ने कपिल शर्मा के साथ काफी मस्ती की थी। इसी बीच उन्होंने अक्षय को खुद के पास से हटाकर कपिल शर्मा को बैठा लिया। ये बात एक्टर को बिल्कुल पसंद नहीं आई और उन्होंने करीना को धमकी दे डाली कि ये तुम्हारी मेरी आखिरी फिल्म है।

अक्षय यहीं नहीं रूके, उन्होंने आगे करीना कपूर से ये भी कहा कि अब तुम कपिल शर्मा के साथ ही फिल्में करना। अब आप सोच रहे हैं कि अक्षय और करीना के बीच सच में अनबन हो गई है, तो घबराइए नहीं ये सब अक्षय ने सिर्फ मजाक में कहा था। वक्त की बात है कि अक्षय कुमार की गुड न्यूज के बाद जितनी भी फिल्मों का प्रदर्शन हुआ है, उनमें से किसी एक में भी करीना कपूर नजर नहीं आई हैं। और सबसे बड़ी बात यह है कि इस फिल्म के बाद अक्षय कुमार ने सूर्यवंशी को छोड़कर कोई और बड़ी फिल्म भी नहीं दी है। असफलता के बावजूद उन्हें लगातार फिल्मों के प्रस्ताव मिल रहे हैं और वे उनमें काम कर रहे हैं लेकिन करीना कपूर खान किसी भी फिल्म में उनके साथ नहीं हैं। वैसे भी कहा जाता है कि 24 घंटे में एक बार देवी सरस्वती हर किसी की जबान पर बैठती है हो सकता है जब अक्षय कुमार ने यह बात कही हो तब देवी सरस्वती उनकी जुबान पर बैठी हों।




## हाउसफुल 5 से जुड़ीं जैकलीन फर्नांडीज

अक्षय कुमार अभिनीत हाउसफुल सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फेंचाइजी में से एक है। निर्माता इसकी पांचवीं किस्त लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और इसकी घोषणा भी कर दी गई है। इस बार अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के साथ फरदीन खान भी होंगे। हालांकि, इस बीच एक रिपोर्ट आ रही है कि मेकर्स ने एक फीमेल लीड को फाइनल कर लिया है और वह कोई और नहीं बल्कि जैकलीन फर्नांडीज हैं। रिपोर्ट मात्र ने फिल्म के लिए प्रशंसकों के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है। निर्माता साजिद नाडियाडवाला पुरुष अभिनेताओं की प्रभावशाली लाइनअप के साथ सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, फरदीन खान और संजय दत्त जैसे सितारे शामिल हैं। स्टारकास्ट, फेंचाइजी में नई ऊर्जा लाने का वादा करती है, जो एक क्रूज की पृष्ठभूमि पर आधारित है। 300 करोड़ रुपये के चौंका देने वाले बजट के साथ हाउसफुल सीरीज की सबसे महंगी फिल्म मानी जाने वाली इस किस्त का लक्ष्य फेंचाइजी को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। इन स्टार-स्टडेड पुरुष अभिनेताओं के साथ, जैकलीन फर्नांडीज को मुख्य महिला कलाकारों में से एक के रूप में चुना गया है। रिपोर्ट की मानें तो इस कॉमेडी फिल्म में वह अक्षय कुमार के अपोजिट नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जैकलीन हाउसफुल फेंचाइजी में वापसी के लिए उत्साहित हैं। वह कॉमिक स्पेस का आनंद लेती हैं और साजिद नाडियाडवाला और हाउसफुल फेंचाइजी के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने से खुश हैं। जानकारी तो यह भी है कि साजिद तीन अन्य ए-लिस्टर अभिनेत्रियों को कलाकारों की सूची में शामिल करने के लिए चर्चा कर रहे हैं, जिसकी आधिकारिक घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है। हाउसफुल 5 पहले इसी साल दिवाली के अवसर पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट को 6 जून 2025 तक बढ़ा दिया गया है। साजिद नाडियाडवाला ने पिछले दिसंबर में इंस्टाग्राम पर फिल्म में देरी की घोषणा की थी। तरुण मनसुखानी द्वारा निर्देशित हाउसफुल 5 में एक बार फिर अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख और संजय दत्त दिखाई देंगे, जो प्रिय फेंचाइजी की निरंतरता को बरकरार रखने का सबूत देती है।

## सम्मान जिम्मेदारी लेकर आते हैं



दक्षिण भारतीय फिल्म 'कंतारा ने ना सिर्फ साउथ बल्कि विश्व भर में अपने कंटेंट और अभिनय के लिए सराहना बटोरीं। फिल्म को हिंदी पट्टी में भी हाथों हाथ लिया गया। अपने शानदार काम के चलते इसने राष्ट्रीय पुरस्कार पर भी कब्जा जमा लिया। अब 'कंतारा' के लिए दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतने वाले अभिनेता और फिल्म निर्माता ऋषभ शेट्टी ने पीटीआई से बातचीत में अपने अनुभवों को साझा किया। बता दें कि शेट्टी इन दिनों कंतारा के प्रीक्वल पर काम कर रहे हैं। अभिनेता ने फिल्म को मिले पुरस्कार को लोगों के द्वारा मिले आशीर्वाद का परिणाम बताया। अभिनेता ने बातचीत में कहा, 'ऐसी बहुत सी कहानियां हैं जो मैं समाज में जो कुछ भी देखा है, उसके बारे में बताना चाहता हूं। यह वे लोग हैं जिन्होंने पहली फिल्म को इतनी बड़ी हिट बनाया। हमें बेहतर कंटेंट देना होगा। अधिक मनोरंजन करना होगा और अधिक मेहनत करनी होगी। अभिनेता और निर्माता ऋषभ शेट्टी के मुताबिक पुरस्कार और अधिक जिम्मेदारी लेकर आता है। उन्होंने कहा, अब यह हम पर अधिक जिम्मेदारी की तरह है। इस तरह के पुरस्कार आपको और अधिक अच्छा काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। हम पूरे दिल से फिल्म बनाते हैं। लोगों को यह पसंद आनी चाहिए, यही मुख्य विचार है।'



## आईफा अवॉर्ड्स 2024 की मेजबानी करेंगे शाहरूख खान-करण जौहर

सुपरस्टार शाहरुख खान और फिल्म निर्माता-निर्माता करण जौहर एक साथ मिलकर इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स (आईफा) 2024 की मेजबानी करेंगे। यह पुरस्कार समारोह 28 सितंबर को अबू धाबी के यास द्वीप में होगा। पुरस्कार समारोह में शाहिद कपूर समेत बॉलीवुड के कई नामचीन कलाकार अपने शानदार प्रदर्शन से मंच पर चार चांद लगा देंगे। अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार 2024 तीन दिवसीय आयोजन होगा, जो 27 सितंबर से 29 सितंबर तक चलेगा। पहला दिन यानी 27 सितंबर आईफा उत्सव का दिन है, जिसमें चार दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग जश्न मनाएंगे। दूसरा दिन यानी 28 सितंबर आइफा अवॉर्ड्स की रात है। उत्सव का आखिरी दिन, 29 सितंबर, संगीत उद्योग के लिए आईफा रॉक्स को समर्पित है। शाहरुख खान ने आईफा अवार्ड्स के 24वें संस्करण की मेजबानी के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, आईफा भारतीय सिनेमा का उत्सव है, जिसकी गूंज दुनिया भर में सुनाई देती है और वर्षों से इसके सफर का हिस्सा बनना अद्भुत रहा है। मैं आईफा की ऊर्जा, जुनून और भव्यता को एक बार फिर दिखाने करने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि हम इस सितंबर में भारतीय सिनेमा के अविस्मरणीय उत्सव के लिए तैयार हैं। करण जौहर ने आईफा के 24वें संस्करण की मेजबानी के लिए अपनी वापसी की घोषणा करते हुए अपनी खुशी व्यक्त की।




## जी5 की सीरीज ग्यारह ग्यारह ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, बना साल का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला शो

ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 की ओरिजनल वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह 9 अगस्त को स्ट्रीम हुई। राघव जुयाल, कृतिका कामरा और धैर्य करवा जैसे सितारों से सजी इस वेब सीरीज ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धमाल मचा दिया है। शो की अनोखी कहानी और कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। यही कारण है कि यह जी5 पर 2024 की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज बन गई है। ऑस्कर जीतकर भारत का नाम रोशन करने वालीं प्रोड्यूसर और फिल्म मेकर गुनीत मोंगा ने करण जौहर के साथ मिलकर यह सीरीज प्रोड्यूस की है। ग्यारह ग्यारह कोरियाई सीरीज 'सिगनल' की आधिकारिक हिंदी रीमेक है। वेब सीरीज 'ग्यारह ग्यारह' एक अपराध गाथा है जिसमें विज्ञान और विश्वास दोनों को कुछ यूं तरह घोला गया है कि कहानी अविश्वसनीय होते हुए भी समय की तरंगों पर नई तान गढ़ती रहती है।


उमेश बिष्ट के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'ग्यारह ग्यारह' दो अलग-अलग युगों के पुलिस अधिकारियों की एक रोचक कहानी है, जो एक रहस्यमय वॉकी-टॉकी से जुड़े हैं और अतीत और वर्तमान पर इसका प्रभाव पड़ता है। 1990 के दशक के वरिष्ठ जासूस शौर्य अंथवाल (धैर्य करवा) और एक युवा पुलिस अधिकारी युग आर्या (राघव जुयाल ) खुद को एक ऐसे संचार उपकरण से जुड़ा हुआ पाते हैं, जो रात 11.11 बजे 60 सेकंड के लिए सक्रिय होता है। वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह में गौतमी कपूर, हर्ष छाया, पूर्णेंदु भट्टाचार्या, मुक्ति मोहन, गौरव शर्मा भी हैं। इस क्राइम शो के टॉप पर आने से साफ हो गया है कि लोगों को इसकी कहानी काफी पसंद आ रही है। साथ ही कलाकारों का शानदार प्रदर्शन उन्हें काफी प्रभावित कर रहा है। लोगों से मिल रहे अपार प्यार पर खुशी व्यक्त करते हुए गुनीत मोंगा कपूर ने कहा, मैं बेहद खुश हूं कि ग्यारह ग्यारह को इस साल जी5 पर किसी भी वेब सीरीज का सबसे बड़ा शुरुआती वीकएंड आंकड़ा मिला और यह अब 2024 की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज बन गई है।

इस बड़ी उपलब्धि पर निर्देशक उमेश बिष्ट का कहना है, ग्यारह ग्यारह जैसी कहानी बताने का अवसर फिल्म निर्माताओं के लिए एक सपना है। मैं भारतीय दर्शकों के लिए ऐसी जादुई कहानी पर विश्वास करने के लिए सिख्या एंटरटेनमेंट और धर्माटिक एंटरटेनमेंट के निर्माताओं की अपनी टीम और हमारे ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 को धन्यवाद देता हूं। जब लेखन शुरू हुआ, तभी से हमें पता था कि हम किसी असाधारण चीज पर काम कर रहे हैं। यह हमारे कलाकारों और क्रू की अद्भुत टीम थी, जिसने मेरी दृष्टि को साकार करने में मेरी मदद की। प्रीमियर के बाद से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने हमारी सभी उम्मीदों को पार कर लिया है। प्रशंसकों से प्यार और संदेशों का प्रवाह अविश्वसनीय रहा है। इसे 2024 की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली श्रृंखला बनते देखना अवास्तविक है।


### कहां शुरू कहां खतम

## आशिम ने तोड़ी शादी तो भगोड़ी दुल्हन बनीं ध्वनि





गायिका ध्वनि भानुशाली गायकी में अपना हुनर पहले ही दिखा चुकी हैं। अब वे अपने बॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। वे कहां शुरू कहां खतम फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। आज आखिरकार फिल्म का ट्रेलर जारी हो गया है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ट्रेलर कॉमेडी ड्रामा का भरपूर डोज दे रहा है। फिल्म की कहानी शादी के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में भानुशाली के साथ आशिम गुलाटी हैं और इसका निर्देशन सौरभ दासगुप्ता ने किया है। शादी की कहानी पर आधारित ट्रेलर में ध्वनि को मंडप से भागी हुई दुल्हन और आशिम गुलाटी को शादी तोड़ने वाले के रूप में दिखाया गया है। कहानी एक दिलचस्प मोड़ लेती है, जब आशिम के घर वाले ध्वनि को बहू मान लेते हैं और उन्हें अरेंज मैरिज के बंधन में बंधकर रहना पड़ता है। इसके बाद उनकी अरेंज्ड एक्सीडेंटल लव स्टोरी शुरू होती है। लक्ष्मण उटेकर की फिल्म कहां शुरू कहां खतम 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड और कठपुतली क्रिएशन्स प्रोडक्शन की इस युवा संगीतमय पारिवारिक मनोरंजक फिल्म का निर्माण विनोद भानुशाली, लक्ष्मण उतेकर, करिश्मा शर्मा और कमलेश भानुशाली द्वारा किया गया है।



## 'द फैमिली मैन 3' के बाद भी जारी रहेगा श्रीकांत का सफर, चौथे सीजन पर आया बड़ा अपडेट

द फैमिली मैन के बहुप्रतीक्षित तीसरे सीजन में मनोज बाजपेयी देसी जेम्स बॉन्ड श्रीकांत तिवारी के रूप में वापस एक्शन में आने के लिए तैयार हैं। प्रशंसक नए सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच ताजा रिपोर्टों से पता चलता है कि तीसरा सीजन लोकप्रिय जासूसी थ्रिलर का अंत नहीं होगा। जी हां, सीरीज की कहानी अभी और आगे बढ़ेगी और यह कितने सीजन तक जारी रहेगी आइए जान लेते हैं-

रिपोर्ट के मुताबिक, द फैमिली मैन 3 की शूटिंग चल रही है। इसी बीच निर्माता राज और डीके पहले से ही चौथे और अंतिम सीजन पर विचार कर रहे हैं। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, तीसरे सीजन की शूटिंग चल रही है और टीम में हर कोई इस बात को लेकर उत्साहित है कि यह कैसे आकार ले रहा है। इसके साथ ही सीरीज को चौथे संस्करण के साथ साइन करने की भी चर्चा चल रही है। राज-डीके इस समय इस पर विचारकर रहे हैं और अभी अंतिम निर्णय लेना बाकी है।

द फैमिली मैन का प्रीमियर साल 2019 में हुआ। इस कॉमेडी और जासूसी से भरपूर सीरीज ने दर्शकों का दिल जीत लिया। मनोज बाजपेयी, प्रियामणि और शारिब हाशमी अभिनीत यह शो बेहद हिट रहा। दूसरे सीजन ने उत्साह को और बढ़ा दिया, जिससे तीसरे सीजन का स्तर ऊंचा हो गया। जानकारी के अनुसार, सीरीज को खत्म करने का विचार अभी शुरुआती चरण में है। तीसरे सीजन को समाप्त करने के बाद ही सभी हितधारकों के साथ चर्चा होगी और अंतिम निर्णय लिया जाएगा। चौथे सीजन की स्क्रिप्टिंग पहले ही शुरू हो चुकी है, टीम नई स्क्रिप्ट पर काम करने के लिए तीसरे सीजन के शूटिंग शेड्यूल में ब्रेक का उपयोग कर रही है। हालांकि, निर्माताओं की तरफ से अभी इस बात की पुष्टि नहीं की गई है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती जा रही है, प्रशंसकों को एक रोमांचक सफर देखने को मिल रहा है। यह देखना बाकी है कि क्या यह श्रीकांत तिवारी के कारनामों का अंत होगा, लेकिन एक बात जाहिर है कि निर्माता अपनी प्रिय सीरीज के लिए एक यादगार समापन देने के लिए समर्पित हैं।

## जन्मदिन से पहले मिकोनोस में छुट्टियां मना रही हैं करिश्मा तन्ना

अभिनेत्री करिश्मा तन्ना अपने पति वरुण भट्ट बंगेरा के जन्मदिन से पहले उनके साथ मिकोनोस के खूबसूरत स्थान पर पहुंच गई हैं। करिश्मा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी फ्लाइट, गेम नाइट और होटल के कमरे से समुद्र के मनमोहक नजारे की तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में वह अपने पति का हाथ थामे हुए थीं और उन्होंने कैप्शन दिया - हम चलते हैं। बाद में वह अपना सिर पति के कंधे पर टिकाए हुए देखी गईं, उन्होंने पोस्ट में कैप्शन दिया - प्यारा और नींद भरा महसूस कर रही हूं। काम की बात करें तो करिश्मा ने 2001 में सबसे लंबे समय तक चलने वाले पारिवारिक ड्रामा क्योंकि सास भी कभी बहू थी से टेलीविजन पर शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने नागिन 3, कयामत की रात, कहीं तो मिलेंगे, मंशा, देश में निकला होगा चांद, कोई दिल में है, कुसुम, रात होने को, एक लड़की अंजानी सी, प्यार के दो नाम- एक राधा, एक श्याम, जाने पहचाने से ये अजनबी, सजन रे झूठ मत बोलो, करले तू भी मोहब्बत जैसे शो में अभिनय किया है। उन्होंने विवादास्पद रियलिटी शो बिग बॉस 8, डांस रियलिटी शो नच बलिए 7 में भी हिस्सा लिया है और फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 10 की विजेता बनकर उभरीं। टीवी और फिल्मों के अलावा, अभिनेत्री ने कानूनी वेब सीरीज गिल्टी माइंड्स में भी काम किया है, जिसमें श्रिया पिलगांवकर और वरुण मित्रा मुख्य भूमिका में हैं। अभिनेत्री ने हश हश सीरीज में इंस्पेक्टर गीता की भूमिका निभाई, जिसमें जूही चावला, आयशा जुल्का, कृतिका कामरा, शहाना गोस्वामी और सोहा अली खान मुख्य भूमिका में थीं।






## संक्षिप्त समाचार

### एथर एनर्जी अपनी दूसरी इंटरनेशनल मार्केट श्रीलंका में प्रवेश करने जा रही है




**मुंबई, एजेंसी।** भारत की प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी एथर एनर्जी ने अपने दूसरे अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार श्रीलंका में विस्तार करने की योजना की घोषणा की है। एथर एनर्जी आगामी तिमाही में श्रीलंकाई बाज़ार में अपना पहला एक्सपीरियंस सेंटर इवोल्यूशन ऑटो प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से खोलेगी, जो सेंसेई कैपिटल पार्टनर्स, आत्मन ग्रुप और सिनो लंका प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक ज्वाइंट वेंचर है। नवंबर 2023 में, एथर ने नेपाल में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी, जिससे कंपनी का अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में प्रवेश हुआ था। उनके नेशनल डिस्ट्रीब्यूटर के तौर पर इवोल्यूशन ऑटो प्राइवेट लिमिटेड श्रीलंका में एथर एनर्जी की सेल और सर्विस ऑपरेशंस का प्रबंधन करेगा। इसके अलावा एथर देश भर में फास्ट-चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का एक नेटवर्क स्थापित करने पर भी फ़ोकस करेगा, ताकि इलेक्ट्रिक वाहन लेने की प्रक्रिया को आसान बनाया जा सके और इसमें ग्राहकों को किसी तरह की परेशानी पेश ना आये। इस योजना के बारे में बोलते हुए एथर एनर्जी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी, रवनीत सिंह फोकेला ने कहा, हम श्रीलंकाई बाज़ार में प्रवेश करते हुए बहुत रोमांच अनुभव कर रहे हैं। नेपाल के बाद, जहां हमने पिछले साल अपनी उपस्थिति दर्ज की थी, श्रीलंका मार्केट हमारे ग्लोबल मार्केट के विस्तार की योजना का हिस्सा रहा है। पेट्रोल वाहनों के रखने में बढ़ती लागतों और इलेक्ट्रिक वाहनों के आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों के चलते, श्रीलंका के बाज़ार में ईवी के लिए पंसद बढ़ती दिखाई दी है। एथर के साथ साझेदारी पर बोलते हुए इवोल्यूशन ऑटो के सीईओ ज़हरान ज़ियाउद्दीन ने कहा, इवोल्यूशन ऑटो में हमारा मिशन श्रीलंका में एक टिकाऊ परिवहन को सामने लाना है

### फैंटम एफएक्स ने वित्त वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में एबिटडा में 20 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की रिपोर्ट दी

**चेन्नई, एजेंसी।** एक क्रिएटिव विजुअल इफेक्ट्स (वीएफएक्स) स्टूडियो, फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री विजय अर्पुथराज ने कहा , वित्त वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में व्यूहात्मक पहल और हाई क्वालिटी वीएफएस सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता द्वारा चालित हमारे वित्तीय परिणामों ने शानदार वृद्धि प्रदर्शित की. कुल आय 13 प्रतिशत वार्षिक बढ़कर 27 करोड़ हुई जबकि प्रभावी लागत मैनेजमेंट और परिचालन कार्य कुशलता के चलते एबिटडा 20 प्रतिशत वार्षिक बढ़कर 11 करोड़ हुआ.

# अडानी का बांग्लादेश पर 6711 करोड़ रुपया बकाया, अगर नहीं चुकाया तो पड़ोसी देश पर आ सकता है संकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के दूसरे सबसे अमीर और अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी का बांग्लादेश पर अरबों रुपया बकाया है। यह रुपया अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पावर का है। अगर बांग्लादेश ने यह रकम नहीं चुकाई तो इस पड़ोसी देश पर नया संकट आ सकता है। बता दें कि हाल ही में बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन हुए थे। इस प्रदर्शन के कारण सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देने के बाद देश छोड़ना पड़ा था। ऐसे में अडानी पावर का पैसा चुकाने की जिम्मेदारी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर है।



अडानी पावर बांग्लादेश को बिजली की सप्लाई करती है। बांग्लादेश पर अडानी पावर का 80 करोड़ डॉलर (करीब 6711 करोड़ रुपये) बकाया है। बांग्लादेश में तख्तापलट होने के बाद अडानी की यह रकम फंस गई है। जानकारों के मुताबिक अगर बांग्लादेश इस रकम का पेमेंट नहीं करता है तो कंपनी बांग्लादेश को बिजली की सप्लाई रोक सकती है। ऐसे में बांग्लादेश के सामने अंधेरे में डूबने का संकट पैदा हो जाएगा। अडानी पावर झारखंड में लगे अपने पावर प्लांट से बांग्लादेश को बिजली की सप्लाई करता है।

### बांग्लादेश की सरकार को पूरी जानकारी

इस बकाया रकम के बारे में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को पूरी जानकारी है। बांग्लादेश बैंक के नए गवर्नर अहसान एच मंसूर ने ब्लूमबर्ग को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि अगर हम अडानी पावर को यह रकम नहीं चुकाते हैं तो कंपनी हमें बिजली देना बंद कर देगी। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार इस मसले के समाधान निकालने की कोशिश कर रही है। फिलहाल अडानी पावर की बिजली काटने की कोई योजना नहीं है। हालांकि अगर कर्जदार और कोयला सप्लाई करने वालों ने अगर कंपनी पर दबाव बनाया तो उसे कड़े कदम उठाने पड़ सकते हैं।

### कंपनी पर पड़ेगा असर

बांग्लादेश अगर यह भुगतान देरी से करता है तो इससे कंपनी के संचालन पर भी असर पड़ेगा। दरअसल, अडानी ग्रुप पिछले कुछ समय से देश के बाहर तेजी से अपने कदम फैला रहा है। इनमें पड़ोसी देशों श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल पर खास नजर है। अगर बांग्लादेश बिजली का भुगतान रोकता है या देरी से करता है तो अडानी ग्रुप की इन देशों में चल रहीं योजनाओं को झटका लग सकता है। अडानी पावर के अलावा देश की दूसरी कंपनियां भी बांग्लादेश को बिजली की सप्लाई करती हैं। इन कंपनियों में एनटीपीसी लिमिटेड और पीटीसी इंडिया लिमिटेड समेत भारत की कुछ अन्य सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियां भी शामिल हैं। इस बात की कोई जानकारी नहीं मिली है कि क्या इन कंपनियों का बांग्लादेश पर कुछ बकाया है या नहीं।

## 28 अगस्त को खुलने जा रहा है ईसीओएस मोबिलिटी एंड हॉस्पिटैलिटी का आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीओ पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए गुड न्यूज है। ईसीओएस (इंडिया) मोबिलिटी एंड हॉस्पिटैलिटी आईपीओ ओपन होने जा रहा है। कंपनी का आईपीओ निवेशकों के लिए 28 अगस्त को खुल जाएगा। कंपनी ने इस आईपीओ के लिए प्राइस बैंड का ऐलान कर दिया है। आइए डीटेल्स में जानते हैं इस कंपनी के आईपीओ के विषय में - कंपनी ने दी जानकारी में बताया है कि उनका आईपीओ 28 अगस्त से 30 अगस्त तक खुला रहेगा। 2 रुपये के फेस वैल्यू वाले शेयरों के लिए 318 रुपये से 334 रुपये प्राइस बैंड तय किया गया है। कंपनी का आईपीओ एंकर निवेशकों के लिए 27 अगस्त को खुलेगा। इस आईपीओ का लॉट साइज 44 शेयर का है। जिस वजह से निवेशकों को कम से कम 14,696 रुपये का दांव लगाना ही होगा। कंपनी ने बताया है कि क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए अधिकतम 50 प्रतिशत शेयर जारी किया जा सकता है। वहीं, रिटेल निवेशकों के लिए कंपनी कम से कम 35 प्रतिशत शेयर जारी करेगी। वहीं, नॉन इंस्टीट्यूशनल इंवेस्टर्स के लिए कम से कम 15 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित रहेगा।

## रूस से कच्चा तेल खरीदने के मामले में चीन से भी आगे निकला भारत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत रूस से कच्चा तेल आयात करने के मामले में जुलाई महीने में चीन से भी आगे निकल गया। आरटी डॉट कॉम ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। नई दिल्ली मास्को की ओर से दी गई छूट के कारण कच्चे तेल की खरीद बढ़ा रही है क्योंकि रूस पर यूक्रेन से संबंधित प्रतिबंधों के कारण पश्चिमी देशों को खुले तौर पर ऊर्जा निर्यात नहीं कर पा रहा है।

व्यापार और उद्योग स्रोतों से जुटाए गए भारतीय शिपमेंट के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई महीने में भारत के कुल आयात में रूसी कच्चे तेल का 44त्न हिस्सा रहा। भारत प्रति दिन 2.07 मिलियन बैरल प्रति दिन (बीपीडी) कच्चे तेल का आयात कर रहा है, जो जून की तुलना में 4.2त्न अधिक है और एक साल पहले की तुलना में 12त्न अधिक है। जुलाई में पाइपलाइनों और शिपमेंट के माध्यम से रूस ने चीन को कुल 1.76 मिलियन बीपीडी कच्चे तेल का निर्यात किया। चीनी सीमा शुल्क के आंकड़े इसकी पुष्टि करते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि चीनी रिफाइनरों द्वारा खरीद में यह गिरावट ईंधन के उत्पादन से कम लाभ मार्जिन के कारण दर्ज की गई है। पश्चिमी देशों की ओर से मॉस्को पर प्रतिबंध लगाने और यूक्रेन में संघर्ष के जवाब में अपने ऊर्जा आयात में कटौती करने के बाद भारतीय रिफाइनर फरवरी 2022 से रियायती रूसी तेल की खरीद बढ़ा रहे हैं। एक भारतीय रिफाइनिंग सूत्र ने रॉयटर्स को बताया, रूसी तेल के लिए भारत की जरूरत तब तक बढ़ने वाली है जब तक कि प्रतिबंधों को और कड़ा नहीं किया जाता है।

# फिर बढ़ा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर भारत को एक बार फिर से खुशखबरी मिली है। बीते 16 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान इसमें 4.54 बिलियन की बढ़ोतरी हुई है। इसी के साथ अपना भंडार अब बढ़ कर 674.66 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। इससे पहले, बीते 9 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 4.80 बिलियन की कमी हुई थी। उधर अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चार सप्ताह से बढ़ ही रहा है।



### कितना हो गया अपना भंडार

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से से जारी आंकड़ों के मुताबिक 16 अगस्त 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 4.546 बिलियन बढ़ कर 670.11 बिलियन पर पहुंच गया। इससे पहले 9 अगस्त 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना भंडार 4.809 बिलियन घट कर 670.119 बिलियन रह गया था। इससे पहले, दो अगस्त 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना भंडार बढ़ कर रिकार्ड 753 बिलियन तक पहुंच गया था जो कि सर्वकालिक उच्चतम स्तर है।

रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियां में बढ़ोतरी हुई है। बीते 16 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान में 3.609 बिलियन की बढ़ोतरी हुई है। अब अपना एफसीए भंडार बढ़ कर यूएसडी 591.569 बिलियन हो गया है। उल्लेखनीय है कि कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।

### गोल्ड रिजर्व भी बढ़ा

बीते सप्ताह देश का गोल्ड रिजर्व भी बढ़ गया है। 16 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के स्वर्ण भंडार में 865 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। अब अपना सोने का भंडार यूएसडी 60.104 बिलियन का हो गया है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार में भी बढ़ोतरी हुई है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान एसडीआर 60 मिलियन डॉलर बढ़ कर 18.341 बिलियन डॉलर हो गया है।

# 2025 तक गांवों में होंगे 50 करोड़ इंटरनेट यूजर्स; शहरों में 39 करोड़ ग्राहक का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट की पहुंच बढ़ने से देश में डिजिटल साक्षरता तेजी से बढ़ रही है। 2025 तक गांवों में इंटरनेट यूजर्स की संख्या बढ़कर 50.4 करोड़ पहुंचने की उम्मीद है।शहरों में यह 39 करोड़ तक पहुंच सकती है।देश में स्मार्टफोन ग्राहकों की संख्या 2025 तक 100 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है। इससे डिजिटल उद्योग में तेज बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 तक भारत में सभी नए इंटरनेट यूजर्स में से



करीब 56 फीसदी ग्रामीण क्षेत्रों का योगदान होगा। यह डिजिटल परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व होगा, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र नए इंटरनेट यूजर्स का प्रमुख स्रोत बन गए हैं। 2025 तक नए इंटरनेट यूजर्स में 65 फीसदी महिलाओं के होने की उम्मीद है।यह डिजिटल जुड़ाव में लैंगिक समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, गांवों में नएइंटरनेट यूजर्स में 2025 तक 26 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है।शहरों इलाकों में 10 फीसदी की मामूली वृद्धि हो सकती है।

### 80 करोड़ से ज्यादा हैं इंटरनेट यूजर्स

देश में 80 करोड़ इंटरनेट यूजर्स हैं। शहरों के मुकाबले गांवों में इनकी संख्या ज्यादा है। यह विकास देश के डिजिटल तंत्र में ग्रामीण क्षेत्रों के बढ़ते महत्व को रेखांकित करता है। 65 फीसदी इंटरनेट यूजर्स अब एप, वेबसाइट, सोशल मीडिया पोस्ट, मैसेज फॉरवर्ड और यूट्यूब सहित विभिन्न डिजिटल मंचों के जरिये समाचार प्राप्त कर रहे हैं।

# टमाटर की कीमतों में 70% तक की गिरावट, किसानों पर संकट गहराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** थोक बाजार में टमाटर की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। लगभग 20-25 दिन पहले टमाटर का थोक मूल्य 900 से 1000 रुपए प्रति क्रेट (25 किलो) था, जो अब घटकर 250 से 400 रुपए प्रति क्रेट पर आ गया है। इसका मतलब है कि इस अवधि में टमाटर की कीमत में 60 से 70 फीसदी की गिरावट आई है। इस गिरावट का मुख्य कारण टमाटर की नई फसल का बाजार में आना है, जिससे टमाटर की आपूर्ति बढ़ गई है और इसकी कीमतें घट गई हैं। इस स्थिति से सबसे ज्यादा प्रभावित किसान हो रहे हैं, जिन्हें टमाटर की लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है।



इस समय कई राज्यों से टमाटर की नई फसल थोक बाजारों में पहुंच रही है। यह फसल कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र जैसे राज्यों से आ रही है। नई फसल के आने से बाजार में टमाटर की आपूर्ति काफी बढ़ गई है। हालांकि, जिस तेजी से टमाटर की आवक बढ़ी है, उसी अनुपात में इसकी बिक्री नहीं हो रही है, जिसके कारण टमाटर के दाम गिर गए हैं। थोक बाजार में आई इस गिरावट का असर स्थानीय बाजारों में भी देखा जा रहा है। लगभग एक महीने पहले जो टमाटर 100 रुपए प्रति किलो बिक रहा था, अब वह 30 से 50 रुपए प्रति किलो के बीच बिक रहा है। ऐसा अनुमान है कि अन्य राज्यों से भी टमाटर की आवक बढ़ने पर इसकी कीमत में और भी गिरावट आ सकती है।

टमाटर की कीमत गिरने से किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। पहले बारिश के कारण टमाटर की काफी फसल खराब हो गई थी। वहीं अब नई फसल की उन्हें सही कीमत नहीं मिल रही है। किसानों के मुताबिक थोक व्यापारियों पर टमाटर का काफी स्टॉक हो गया है, जिससे कारण वह इसकी अब और खरीदारी नहीं कर रहे हैं। खरीदारी न होने से किसानों को इसे कम कीमत पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसका काफी फायदा बिचौलिए भी उठा रहे हैं। जानकारों के मुताबिक अगले साल मार्च-अप्रैल तक कीमतों में सुधार की कोई संभावना दिखाई नहीं दे रही है।

### सड़क पर फेंकने पड़ रहे टमाटर

टमाटर की कीमतों में भारी गिरावट के कारण किसानों के लिए लागत निकालना मुश्किल हो गया है। पहले टमाटर 30-35 रुपए प्रति किलो बिक रहे थे, जो अब घटकर 18-20 रुपए प्रति किलो हो गए हैं। उत्पादन लागत 20-22 रुपए प्रति किलो होने के कारण किसानों को नुकसान हो रहा है। उचित कीमत न मिलने से किसान टमाटर सड़क पर फेंक रहे हैं और कुछ ने फसल को खेतों में सड़ने के लिए छोड़ दिया है। हाल ही में, तमिलनाडु के किसानों ने टमाटर को सड़क पर फेंककर विरोध प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों का मानना है कि कोल्ड स्टोरेज की सुविधा मिलने से किसानों को बेहतर कीमत मिल सकती है।

# पार्थ जिंदल ने भारत में पैडल खेल के विकास को बढ़ावा देने के लिए पैडल पार्क इंडिया में फंडिंग राउंड का नेतृत्व किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में पैडल के खेल के लिए समर्पित एक व्यापक इकोसिस्टम और मार्केट लीडर, पैडलपार्क इंडिया को आज जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) के संस्थापक श्री पार्थ जिंदल के नेतृत्व में फंडिंग के एक नए दौर से बढ़ावा मिला।



पैडल एक रैकेट खेल है जिसकी जड़ें मेक्सिको में हैं। पिछले कुछ वर्षों में इस खेल ने यूरोप में महत्वपूर्ण रुचि हासिल की है, साथ ही दुनिया भर में इसकी लोकप्रियता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। खेल की तेज वृद्धि को दुनिया भर में कोर्ट की संख्या 2016 में लगभग 10,000 से बढ़कर 2024 में 50,000 से अधिक होने और 2026 तक लगभग 60,000 कोर्ट तक बढ़ने की संभावना से निर्धारित किया जा सकता है। पिछले साल ही दुनिया भर में 2500 से अधिक पैडल क्लब खुले। वैश्विक पैडल उद्योग का मूल्य वर्तमान में 2.2 बिलियन डॉलर से अधिक है, जिसमें 110 देशों में 25 मिलियन से अधिक खिलाड़ी हैं, और 22 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ने का अनुमान है, जो 2026 तक 6.6 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। इस वृद्धि के प्रमुख चालकों में खेलों में बढ़ती रुचि, नई गतिविधियों को आजमाने की अपील, प्रमुख सार्वजनिक हस्तियों द्वारा समर्थन और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की बढ़ती संख्या शामिल हैं। भारत की 23 प्रतिशत आबादी सक्रिय रूप से खेलों में भाग लेती है। 232 मिलियन संभावित पैडल उत्साही लोगों के साथ हमारा देश एक महत्वपूर्ण बाजार अवसर प्रस्तुत करता है।

पैडलपार्क इंडिया में अपने निवेश पर टिप्पणी करते हुए, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स और आईआईएस के संस्थापक पार्थ जिंदल ने कहा, पैडलपार्क देश में पैडल खेल के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहा है, जिसमें आवश्यक बुनियादी ढांचे की स्थापना से लेकर कोच और छात्र शिक्षा कार्यक्रम बनाने और एक मजबूत टूर्नामेंट ढांचा स्थापित करना शामिल है।

# शिखर धवन का क्रिकेट से संन्यास...



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के प्रमुख सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। यह निर्णय उनके क्रिकेट करियर के कई महत्वपूर्ण पहलुओं की समीक्षा के बाद लिया गया है, जिनमें से आईपीएल मैनेजमेंट का निर्णय और टीम इंडिया में उनकी सीमित भूमिका शामिल हैं।

### आखिरी टेस्ट मैच सितंबर 2018 और अंतिम टी-20 मैच 2021

शिखर धवन ने 10 दिसंबर 2022 को बांग्लादेश के खिलाफ अपना अंतिम वनडे मैच खेला था। उनके आखिरी टेस्ट मैच की तारीख सितंबर 2018 और अंतिम टी-20 मैच 2021 में था। इसके अलावा, उनका अंतिम ढ्ढक्चरु मैच 9 अप्रैल 2024 को हैदराबाद के खिलाफ हुआ था। इन तारीखों से यह स्पष्ट है कि धवन को हाल के वर्षों में टीम इंडिया में चयन की प्राथमिकता नहीं मिली।

### आईपीएल करियर में रहा उतार-चढ़ाव

शिखर धवन का आईपीएल करियर हाल के वर्षों में निराशाजनक रहा। 2024 के आईपीएल संस्करण में धवन पंजाब किंग्स का हिस्सा थे, लेकिन उनकी स्थिति टीम में कमजोर हो गई थी। शुरुआती पांच मैचों में धवन को खेलने का मौका मिला, जहां उन्होंने 22, 45, 70, 1 और 14 रन बनाए। हालांकि, इन मैचों के बाद उनकी फॉर्म में गिरावट और टीम के प्रदर्शन में असंतोषजनक परिणामों के चलते उन्हें बेंच पर बिठा दिया गया। पंजाब किंग्स के मैनेजमेंट ने धवन को प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया और टीम की कप्तानी इंग्लिश खिलाड़ी सैम करेन को सौंप दी। धवन की कप्तानी छीनने के साथ-साथ उन्हें प्रमुख मुकाबलों में भी जगह नहीं मिली। इस स्थिति ने उनके आईपीएल करियर को और अधिक चुनौतीपूर्ण बना दिया।

### इन 5 पारियों के कारण बने क्रिकेट जगत के गब्बर

देश के मशहूर क्रिकेटरों में से एक शिखर धवन ने घरेलू और अंतराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों से संन्यास की घोषणा कर दी है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक भावनात्मक बयान में धवन ने अपने पूरे करियर में मिले समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए मशहूर भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने अपने पूरे करियर में कई यादगार पारियां खेली हैं। यहां उनके पांच असाधारण प्रदर्शन हैं-

#### 114 बनाम ऑस्ट्रेलिया (2013) - मोहाली, वनडे

धवन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार 114 रन बनाकर वनडे क्रिकेट में यादगार शुरुआत की। उनकी पारी भारतीय टीम के लिए एक ठोस आधार तैयार करने में महत्वपूर्ण थी और दबाव में प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता का प्रदर्शन किया।

#### 187 बनाम अफगानिस्तान (2018) - बैंगलोर, टेस्ट

अपने पहले टेस्ट मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ धवन की 187 रन की पारी उनकी आक्रामक बल्लेबाजी शैली का शानदार प्रदर्शन थी। उनकी पारी में मुरली विजय के साथ 168 रनों की तेज़ साझेदारी भी शामिल थी, जो टेस्ट क्रिकेट में उनके प्रभुत्व और प्रतिभा का प्रदर्शन थी।

#### 175 बनाम श्रीलंका (2017) - कोलंबो, टेस्ट

धवन ने भारत के श्रीलंका दौरे के दूसरे टेस्ट में 175 रन बनाए। उनकी पारी भारत के लिए एक मजबूत मंच तैयार करने में महत्वपूर्ण थी और यह टेस्ट क्रिकेट में तेजी से रन बनाने की उनकी क्षमता का एक शक्तिशाली प्रदर्शन था।

#### 132 बनाम दक्षिण अफ्रीका (2015) - मेलबर्न, वनडे

2015 विश्व कप के दौरान एक उच्च दबाव वाले मैच में, धवन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 132 रन बनाए। उनकी पारी ने भारत को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचने में मदद की और एक महत्वपूर्ण खेल में यह एक महत्वपूर्ण प्रदर्शन था।

#### 68 बनाम पाकिस्तान (2015) - एडिलेड, वनडे

आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2015 में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में धवन के 68 रन का अहम योगदान था। उनकी पारी से भारत को आसानी से लक्ष्य हासिल करने में मदद मिली।

#### लिस्ट में 248 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी

कम लोग जानते हैं कि शिखर धवन के नाम पर लिस्ट क्रिकेट में 248 रन की पारी खेलने का भी रिकॉर्ड है। धवन ने 2013 में साऊथ अफ्रीका ए के खिलाफ यह पारी खेली थी। धवन ने 150 गेंदों का सामना करते हुए 30 चौके और 7 छक्कों की मदद से 248 रन बनाए थे और टीम को 433 रन तक पहुंचाया था। जवाब में दक्षिण अफ्रीका को 39 रन से हार झेलनी पड़ी थी।

**भारतीय क्रिकेट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा**

धवन का संन्यास एक युग की समाप्ति का प्रतीक है। उनकी लंबी और प्रभावशाली क्रिकेट यात्रा ने उन्हें भारतीय क्रिकेट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना दिया था। हालांकि, हाल की परिस्थितियों और प्रदर्शन के कारण उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। शिखर धवन का करियर युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, और उनके संन्यास के साथ ही क्रिकेट प्रेमियों को उनके शानदार खेल की यादें हमेशा बनी रहेंगी।

## शिखर धवन ने बेटे जोरावर के लिए छोड़ा मैसेज, राजनीति में आने पर कही यह बात



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** शिखर धवन को अक्सर उनकी आक्रामक बल्लेबाजी शैली के लिए 'गब्बर' कहा जाता है। वह एक दशक से अधिक समय से भारतीय टीम में एक प्रमुख व्यक्ति रहे हैं। भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान में आईसीसी टूर्नामेंटों में कई मैच जीतने वाले प्रदर्शन शामिल हैं, जहां वह अक्सर अग्रणी रन-स्कोरर थे। शीर्ष क्रम में उनकी साझेदारी, विशेषकर एकदिवसीय क्रिकेट में कई बार भारत को जीत दिलाई है। अब जब धवन संन्यास ले चुके हैं तो लोग उनकी विरासत उनके बेटे जोरावर में देखने लगे हैं। धवन ने भी अपनी रिटायरमेंट पर बेटे के लिए विशेष मैसेज छोड़ा है। शिखर धवन ने अपने जीवन के काम का सार अपने बेटे के लिए कामना में व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि जोरावर को मेरी सेवानिवृत्ति और मेरी क्रिकेट यात्रा के बारे में सब कुछ पता चल जाएगा। यह केवल बनाए गए रनों या जीते गए मैचों के बारे में नहीं है; यह उन मूल्यों, अनुशासन, जुनून और खेल के प्रति प्रेम के बारे में है जो वह चाहता है कि जोरावर को विरासत में मिले।

शिखर धवन भविष्य में राजनीति के क्षेत्र में आने को लेकर भी उत्सुक हैं। उन्होंने बीते दिनों एक इंटरव्यू में इसको लेकर खुलासे किए थे। धवन ने कहा था कि मेरी दृष्टि सफल होना और धन पैदा करना है, न केवल अपने लिए बल्कि उन सभी के लिए जो मेरे उद्यम में मेरे साथ जुड़े हुए हैं। मैं हर चीज के लिए खुला हूं, चाहे वह व्यवसाय हो, मनोरंजन हो या राजनीति। मैं बस प्रवाह के साथ जाना चाहता हूं। मेरी नई पुष्टि यह है कि मैं ईश्वर का साधन हूं - ईश्वर जो भी मुझसे करवाना चाहता है उसे करने के लिए मैं खुद को समर्पित कर दूंगा। मैं बस इतना जानता हूं कि मैं जो भी करूंगा वह उस स्तर से एक स्तर ऊपर होगा जिस तक मैं पहले ही पहुंच चुका हूं।

धवन ने क्रिकेट कमेंट्री में आने का विकल्प भी रखा है. लेकिन फिलहाल, उसका लक्ष्य ऊंची छलांग लगाना है और असफलता का सामना करने से नहीं डरता। उन्होंने कहा कि वो भी हैज लेकिन मैं पहले से ही अपने उद्यमों के माध्यम से अच्छा रिटर्न कमा रहा हूं लेकिनज बेशक, मेरी विशेषज्ञता के कारण कमेंट्री आदि करने का विकल्प हमेशा मेरे पास रहता है। लेकिन मैं कुछ नया और बड़ा करने का प्रयास करना चाहता हूं। मैं ऊंची छलांग लगाना चाहता हूं और मुझे गिरने का डर नहीं है।

## बुमराह कोहिनूर की तरह, कप्तान न ही बनें तो अच्छा :दिनेश कार्तिक

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा कि तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह राष्ट्रीय टीम के लिए कोहिनूर हीरे की तरह हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें कप्तानी नहीं सौंपनी चाहिए क्योंकि इससे उनके चोटिल होने का खतरा बढ़ जाएगा। बुमराह ने इससे पहले 2022 में एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट के दौरान स्टैंड-इन कप्तान के रूप में भारत का नेतृत्व किया था, जब नियमित कप्तान रोहित शर्मा कोविड-19 संक्रमण के कारण बाहर थे। उन्होंने पिछले साल आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में भारत को 2-0 से जीत दिलाई थी, जहां उन्होंने गंभीर पीठ की चोट के कारण 11 महीने की छुट्टी के बाद वापसी की थी।

बहरहाल कार्तिक ने कहा कि बुमराह शांत स्वभाव के हैं और उनमें अच्छी परिपक्वता है। लेकिन वह एक तेज गेंदबाज है, हम उसे तीनों प्रारूपों में कैसे खिला सकते हैं? चयनकर्ताओं के पास यह सबसे बड़ा सवाल होगा। बुमराह जैसे तेज गेंदबाज के लिए फिटनेस बनाए रखना जरूरी है। उसे एक खिलाड़ी के रूप में संरक्षित करने की जरूरत है। उसे केवल महत्वपूर्ण मैचों में खेलने के लिए बनाया जाना चाहिए।

## बल्लेबाजी में हैरी ब्रूक की निरंतरता उन्हें केविन पीटरसन की तरह बनाती है : नासिर हुसैन



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज हैरी ब्रूक की निरंतरता देखकर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन भी चकित हैं। उन्होंने ब्रूक की इंग्लैंड के लीजेंड प्लेयर केविन पीटरसन से तुलना की है। एक अखबार में लिखे कॉलम में हुसैन ने प्रतिकूल परिस्थितियों या उनके खिलाफ हो सकने वाली स्थिति के बावजूद सहज दिखने की ब्रुक की क्षमता की प्रशंसा की। हुसैन ने लिखा- यह जरूरी नहीं कि केविन पीटरसन या विव रिचर्ड्स जैसा बनने की कोशिश की जाए, बल्कि क्रीज पर हैरी ब्रूक के पास वह वास्तविक आभा है। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं और उनके पास लंबे लीवर के साथ पीटरसन की झलक है, लेकिन बेन स्टोक्स की अनुपस्थिति में, मध्य क्रम में ब्रूक की भूमिका इंग्लैंड के लिए और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। हुसैन ने कहा कि उनके पास बल्लेबाजों की शैली महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें ऐसे खिलाड़ियों की ज़रूरत है जो मुकाबला कर सकें और सकारात्मक इरादे के साथ-साथ शांत और धैर्यवान भी हों। उन्होंने लिखा- यह ओल्ड ट्रैफर्ड पिच वह है जहां अधिकांश बल्लेबाजों ने पूरी तरह से सहज महसूस नहीं किया है और यहीं पर ब्रुक और जेमी स्मिथ दोनों ने इसे कितना आसान बना दिया है।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11


**इंग्लैंड** –डेनियल लॉरेंस, बेन डकेट, ओली पोप (कप्तान), जो रूट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, मैथ्यू पॉट्स, मार्क वुड, शोएब बशीर

**श्रीलंका** –दिमुथ करुणारत्ने, निशान मदुष्का, कुसल मेंडिस, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांडीमल (विकेटकीपर), धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कामिंदु मेंडिस, प्रभात जयसूर्या, असिथा फर्नांडो, विश्व फर्नांडो, मिलन प्रियनाथ रथनायके

### ऐसा रहा है अब तक मुकाबला

श्रीलंका ने पहले खेलते हुए धनंजय डी सिल्वा के 84 गेंदों पर 74 तो मिलन रथनायके के 135 गेंदों पर 72 रन की बदौलत 236 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड को जो रूट और हैरी ब्रूक ने अच्छी स्थिति में पहुंचाया लेकिन लाइमलाइट जेमी स्मिथ ने लूटी। उन्होंने 148 गेंदों पर 111 रन बनाए और टीम का स्कोर 358 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी श्रीलंका ने दूसरी पारी में तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट खोकर 204 रन बना लिए हैं। श्रीलंका के लिए एंजेलो मैथ्यूज और कुमांदु मेंडिस अर्धशतक बनाने में सफल रहे। अभी उनके पास 82 रन की लीड है।

## निकोल्स पूरन ने ठोके लगातार 4 छक्के, विंडीज को जीता पहला टी20



**त्रिनिदाद (एजेंसी)।** त्रिनिदाद के मैदान पर विंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को पहले टी20 मुकाबले में 7 विकेट से हरा दिया। अफ्रीकी टीम को धूल चटाने में सबसे बड़ा रोल विकेटकीपर बल्लेबाज निकोल्स पूरन का रहा जिन्होंने 250 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए और 18वें ओवर में ही अपनी टीम को जीत दिला दी। प्लेयर ऑफ द मैच बने निकोल्स पूरन ने कहा कि मुझे लगा कि अथानाज और होप ने अच्छा खेला। बस गेम सेट करना था। मैंने अपना मैचअप अपने ऊपर ले लिया। जब दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजी कर रहा था तो पहले 10 ओवर मुश्किल थे। लेकिन स्टब्स और क्रूगर ने अच्छा खेला। हम हमेशा से जानते थे कि हमारे पास एक मौका है।

**साऊथ अफ्रीका-174-7 (20 ओवर)** –अफ्रीका की शुरूआत खराब रही। ओपनर रिकेल्टन और हेंड्रिक्स 4-4 रन बनाकर आऊट हो गए। मध्यक्रम में ट्रिस्टन स्टब्स ने पारी को संभाला और 42 गेंदों पर 8 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 76 रन बनाए और स्कोर 147 तक पहुंचा दिया। ट्रिस्टन को पुछल्ले बल्लेबाज पैट्रिक क्रूगर का भी सहयोग मिला जिन्होंने 32 गेंदों पर 44 रन बनाए। विंडीज की ओर से मैथ्यूज फोर्ड ने 27 रन देकर 3 तो शमर जोसेफ ने 40 रन देकर 2 विकेट लीं।

**विंडीज = 176-3 (17.5 ओवर)** – विंडीज ने शाई होप और एलिक अथानाजे की बदौलत शानदार शुरूआत की। अथानाजे ने 30 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 40 रन बनाए और 8 ओवर तक स्कोर 84 तक पहुंचा दिया। इसके बाद निकोल्स पूरन ने एक छोर संभाला और ताबड़तोड़ हिट लगाईं। शाई होप ने जहां 36 गेंदों पर 51 रनों का योगदान दिया तो वहीं, निकोल्स ने 26 गेंदों पर 2 चौके और 7 छक्कों की मदद से 65 रन बनाए और अपनी टीम को जीत दिला दी।

मैच जीतने के बाद विंडीज कप्तान रोवमैन पॉवेल ने कहा कि हमने पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी की। लेकिन उसके बाद हमने उन्हें छोड़ दिया। हम थोड़े रूखे लग रहे थे। एक गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण समूह के रूप में हमें उस पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। अगले विश्व कप के बारे में काफी चर्चा हो रही है। लेकिन उसके लिए अभी काफी समय है। हमें एक समय में एक ही खेल खेलना होगा। हमें वर्तमान में रहना होगा।

वहीं, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने कहा कि आज गेंद अच्छी तरह से बल्ले पर आ रही थी। संभवत- हम 10-15 रन कम रह गए। उन्होंने शानदार गेंदबाजी की। शीर्ष पर बल्लेबाजी चुनौतीपूर्ण थी। पिच चिपचिपी थी लेकिन बाद में यह बेहतर हो गई। उनकी शुरुआत भी शानदार थी। मफ़ाका बहुत छोटा है उसकी गति कच्ची है। वह दक्षिण अफ्रीका के लिए प्रतिस्पर्धा करने और मैच जीतने के लिए यहां आए हैं।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**वेस्टइंडीज** –शाई होप, एलिक अथानाज़े, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), रोस्टन चेज, रोवमैन पॉवेल (कप्तान), शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, अकील होसेन, गुडाकेश मोती, मैथ्यू फोर्ड, शमर जोसेफ

**दक्षिण अफ्रीका** – रीजा हेंड्रिक्स, रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), एडेन मार्कराम (कप्तान), रासी वैन डेर डुसेन, ट्रिस्टन स्टब्स, डोनोवन फरेरा, पैट्रिक क्रूगर, ब्योर्न फोर्टुइन, ओटनील बार्टमैन, नंद्रे बर्गर, क्वेना मफाका

## इंग्लैंड-श्रीलंका टेस्ट देखने पहुंचा बेन स्टोक्स का हमशक्ल, कप्तान ने यूं दिखाया थम्सअप

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** मैनचेस्टर में चल रहे इंग्लैंड बनाम श्रीलंका के पहले टेस्ट में बेन स्टोक्स के हमशक्ल ने खूब चर्चा बटोरी। स्टोक्स चोटिल हैं ऐसे में टेस्ट के दौरान इंग्लैंड क्रिकेट टीम की कप्तानी ओली पोप कर रहे हैं। टेस्ट के तीसरे दिन प्रशंसकों को स्टोक्स का हमशक्ल स्टैंड में देखने को मिला। उक्त हमशक्ल को देखकर फैंस भी खूब हैरान थे। वहीं, स्टैंड में ही बैठे बेन स्टोक्स द्वारा अपने हमशक्ल को किया इशारा भी दर्शकों का ध्यान खींचने में सफल रहा।



स्टोक्स जैसा दिखने वाला यह खिलाड़ी पहली बार पिछले महीने नॉटिंघम में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच दूसरे टेस्ट के दौरान भी सुर्खियों में आया था। शुक्रवार को इंग्लैंड बनाम श्रीलंका पहले टेस्ट में वह आया, कैमरे की नजर उसपर पड़ गई। उक्त फैंस ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम की टेस्ट जर्सी पहनी हुई थी। उसने अपनी टेस्ट जर्सी दिखाई जिसप नंबर 55 और स्टोक्सी लिखा था। इसके बाद चारों ओर खुशी और मुस्कुराहट छा गई।

**श्रीलंका पहली पारी-236/10** – श्रीलंका ने धनंजय डी सिल्वा के 84 गेंदों पर 74 तो मिलन रथनायके के 135 गेंदों पर 72 रन की बदौलत 236 रन बनाए। श्रीलंका के लिए मधुशंका, करुणारत्ने, एंजेलो मैथ्यूज, चांडीमल बड़ा स्कोर नहीं बना पाए।

**इंगलैंड पहली पारी-358/10** – जवाब में इंग्लैंड को जो रूट और हैरी ब्रूक ने अच्छी स्थिति में पहुंचाया लेकिन लाइमलाइट जेमी स्मिथ ने लूटी। उन्होंने 148 गेंदों पर 111 रन बनाए और टी मका स्कोर 358 तक पहुंचा दिया।

## मैं अपनी तकनीक में अधिक परिपक्व हूं; पैरालंपिक सिर्फ एक और प्रतियोगिता : अवनी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महज 11 साल की उम्र में कार दुर्घटना के कारण कमर के नीचे का अंग लकवाग्रस्त होने के बाद व्हीलचेयर की मदद से चलने वाली पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता अवनी लेखरा अपने माता-पिता की शुक्रगुजार हैं जिनकी सलाह पर उन्होंने निशानेबाजी में हाथ आजमाना शुरू किया। अवनी तीन साल पहले तोक्यो पैरालंपिक में एसएच1 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतने के बाद देश की सबसे अधिक सुर्खियां बटोरने वाली पैरा खिलाड़ी बनी थी। उन्होंने तोक्यो पैरालंपिक में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण और 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कांस्य पदक जीता था। पैरालंपिक निशानेबाजी स्पर्धा में देश की पहली स्वर्ण पदक विजेता 22 साल की यह निशानेबाज अब पेरिस खेलों में अपने कारनामों को दोहराने के लिए तैयार है। उन्होंने कार दुर्घटना की भीषण आघात से उबरने में मदद के लिए अपने परिवार का शुक्रिया किया।

### कंट्रोवर्सी पर बोले केएल राहुल-

## मैं तो कभी स्कूल से निलंबित नहीं हुआ था



**मुंबई (एजेंसी)।** केएल राहुल तब बड़े विवाद में फंस गए थे जब हार्दिक पांड्या के साथ साल 2019 में करण जौहर द्वारा आयोजित टॉक शो 'कॉफ़ी विद करण' में विवादित टिप्पणी होने के कारण उन्हें टीम इंडिया से बाहर होना पड़ा था। हार्दिक ने इस दौरान इंटरव्यू में महिलाओं पर तीखा कमेंट किया था जिसके कारण भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। तब टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर थी। राहुल और पांड्या दोनों को निलंबन के कारण समय से पहले भारत लौटना पड़ा था।

बहरहाल, राहुल ने लंबे समय के बाद इस मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि इंटरव्यू में एक अलग दुनिया थी। इसने मुझे बदल दिया। मुझे पूरी तरह से बदल दिया। मैं बड़ा होने पर बहुत ही मृदुभाषी व्यक्ति था। फिर मैंने भारत के लिए खेला और बहुत आश्वस्त हो गया। लोगों को पता चल जाएगा कि 100 लोगों के कमरे में कोई और भी था। अब मैं ऐसा नहीं करता क्योंकि उस साक्षात्कार ने मुझे टीम से निलंबित कर दिया था। मुझे स्कूल में कभी भी निलंबित नहीं किया गया, मुझे नहीं पता कि इसे कैसे संभालना है।


राहुल ने एक पॉडकास्ट के दौरान कहा कि कैसे ट्रोलिंग ने उन्हें प्रभावित करना शुरू कर दिया है। राहुल ने कहा कि तब वह छोटे थे और अपने करियर पर ध्यान दे रहे थे। पॉडकास्ट में मेजबान ने राहुल से पूछा कि क्या कॉफी विद करण में उनकी उपस्थिति को लेकर हुआ विवाद एक योगदान कारक था। राहुल ने यह कहते हुए जवाब दिया कि हालांकि वह विशेष रूप से उस घटना का जिक्र नहीं कर रहे थे, लेकिन विवाद के नतीजों का उन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### हमेशा से मेरे दिल में जन्माष्टमी की खास जगह : अक्षय खरोड़िया

**मुंबई, एजेंसी।** कलर्स के कलाकारों ने बताया कि वे भगवान कृष्ण का जन्मदिन कैसे मनाते हैं। कलर्स के 'सुहागन' में वेदांत की भूमिका निभा रहे अक्षय खरोड़िया कहते हैं, हमेशा से मेरे दिल में जन्माष्टमी की खास जगह रही है। इससे मेरे बचपन की यादें ताज़ा हो जाती हैं, जब मैं और मेरे दोस्त हमारी सोसायटी में भगवान कृष्ण की मूर्ति लाते थे, और पूरी सोसायटी साथ मिलकर पूजा करती थी। मैं अभी भी मानव पिरामिड में सबसे ऊपर चढ़ने और हांडी फोड़ने के उत्साह को महसूस कर सकता हूं। अब, हमारे सेलिब्रेशन ज़्यादा घनिष्ठ हो गए हैं - घर पर एक छोटी सी पूजा और सेट पर मेरे सुहागन परिवार के साथ एक विशेष उत्सव। इसके बाद भी, इस त्योहार की खुशी और भावना अभी भी वैसी ही है। मेरी कामना है कि इस खूबसूरत दिन पर आप सभी को भगवान कृष्ण का आशीर्वाद मिले। वह आपके जीवन को शांति और समृद्धि से भर दें। हैप्पी जन्माष्टमी ! कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में अदित की भूमिका निभा रहे नमन शॉ कहते हैं, मेरे गृह नगर, कोलकाता में मेरे परिवार में एक परंपरा है जहां इस शुभ दिन पर बुजुर्ग आधी रात तक उपवास करते हैं, महा आरती करते हैं और भगवान कृष्ण की मूर्ति को झूला झुलाते हैं। मुंबई में, मैंने पूजा करने के लिए अपने परिवार के साथ यहां इस्कॉन मंदिर जाने की परंपरा को जारी रखा है। इस साल, मैं मंगल लक्ष्मी के सेट पर जन्माष्टमी मनाने के लिए उत्साहित हूं, क्योंकि उस दिन हमारी शूटिंग का शेड्यूल रहेगा।

### वृंदावन में सोम-चन्द्रिका' पोशाक धारण करेंगे राधा-कृष्ण



**वृंदावन, एजेंसी।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि में अजन्मे का जन्मोत्सव 26 अगस्त को भव्य रूप से मनाया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा और सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने बताया कि ठाकुरजी के श्रृंगार, पोशाक, मंदिर की साज-सज्जा एवं व्यवस्थाएं नयनाभिराम होंगी। कंस के कारागार के रूप में प्रसिद्ध श्रीगर्भ-गृह एवं कृष्ण चबूतरा की साज-सज्जा भक्तों को द्वापरकालीन कंस के कारागार की अनुभूति कराये, ऐसी तैयारियां चल रही हैं। कारीगरों द्वारा कृष्ण चबूतरा एवं गर्भगृह को कारागार के रूप में सजाया जा रहा है।

भगवान केशवदेव, श्रीगर्भगृह, राधा कृष्ण एवं योगमाया के श्रीविग्रह के लिए जरदोजी का कार्य, रेशम, जरी, रत्न-प्रतिकृति आदि के साथ सिल्क के वस्त्रत् पर किया जा रहा है। ठाकुरजी दिव्य मुकुट धारण करेंगे, भगवती योगमाया स्वर्ण मुकुट धारण कर दर्शन देंगी। राधा कृष्ण 'सोम-चन्द्रिका' पोशाक धारण करेंगे। नवरत्न जड़ित स्वर्ण कण्ठा भी ठाकुरजी को धारण कराया जायेगा। ठाकुरजी की पोशाक को 25अगस्त की शाम 6:00 बजे शोभायात्रा निकाल कर अर्पित की जाएगी।

### राजस्थान भाजपा में कलह, राजेंद्र राठौड़ समर्थकों ने खोला मोर्चा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ के समर्थकों ने प्रदेश प्रभारी राधा मोहन अग्रवाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एक साथ 12000 से ज्यादा लोगों ने राठौर नहीं तो बीजेपी नहीं हैशटैग के साथ पोस्ट किया तो यह संदेश दिन भर ट्रेंडिंग पर बना रहा। हालात यह थे कि देर रात होते ही खुद राजेंद्र राठौड़ को सफाई भी देनी पड़ी और समर्थकों के इस विरोध पर पार्टी से माफी मांगी। दरअसल, दो दिन पहले भाजपा की सदस्यता अभियान को लेकर जयपुर में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला छोड़कर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ बीच में ही बाहर चले गए। राठौड़ के इस तरह से बीच कार्यशाला से चले जाने पर प्रदेश प्रभारी ज्यादा मोहनदास अग्रवाल ने कड़ी आपत्ति जताई और इसे संगठन की अनुशासनहीनता मानते हुए प्रदेश अध्यक्ष से रिपोर्ट मांगी।

# सपा-कांग्रेस का चाल, चरित्र व चेहरा हमेशा एससी एसटी विरोधी रहा : मायावती



**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस और सपा पर फिर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सपा व कांग्रेस का चाल, चरित्र व चेहरा हमेशा एससी एसटी विरोधी रहा है। बसपा प्रमुख मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि सपा व कांग्रेस आदि ये एससी एसटी आरक्षण के समर्थन में तो अपने स्वार्थ व मजबूरी में बोलते हैं, किन्तु मा. सुप्रीम कोर्ट के दिनांक 1 अगस्त 2024 के निर्णय में एससी एसटी आरक्षण के वर्गीकरण व क्रीमी लेयर को लेकर अभी तक चुप्पी साधे हैं जो उनकी यह आरक्षण विरोधी सोच है। ऐसे में सजग रहना जरूरी।

उन्होंने आगे कहा कि सपा व कांग्रेस आदि का चाल, चरित्र व चेहरा हमेशा एससी एसटी विरोधी रहा है, जिस क्रम में भारत बंद को सक्रिय समर्थन नहीं देना भी यह साबित करता है। वैसे भी आरक्षण सम्बंधी इनके बयानों से यह स्पष्ट नहीं है कि ये कोर्ट के फैसले के पक्ष में हैं या विरोध में। ऐसी भ्रम की स्थिति क्यों?

बसपा प्रमुख ने कहा कि अब सपा, कांग्रेस व अन्य पार्टियां आदि आरक्षण के विरुद्ध फिर से अन्दर-अन्दर एक लगती हैं, तो फिर ऐसे में केवल एससी-एसटी ही नहीं, बल्कि अन्य ओबीसी को भी अपने आरक्षण व संविधान की रक्षा तथा जातीय जनगणना की लड़ाई अपने ही बल पर बड़ी समझदारी से लड़नी है।

इसके पहले मायावती ने कहा कि एससी/एसटी आरक्षण में वर्गीकरण व क्रीमीलेयर का नया नियम लागू करने के माननीय सुप्रीम कोर्ट के दिनांक 1 अगस्त 2024 के निर्णय के विरुद्ध जन अपेक्षा के अनुसार पुरानी व्यवस्था बहाल रखने के लिए केन्द्र द्वारा अभी तक भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाना अति दुःखद व चिंताजनक है।

उन्होंने आगे लिखा था कि इसको लेकर 21 अगस्त के भारत बंद के बावजूद अगर केंद्र इसमें जरूरी सुधार के लिए गंभीर नहीं तो यह सोचने वाली बात है। पहले मा. कोर्ट में लचर पैरवी और अब इसको लेकर संविधान संशोधन बिल नहीं लाने से साबित है कि बीजेपी का एससी/एसटी आरक्षण विरोधी रवैया पूर्व की तीव्रता के साथ बरकरार है।

## ला-दारचा मेले में महकी प्राकृतिक एवं पारंपरिक उत्पादों की खुशबू

**काजा, एजेंसी।** पर्यटन एवं धार्मिक स्थल काजा में आयोजित ला-दारचा मेले में जाइका वानिकी परियोजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार प्राकृतिक उत्पादों की खुशबू महकने लगी। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए जाइका वानिकी परियोजना के तीन स्टाल लगाए गए। जिसमें स्पीति की पारंपरिक गर्म वस्त्र, छरमा की चाय, छरमा का जूस, गलीचा, सूखे सेब समेत अन्य प्राकृतिक उत्पाद प्रमुख हैं। यहां पहुंचे सैलानियों से लेकर स्थानीय लोगों के लिए प्राकृतिक उत्पाद उनकी पहली पसंद बन गई। मेले के पहले दिन लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के स्टाल पर पहुंची, जहां पर उन्होंने उत्पादों की जमकर तारीफ की। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए जाइका वानिकी परियोजना के प्रयासों की सराहना की।

अनुराधा राणा ने निकलम स्वयं सहायता समूह डंखर द्वारा तैयार किए पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया।



जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े निकलम स्वयं सहायता समूह डंखर, यातो जोम्सा सवयं सहायता समूह देमुल, किथलिंग स्वयं सहायता समूह क्यूलिंग, जोम्सा स्वयं सहायता समूह क्यूलिंग और सेमथुन स्वयं सहायता समूह लंगजा द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पादों की अच्छी ब्रिकी हो रही है। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी वण्य प्राणी स्पीति मंदार उमेश जेवरे, सहायक अरण्यपाल चमन लाल ठाकुर, वन रक्षक कमल किशोर, विषय वस्तु विशेषज्ञ आशुतोष पाठक, क्षेत्रीय तकनीकी इकाई समन्वयक ताबो छोड़न बोद्ध, क्षेत्रीय तकनीकी इकाई समन्वयक काजा मीनाक्षी बोद्ध समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बिहार में रिकॉर्ड तोड़ महंगाई

### बेरोजगारी, गरीबी और अपराध के लिए कौन है जिम्मेदार : तेजस्वी यादव



**पटना, एजेंसी।** बिहार में विपक्ष के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने राज्य मे बढ़ते अपराध को लेकर नीतीश कुमार की सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, बिहार में व्याप्त इस रिकॉर्ड तोड़ महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, अपराध के जिम्मेदार कौन है? तेजस्वी यादव ने शनिवार को महंगाई, बेरोजगारी और अपराध को लेकर डबल इंजन की सरकार पर सवाल उठाए। पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा- महंगाई के मामले में देश भर में बिहार सबसे टॉप पर हैं। देश में सबसे अधिक गरीबी, बेरोजगारी और अपराध बिहार में है।

उन्होंने आगे कहा, नीति आयोग के सतत विकास सूचकांक में सबसे नीचे बिहार है तथा आमदनी गरीबी उन्मूलन में सबसे नीचे बिहार है। शून्य भूखमरी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और लैंगिक समानता में भी सबसे पीछे बिहार है।

उन्होंने सवाल पूछा कि आखिर इसका जिम्मेदार कौन है। 15 वर्षों से अधिक बिहार में एनडीए की सरकार है और 10 वर्षों से केंद्र में इनकी डबल इंजन की सरकार है। हमारे बीच के 17 महीनों के सेवाकाल में ही नौकरी-रोजगार, शिक्षा-स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में रिकॉर्ड तोड़ नियुक्तियां एवं अप्रत्याशित विकास कार्य हुए। तेजस्वी यादव ने आगे सवालिया लहजे में कहा कि लगभग दो दशक बाद भी आखिर कब तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा दूसरों के ऊपर दोष मढ़ अपनी जिम्मेदारी से भागते रहेंगे। आखिर देश में सबसे अधिक बिहार में व्याप्त इस रिकॉर्ड तोड़ महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, अपराध के जिम्मेदार कौन है? उन्होंने सवाल किया कि आखिर कब तक नीतीश कुमार अपनी सत्तालोलुप्ता, स्वार्थपूर्ति व अनैतिक असैद्धांतिक पलटा-पलटी का शिकार बिहार को बनाते रहेंगे?

## महाराष्ट्र सीएम पद के लिए शरद पवार की ना, कहा- मुझे कोई दिलचस्पी नहीं

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र चुनाव को लेकर दोनों गठबंधनों में सुगबुगाहट तेज हो गई है। एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार ने मुख्यमंत्री पद के दावेदार बनने को लेकर कहा है कि उनकी इस पद में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी को मुख्यमंत्री पद से ज्यादा महायुति गठबंधन को हराने पर ध्यान देना चाहिए। दरअसल, मुख्यमंत्री पद का सवाल तब सामने आया जब पवार के गठबंधन सहयोगी शिवसेना और कांग्रेस ने कहा कि महा विकास अघाड़ी को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपने मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार पेश करना चाहिए। इस पर पवार ने कहा कि मेरी पार्टी कोई इस पद में दिलचस्पी नहीं रखता। पहले हमें सत्ता में आना होगा उसके बाद हम यह तय कर लेंगे। पवार ने अपनी पार्टी के लिए बोलते हुए कहा कि हम किसी को मुख्यमंत्री पद के लिए पेश नहीं कर रहे हैं और हमें इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले ही मुख्यमंत्री पद के लिए किसी को आगे करने का कोई मुद्दा अभी नहीं है।

**सीटों के बंटवारे को लेकर हुई बैठक, लेकिन अभी तय नहीं:** आगामी विधान सभा चुनाव के लिए गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर शरद पवार ने कहा कि तीनों पार्टियों ने मिलकर सीट बंटवारे पर एक राय बनाने के लिए बैठक की थी लेकिन बदलापुर की घटना के बाद बैठक का एजेंडा बदल गया। हम 27 अगस्त को फिर से मिलेंगे और चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे पर काम करेंगे। मुझे उम्मीद है कि उस दिन सीट बंटवारे को लेकर सभी समस्याएं सुलझ जाएंगी, जिससे उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के लिए अधिक समय मिल सके।पवार ने कहा कि मुझे लगता है कि लेफ्ट पार्टियों को भी इस चुनाव में महाविकास अघाड़ी में शामिल होना चाहिए, जिससे हमें सत्ता में बैठे महायुति गठबंधन को उखाड़ फेंकने में मदद मिले।

**विपक्षी नेता शामिल होना चाहते हैं लेकिन अभी उन पर कोई फैसला नहीं:** एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी नेता लगातार उनसे मिल रहे हैं और उनसे अपनी तरफ मिलाने के लिए कह रहे हैं लेकिन अभी उन्हें पार्टी में शामिल करने को लेकर कोई विचार नहीं किया गया है।

## अमित शाह के सवालों का सही समय पर देंगे जवाब : तारिक हमीद कर्रा

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने कहा है कि भाजपा नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सवालों का सही समय पर सही जवाब दिया जाएगा।

गौरतलब है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ कांग्रेस के चुनावी गठबंधन पर अमित शाह ने कांग्रेस से 10 सवाल पूछे थे। तारिक हमीद कर्रा ने शुक्रवार को अपनी पार्टी की बैठक के बारे में बताया कि इसमें पहले चरण में होने वाले 24 सीटों के बारे में चर्चा की गई और पार्टी का टिकट मांगने वाले दावेदारों के नामों पर मंथन किया गया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी जल्द ही अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करेगी। इसके बाद अगले चरण के लिए उम्मीदवारों के नामों पर विचार किया जाएगा। अनुच्छेद 370 के संबंध में नेशनल कॉन्फ्रेंस के रुख पर कांग्रेस पार्टी का विचार पूछे जाने पर पीसीसी अध्यक्ष कर्रा ने कहा किसही समय आने पर पार्टी अपने विचार को प्रकट करेगी। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस का अपना एजेंडा है, जबकि नशनल कॉन्फ़्रेन्स का अपना अलग एजेंडा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा की नीतियां जन विरोधी हैं, इसलिए हमने इन नीतियों का विरोध करने वाले समान विचारधारा के दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। कांग्रेस पार्टी भाजपा की जन विरोधी नीतियों का विरोध करती रहेगी।

## राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से पीछे हटे स्वतंत्र उम्मीदवार रॉबर्ट कैनेडी, अब ट्रंप का समर्थन करेंगे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति पद के स्वतंत्र उम्मीदवार रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर ने शुक्रवार को अपनी दावेदारी वापस ले ली। अब वह राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करेंगे। उनके अभियान ने संकेत दिया कि उन्हें डर है कि राष्ट्रपति पद की दौड़ में बने रहने से पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से समर्थन छीन लिया जाएगा, जो पांच नवंबर के चुनाव से पहले डेमोक्रेटिक उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा में हैं। कैनेडी ने कहा कि वे चुनाव मैदान में बने रहकर डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस की मदद नहीं करना चाहते।

कैनेडी ने इस सप्ताह के अंत में दो राज्यों एरिजोना और पेंसिल्वेनिया में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के लिए कदम उठाए। कैनेडी ने कहा कि



पिछले कुछ हफ्तों में डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत के बाद यह कदम उठाया गया है। आरएफके जूनियर ने एक संबोधन में कहा, मैं अपना अभियान स्थगित कर रहा हूं। मुझे अब विश्वास नहीं है कि मेरे पास चुनावी जीत का कोई यथार्थवादी रास्ता है। मैं अपने कर्मचारियों और स्वयंसेवकों से उनके लंबे समय तक काम करते रहने या अपने दानदाताओं से दान देते रहने के लिए नहीं कह सकता, जब मैं उन्हें ईमानदारी से यह नहीं बता सकता कि मेरे पास व्हाइट हाउस तक पहुंचने का कोई वास्तविक रास्ता है।

पर्यावरण वकील, वैक्सीन-विरोधी कार्यकर्ता और एक प्रमुख डेमोक्रेटिक परिवार के सदस्य कैनेडी ने सुझाव दिया कि राष्ट्रपति पद की दौड़ में उनकी निरंतर उपस्थिति पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए समर्थन को विभाजित कर सकती है, जो पांच नवंबर के चुनाव के करीब आने पर डेमोक्रेटिक उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ करीबी मुकाबले में हैं। उन्होंने अप्रैल 2023 में राष्ट्रपति जो बाइडन को चुनौती देने के लिए राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में प्रवेश किया था। इसके बाद उन्होंने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला किया था।

## अचानक जमीन ढहने से गहरे गड्ढे में गिरी भारतीय महिला, अभी तक कोई अता-पता नहीं



**कुआलालंपुर, एजेंसी।** मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में एक भारतीय महिला शुक्रवार को अचानक जमीन ढह जाने से बने गड्ढे में गिर गई। पुलिस ने बताया कि जमीन के नीचे बह रहे पानी में महिला के बह जाने की आशंका है। स्थानीय पुलिस प्रमुख सुलिज्मी अफेंडी सुलेमान ने बताया कि यह हादसा मलेशिया की राजधानी के डांग वांगी क्षेत्र में हुआ है। उन्होंने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि जब महिला रास्ते से गुजर रही थी तो अचानक जमीन का एक हिस्सा ढह गया जिससे 26 फुट गहरा गड्ढा हो गया और वह उसमें गिर गई। उन्होंने बताया कि महिला भारत से मलेशिया घूमने के लिए आई थी और उसकी उम्र 48 वर्ष है।

सुलेमान ने बताया कि बचावकर्मियों ने घटनास्थल के चारों ओर नाकेबंदी कर दी और गड्ढे से मलबा हटाने के लिए उत्खनन मशीन का इस्तेमाल किया गया, लेकिन महिला का अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। जब सुलेमान से महिला की स्थिति या घटना के कारण के बारे में पूछा गया तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। कुआलालंपुर के पुलिस प्रमुख रुस्दी मोहम्मद ईसा ने कहा कि जमीन के नीचे पानी का बहाव तेज था, इसलिए ऐसी आशंका है कि महिला बह गई होगी। उन्होंने बताया कि महिला अपने पति और कई मित्रों के साथ लगभग दो महीने पहले छुट्टियां मनाने मलेशिया आई थी और वे शनिवार को घर लौटने वाले थे।

## संक्रमित के संपर्क में आने से तेजी से फैल रहा नया एमपॉक्स वैरिएंट

**जेनेवा एजेंसी।** एमपॉक्स कांगो में तेजी से फैलने के बाद अपने पड़ोसी देशों में भी फैल गया और फिर इसके बाद अफ्रीका से निकलकर पहली बार यूरोप और पाकिस्तान में भी मामले दर्ज किए गए। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दो साल में दूसरी बार एमपॉक्स को वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। वहीं, अब एमपॉक्स के नए वैरिएंट का पता चला है।

**अफ्रीका के बाहर कई देशों में फैला:** एमपॉक्स वायरस के एक नए रूप, क्लैड आईबी ने वैश्विक चिंता पैदा कर दी है क्योंकि यह तेजी से फैल रहा है और इसके स्ट्रेन के बारे में बहुत कम जानकारी है। नया वैरिएंट रोगी के निकट संपर्क में आने से तेजी से फैलता है। नया स्ट्रेन अफ्रीका के बाहर कई देशों में फैल गया है।

निम्नलिखित वे देश हैं जिन्होंने क्लैड आईबी एमपीओएक्स के मामले दर्ज किए हैं...

**कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य:** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में एमपीओएक्स के दो प्रकार फैल रहे हैं - स्थानिक क्लैड I और नया क्लैड आईबी, जो यौन संपर्क सहित निकट संपर्क के माध्यम से अधिक आसानी से फैलता है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार, देश ने पिछले दो हफ्तों में एमपॉक्स के 38 मामलों की पुष्टि की है।



**स्वीडन:** वैश्विक स्वास्थ्य अधिकारियों ने 15 अगस्त को स्वीडन में एमपॉक्स वायरस के एक नए स्ट्रेन से संक्रमण की पुष्टि की, जो अफ्रीकी महाद्वीप के बाहर इसके फैलने का पहला संकेत है। स्वीडिश स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह व्यक्ति अफ्रीका में हाल के प्रकोप में शामिल क्लैड आईबी प्रकार के एमपॉक्स से संक्रमित हुआ था। व्यक्ति का इलाज चल रहा है।

**थाईलैंड:** थाईलैंड के एक रोग नियंत्रण अधिकारी ने 22 अगस्त को कहा कि थाईलैंड में रिपोर्ट किए गए एक एमपॉक्स मामले की पुष्टि वायरस के क्लैड आईबी स्ट्रेन से हुई है, जो देश में पहला है। मामला पहली बार 21 अगस्त को सामने आया था और थाईलैंड ने कहा था कि यह 66 वर्षीय यूरोपीय व्यक्ति था जो अफ्रीकी देश से आया था।

**बुरूंडी:** 18 अगस्त तक, बुरुंडी में क्लैड आईबी एमपीओक्स के 153 मामले हैं और कोई मौत नहीं हुई है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले दो हफ्तों में क्लैड आईबी एमपीओएक्स के 113 मामले सामने आए हैं।

**केन्या:** 29 जुलाई को, केन्या के स्वास्थ्य मंत्रालय ने क्लैड आईबी एमपॉक्स के एक मामले की पुष्टि की, जो देश में एमपॉक्स का पहला मामला था। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के मुताबिक, आठ अगस्त तक कोई मौत नहीं हुई।

**रवांडा:** डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार, 7 अगस्त तक, देश में चार पुष्ट क्लैड आईबी एमपीओक्स मामले और शून्य मौतें दर्ज की गई थीं।

**युगांडा:** डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार, 18 अगस्त तक, युगांडा ने क्लैड आईबी एमपीओएक्स के तीन मामलों की पहचान की है, जिनमें कोई मौत नहीं हुई है। ये मामले देश में पहचाने गए पहले पुष्ट एमपॉक्स मामलों में से हैं।

## रूस में कमांडो ने चार आतंकियों को मारकर जेल संकट किया खत्म

**मास्को एजेंसी।** रूस में शुक्रवार को आठ सुरक्षाकर्मियों और चार बंदियों को बंधक बनाकर बंदी आतंकियों ने जेल पर आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आइएस) का शासन घोषित कर दिया। इससे कई घंटे तक जेल के आसपास अफरातफरी मची रही।

अंततः रूस के नेशनल गार्ड के निशानेबाजों ने बंधक बनाने वाले चार आतंकियों को मारकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूस की राजधानी मास्को से करीब 860 किलोमीटर दूर सुरोवकिनो की जेल में शुक्रवार प्रातः अचानक धारदार हथियारों से सुरक्षाकर्मियों पर हमले शुरू हो गए। इन हमलों में घायल हुए चार सुरक्षाकर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

**जेल में बंद कुछ कैदियों ने धारदार हथियारों से किया हमला:** बताया गया है कि जेल में बंद कुछ कैदियों ने धारदार हथियारों और हथौड़ों का इंतजाम कर लिया था। इसके बाद उन्होंने मौका देखकर सुरक्षाकर्मियों पर हमला बोला और उनमें से चार को बुरी तरह से घायल कर दिया। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों के हथियारों पर कब्जा कर उन्होंने बाकी सुरक्षाकर्मियों को बंधक बना लिया और जेल पर नियंत्रण स्थापित कर लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129